सूर्योदय 6.15AM सूर्यास्त 5.45PM
चंद्रोदय 01.56PM चंद्रास्त 01.29PM
कार्तिक-1 शुक्ल-9
सूर्य राशि : तुला सूर्य राशिः मकर
तिथि : नवमी 05:45AM * दशमी आरंभ
नक्षत्रः श्रवण 05:14PM * धनिष्ठा आरंभ
योगः शूल 06:52AM
करण : बालव 06:54AM * कौलव 05:45PM

वर्ष : 5 अंक: 33 मूल्य : 4 रू.

RNI No. -DELHIN/2019/78266

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org

# मदरलैण्ड वॉइस


सोमवार, 23 अक्टूबर 2023

राष्ट्र प्रेमियों का दैनिक समाचार पत्र

दिल्ली से प्रकाशित एवं जयपुर, लुधियाना, चंडीगढ़, पटना, रायपुर, देहरादून, शिमला में प्रसारित


## केंद्र सरकार ने लंबित फैसले लेकर अगली पीढ़ी का बोझ कम किया : मोदी

### पीएम ने ग्वालियर में सिंधिया स्कूल के 125वें स्थापना समारोह को किया संबोधित



ग्वालियर, एजेंसी। देश के पीएम नरेंद्र मोदी ने आज ग्वालियर में सिंधिया स्कूल के 125वें स्थापना समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने दशकों से लंबित फैसले लेकर अगली पीढ़ी का बोझ कम किया है। पीएम मोदी मप्र के ग्वालियर में सिंधिया स्कूल के 125वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, ज्योतिरादित्य सिंधिया और जितेंद्र सिंह भी उपस्थित रहे। समारोह को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि व्यक्ति के जीवन में शॉर्टकट भले तात्कालिक लाभ पहुंचा दे, पर लांग टर्म सोच ही अंत में लाभ पहुंचाती है। उन्होंने कहा कि 2014 में जब देश ने उन्हें प्रधानमंत्री का दायित्व दिया तो उनके सामने दो विकल्प थे। या तो सिर्फ तात्कालिक लाभ के लिए काम करें या लांग टर्म एप्रोच को अपनाएं। पीएम ने कहा कि उन्होंने तय किया कि अलग-अलग समयसीमा रख कर उनके लिए काम करेंगे। सरकार ने 10 साल की अवधि में कई अभूतपूर्व फैसले किए और लंबित फैसलों से मुक्त किया। देश में पिछले 60 साल से कश्मीर में धारा 370 को हटाने की मांग थी। उसे सरकार ने हटाया।

पिछले 40 साल से पूर्व फौजियों को वन रैंक वन पेंशन देने की मांग थी, उसे भी किया गया। 40 साल से जीएसटी की मांग थी, ये भी किया। दशकों से मुस्लिम महिलाएं तीन तलाक के खिलाफ कानून की मांग कर रहीं थीं, वो भी मौजूदा सरकार ने बनाया। कुछ सप्ताह पहले लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं के आरक्षण का कानून बनाया। पीएम मोदी ने कहा कि कामों की इतनी लंबी फेहरिस्त है कि पूरी रात बीत जाएगी। उन्होंने कहा कि अगर सरकार ये फैसले नहीं लेती तो इसका बोझ आने वाली पीढ़ी पर होता। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाली पीढ़ी का बोझ सरकार ने हल्का कर दिया है।

सरकार की कोशिश यही है कि युवा पीढ़ी के लिए देश में सकारात्मक माहौल रहे, जिसमें उनके लिए अवसरों की कमी ना हो। मोदी ने कहा कि उनका दो वजहों से ग्वालियर से विशेष नाता है। एक तो वे काशी के सांसद हैं और काशी की सेवा करने में सिंधिया परिवार की बड़ी भूमिका रही है। सिंधिया परिवार ने गंगा किनारे कई घाट बनवाए हैं और बीएचयू की स्थापना में आर्थिक मदद की। दूसरी वजह ये है कि केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया गुजरात के दामाद हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल का हर छात्र संकल्प ले कि भारत को विकसित बनाने में हरसंभव योगदान देंगे। उन्होंने स्कूल के कुछ पुराने छात्रों जिन में राज्यमंत्री जितेंद्र सिंह, गायक नितिन मुकेश और फिल्म अभिनेता सलमान खान का भी संदर्भ दिया।

## राजनयिकों की वापसी पर अमेरिका और ब्रिटेन कनाडा का कर रहे समर्थन



नई दिल्ली, एजेंसी। इन दिनों राजनयिकों की वापसी का मुद्दा गरमाया हुआ है, इस पर अमेरिका और ब्रिटेन कनाडा का समर्थन करते नजर आ रहे हैं। बता दें कि कनाडा के भारत से अपने 41 डिप्लोमैट्स को वापस बुलाने की घोषणा के बाद ब्रिटेन और अमेरिका भी इस विवाद में कूद पड़े हैं। दोनों देशों की भावना कनाडा के तर्कों का समर्थन करती दिख रही हैं। यही वजह है कि दोनों ही देश भारत से कह रहे हैं कि वह वियेना कन्वेंशन के नियमों को माने। साथ ही उनका ये भी मानना है कि भारत डिप्लोमैट्स की मौजूदगी को कम करने पर जोर न दे। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने एक प्रेस नोट जारी कर कहा कि हम कनाडा के डिप्लोमैट्स के भारत छोड़ने से चिंतित हैं। अमेरिका की ओर से कहा गया कि समस्याओं के समाधान के लिए डिप्लोमैट्स का ग्राउंड पर रहना जरूरी है। साथ ही अमेरिका ने कनाडा की ओर से भारत को अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या से जुड़ी जांच में सहयोग देने के लिए भी कहा गया है।

सबसे बड़ी बात तो यह है कि अमेरिका ने भारत को वियेना कन्वेंशन के नियमों को मानने की नसीहत भी दी है। अमेरिका भारत से उम्मीद करता है कि वह 1961 के वियेना कन्वेंशन के तहत अपने दायित्वों को निभाएगा, जिसमें कनाडा के मिशन सदस्यों की राजनयिक प्रतिरक्षा और सुविधाओं के लिए सम्मान शामिल है। इस मसले पर ब्रिटेन की ओर से भी तीखी प्रतिक्रिया आई है। ब्रिटेन के फॉरेन, कॉमनवेल्थ एंड डिवेलपमेंट ऑफिस के प्रवक्ता ने कहा कि हम भारत की ओर से लिए गए उस फैसले से सहमत नहीं है जिसकी वजह से कनाडा के डिप्लोमैट्स को बड़ी तादाद में भारत छोड़ना पड़ा। ब्रिटेन के बयान में वियेना कन्वेंशन को मानने की बात कही गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### द ाद

**आतंकी फंडिंग पर कनाडा को घेरने की तैयारी**

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत ने कनाडा के खिलाफ सख्त रुख अख्तियार करते हुए आतंकी फंडिंग मामले में घेरने का इशारा किया है। भारत अब आतंकी फंडिंग अभियानों के खिलाफ ओटावा की निष्क्रियता पर एफएटीएफ यानी वित्तीय कार्रवाई कार्य बल के समक्ष ले जाने का रास्ता तलाश रहा है। इस संबंध में विश्वसनीय और पुख्ता सबूत साझा करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में यह योजना आगे बढ़ाई है। भारत ने अब पेरिस स्थित वॉचडॉग के साथ पुराने और नए सबूतों का एक डोजियर साझा करने का मन बना लिया है। सूत्रों के हवाले से कहा जा रहा है कि कनाडा के साथ राजनयिक संख्याबल का मामला उतना अहम नहीं है, जितना कि कनाडा की धरती पर खालिस्तानियों की फंडिंग और बचाव का मामला है। विदेश मंत्रालय प्रवक्ता अरिंदम बागची के हालिया बयान में कहा गया, कि नई दिल्ली और ओटावा के बीच संबंधों में भारत की प्रमुख चिंता और प्राथमिकता को उजागर करते हुए राजनयिकों, सुरक्षा और जांच एजेंसी अधिकारियों से कहा गया कि एफएटीएफ के साथ साझा करने के लिए प्रासंगिक साक्ष्य एकत्र किये जाएं। कनाडा अपनी धरती पर खुलेआम चल रहे खालिस्तानी गतिविधियों के मुख्य मुद्दे से ध्यान हटाने की कोशिश में लगा हुआ है। ऐसे में भारत के पास प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की निष्क्रियता के बारे में एफएटीएफ को रिपोर्ट करने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं बचा है। इसलिए, भारत कनाडा से होने वाले आतंकी फंडिंग और वित्तपोषण के सबूत इकट्ठा कर एफएटीएफ के सामने पेश करने की योजना पर विचार कर रहा है।

**इसरो का प्लान- 2025 तक महिलाएं स्पेस में जाएंगी**

श्रीहरिकोटा, एजेंसी। इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन 2025 तक महिलाओं को स्पेस में भेजने की प्लानिंग कर रहा है। एजेंसी चीफ एस सोमनाथ ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा- हम देश के अंतरिक्ष मानव मिशन में महिला फाइटर जेट पायलट या साइंटिस्ट को भेजना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि 2025 तक हम इंसानों को अंतरिक्ष में भेजने वाला मिशन लॉन्च कर देंगे। हालांकि यह सिर्फ 3 दिन का होगा। हम अगले साल भेजे जाने वाले मानव रहित गगनयान मिशन में एक फीमेल ह्यूमनॉइड (रोबोट जो मानव जैसा दिखता है) भी भेज रहे हैं। सोमनाथ ने आगे कहा कि एक ऑपरेशनल स्पेस स्टेशन बनाने की भी तैयारी है। हमारी कोशिश है कि हम 2035 तक इसे लॉन्च कर दें। गौरतलब है कि ने 21 अक्टूबर को गगनयान मिशन के क्रू एस्केप सिस्टम की सक्सेसफुल टेस्टिंग की थी। श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से इसे लॉन्च किया गया था। इसे टेस्ट व्हीकल अबॉर्ट मिशन-1 नाम दिया गया था। ये मिशन 8.8 मिनट का था। इस मिशन में 17 यद्व ऊपर जाने के बाद सतीश धवन स्पेस सेंटर से 10 यद्व दूर बंगाल की खाड़ी में क्रू मॉड्यूल को उतारा गया। रॉकेट में गड़बड़ी होने पर अंदर मौजूद एस्ट्रोनॉट को पृथ्वी पर सुरक्षित लाने वाले सिस्टम की टेस्टिंग की गई थी।

### धुंआ-धुंआ दिल्ली...घुंट रहा दम

## पूरे हफ्ते बेहद खराब श्रेणी में रहेगी दिल्ली की हवा

नई दिल्ली, एजेंसी। राजधानी में रविवार को हवा खराब श्रेणी से निकलकर बेहद खराब श्रेणी में पहुंच गई है। वायु गुणवत्ता बीते छह वर्ष में 22 अक्तूबर के दिन सबसे प्रदूषित रहा। जहां दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 313 दर्ज किया गया। यह बेहद खराब श्रेणी है। सुबह से ही स्मॉग देखने को मिला, जोकि धूप निकलने के बावजूद भी नहीं हटा। वहीं, 28 इलाकों में हवा बेहद खराब दर्ज की गई, तो नौ इलाकों में हवा खराब रही। शनिवार के मुकाबले के वायु सूचकांक में 55 अंक की वृद्धि देखी गई। सर्वाधिक वायु सूचकांक नेहरू नगर में दर्ज किया गया और सबसे कम सूचकांक डीटीयू का रहा। वहीं, एनसीआर में ग्रेटर नोएडा में हवा सबसे खराब रही। दिल्ली की हवा समग्र रूप से हवा बेहद खराब दर्ज की गई। कमोबेश यही स्थिति पूरे सप्ताह बनी रहने का अनुमान है। विशेषज्ञों के अनुसार हवा की दिशा व गति बदलने से स्मॉग छा रहा है। वहीं, पराली का धुआं अब और परेशान करेगा। बता दें दिल्ली में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) का दूसरा चरण लागू है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक रविवार को यानि 22 अक्तूबर के दिन हवा छह वर्ष बाद बेहद खराब श्रेणी में दर्ज की गई। जहां रविवार को दिल्ली का एक्यूआई 313 दर्ज किया गया। इससे पहले वर्ष 2017 में 329 किया गया था दर्ज, जोकि बेहद खराब श्रेणी में था। वहीं, वर्ष 2022 में 22 अक्तूबर को एक्यूआई 265 दर्ज किया गया था। इसी तरह वर्ष 2021 में 170, 2020 में 296, 2019 में 207, 2018 में 272 एक्यूआई दर्ज किया गया था।

सप्ताह भर हवा रहेगी खराब श्रेणी में

सतह पर चलने वाली हवा के तकरीबन शांत पडने से सुबह ज्यादातर इलाकों में स्मॉग की घनी चादर पसरी रही। इससे प्रदूषक कण दिल्ली के वातावरण में टिक गए। इनका दूर-दूर तक फैलना संभव नहीं हो सका। भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) के मुताबिक रविवार को हवा उत्तर-पूर्वी दिशा की ओर से चली। इस दौरान हवा की गति चार से 12 किलोमीटर प्रतिघंटे से रही। सोमवार को हवा उत्तर-पूर्वी दिशा से चलने का अनुमान है। हवा की गति चार से आठ किलोमीटर प्रतिघंटे से चलेगी। वहीं, सुबह के समय धुंध छाए रहने का भी अनुमान है। इस दौरान हवा बेहद खराब श्रेणी में रहने का अनुमान है। वहीं, मंगलवार को भी हवा उत्तर-पूर्वी दिशा की ओर से चलेगी। हवा की चाल चार से आठ किलोमीटर प्रतिघंटे रहने का अनुमान है। सफर इंडिया के मुताबिक शनिवार को दिल्ली में पीएम 2.5 की मात्रा लगभग 128 दर्ज की गई, जोकि खराब श्रेणी में है।

## भाजपा ने वसुंधरा को किया खुश, राजस्थान में उनके खेमे के 10 विधायकों को दिया टिकट

जयपुर, एजेंसी। इस बार टिकिट बंटवारे में भाजपा ने वसुंधरा राजे खेमें के 10 विधायकों को टिकिट देकर खुश कर दिया। हालांकि राजस्थान की सड़कों पर 41 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए भाजपा के उम्मीदवारों की पहली सूची जारी होने के बाद विरोध प्रदर्शन चल रहा है, इस बीच पार्टी ने शनिवार को 83 उम्मीदवारों के साथ दूसरी सूची जारी कर दी है। इस बार भाजपा ने वसुंधरा राजे को टिकट दिया है। वह पांचवीं बार झालरापाटन से चुनाव लड़ेंगी। वहीं नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ की सीट बदल दी गई है। उन्हें चुरू की बजाय तारानगर से टिकट दिया गया है। वे पहले भी तारानगर से चुनाव लड़ चुके हैं। वहीं, कुछ दिन पहले भाजपा में शामिल हुए उदयपुर के पूर्व राजपरिवार के सदस्य विश्वराज सिंह मेवाड़ को नाथद्वारा से टिकट दिया गया है। उनका मुकाबला विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी से होगा। इस बीच भाजपा ने दूसरी सूची में आठ विधायकों के टिकट काट दिए हैं। इनमें सूरसागर से सूर्यकांत व्यास, सांगानेर से अशोक लाहोटी, चित्तौड़गढ़ से चंद्रभान सिंह आक्या, सूरजगढ़ से सुभाष पूनिया, नागौर से मोहन राम चौधरी, मकराना से रूपाराम, बड़ी सादड़ी से ललित कुमार ओस्तवाल और घाटोल से हरेंद्र निनामा शामिल हैं।



बता दें कि वसुंधरा राजे गुट से जिन 10 विधायकों को पार्टी का टिकट मिला है, उनमें मालवीय नगर से कालीचरण सराफ, छबड़ा से प्रताप सिंह सिंघवी, संगरिया से गुरदीप सिंह शाहपिनी, निंबाहेड़ा से श्रीचंद कृपलानी, नौहर से अभिषेक मटोरिया, डग से कालूलाल मेघवाल, खानपुर से नरेंद्र नागर, मनोहरथाना से गोविंद रानीपुरिया, नीमकाथाना से प्रेम सिंह और बगरू से कैलाश चंद वर्मा शामिल हैं। जयपुर की विद्याधर नगर सीट से विधायक नरपत सिंह राजवी को अब चित्तौड़गढ़ से टिकट मिला है। पहली सूची में भाजपा ने उनका टिकट काट दिया और राजसमंद सांसद दीया कुमारी को विद्याधर नगर से टिकट दिया। राजवी के मौजूदा विधायक चंद्रभान सिंह आक्या का टिकट काट दिया है, इस फैसले का विरोध भी हुआ है। चंद्रभान ने एक्स पर लिखा कि चित्तौड़गढ़ विधानसभा क्षेत्र मेरा परिवार है और परिवार का उज्ज्वल भविष्य मेरी एकमात्र चिंता है।

## भारत में ऐसे मुद्दों पर कभी झगड़ा नहीं हुआ: भागवत



नागपुर, एजेंसी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने इजराइल और हमास के बीच रहे रहे युद्ध को लेकर बड़ी बात कही है। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म सभी संप्रदायों का सम्मान करता है और भारत में कभी भी उन मुद्दों पर झगड़े नहीं हुए, जिनकी वजह से आज हमास-इजरायल के बीच युद्ध हो रहा है। मोहन भागवत, छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक के 350 वर्ष पूरे होने के अवसर पर नागपुर के एक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मोहन भागवत ने कहा, ह्यइस देश में एक धर्म, संस्कृति ऐसी है, जो सभी संप्रदायों और आस्थाओं का सम्मान करती है। वह है हिंदू धर्म. यह हिंदुओं का देश है। इसका मतलब यह नहीं है कि हम अन्य सभी (धर्मों) को अस्वीकार करते हैं। यहां जब आप हिंदू कहते हैं तो यह बताने की जरूरत नहीं होती कि मुसलमानों को भी सुरक्षा दी गई है। केवल हिंदू ही ऐसा करते हैं। केवल भारत ही ऐसा करता है। दूसरे देशों में ऐसा नहीं होता' उन्होंने कहा, 'सभी जगह संघर्ष हो रहे हैं।

## भारत आज रक्षा क्षेत्र में अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी से सुसज्जित है: मंत्री जितेंद्र सिंह




नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ.जितेंद्र सिंह ने कहा कि भारत आज रक्षा क्षेत्र में अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी से सुसज्जित है। उन्होंने कहा, अतीत के विपरीत, हमारे सशस्त्र बल ड्रोन, हेलिबोर्न ऑपरेशन और यूएवी सहित उन्नत हथियारों से सुसज्जित हैं और क्वांटम कंप्यूटिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और साइबर सुरक्षा जैसी नई सीमाओं के लिए तैयार हैं। डॉ. जितेंद्र सिंह नई दिल्ली में यूनाइटेड सर्विस इंस्टीट्यूशन ऑफ इंडिया (यूएसआई) द्वारा आयोजित भारतीय सैन्य विरासत समारोह को संबोधित कर रहे थे। डॉ. सिंह ने कहा, भारत नई नवोन्मेषी प्रौद्योगिकियों को अपनाने में अग्रणी देशों के समकक्ष है, जिनमें रक्षा परिदृश्य को बदलने की क्षमता है। यह न केवल देश की राष्ट्रीय सुरक्षा को बढ़ाती है बल्कि भारत को रक्षा क्षेत्र में वैश्विक प्रौद्योगिकी के अग्रणी देश के रूप में भी स्थापित करती है। उन्होंने कहा, यह अतीत की बात है जब हमारी सेनाएं पुराने अस्त्रों का उपयोग करती थीं। हम विश्व के उन सात विशिष्ट देशों में से हैं जो क्वांटम प्रौद्योगिकी का उपयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा, इस दृष्टिकोण के साथ, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस वर्ष मार्च में राष्ट्रीय क्वांटम मिशन शुरू किया। मंत्री ने कहा, पुणे के आईआईएसईआर में स्थापित आई-हब क्वांटम, क्वांटम टेक्नोलॉजीज के क्षेत्र में काम कर रहा है और परमाणु इंटरफेरोमेट्री-आधारित सेंसिंग और नेविगेशन उपकरण विकसित कर रहा है.

## कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने पीएम मोदी को लिखी चिट्ठी

### ब्यूरोक्रेसी और आर्म्ड फोर्सेज को राजनीति से रखें दूर

नई दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चिी लिखकर कहा कि नौकरशाही और हमारे सशस्त्र बलों के राजनीतिकरण को बढ़ावा देने वाले आदेशों को तुरंत वापस लिया जाना चाहिए. खडगे ने आरोप लगाया कि सरकार की सभी एजेंसियां, संस्थान, हथियार, सेना और विभाग अब मोदी सरकार के आधिकारिक तौर पर प्रचारक बन गए हैं.

मल्लिकार्जुन खडगे ने पीएम मोदी को लिखी चिट्ठी में कहा कि भारत सरकार के संयुक्त सचिव, निदेशक और उप सचिव जैसी उच्च रैंक के अधिकारियों को बीते 9 साल की मोदी सरकार की उपलब्धियों को बताने के लिए देश के सभी 765 जिलों में रथ प्रभारियों के रूप में तैनात किया जाना है. यह कई कारणों से चिंता का विषय है. खडगे ने आरोप लगाया कि यह केंद्रीय सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1964 का स्पष्ट उल्लंघन है, जो निर्देश देता है कि कोई भी सराकरी कर्मचारी किसी भी राजनीतिक गतिविधि में भाग नहीं लेगा. जबकि सरकारी अधिकारियों के लिए जानकारी का प्रसार करना स्वीकार्य है. उन्हें जश्न मनाने और उपलब्धियों का प्रदर्शन करने के लिए सत्तारूढ़ दल के राजनीतिक कार्यकताओं में बदल दिया जाता है. यह तथ्य कि केवल 9 साल की उपलब्धियों पर विचार किया जा रहा है. ऐसा दिखाता है कि पांच राज्यों के चुनावों और 2024 के आम चुनावों के लिए एक पारदर्शी राजनीतिक व्यवस्था है. कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि अगर सरकार की मार्केटिंग गतिविधियों के लिए विभागों के सीनियर अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की जाती है तो हमारे देश का शासन अगले छह महीनों तक रुक जाएगा.

सैनिकों को सैनिक राजूदत न बनाया जाए

इसके अलावा खडगे ने रक्षा मंत्रालय के 9 अक्टूबर, के एक आदेश का हवाला देते हुए कहा, सैनिकों को वार्षिक छुट्टी पर सरकारी योजनाओं को बढ़ावा देने में समय बताने का निर्देश दिया गया था, उन्हें सैनिक राजदूत बनाया गया था. सेना प्रशिक्षण कमान, जिसे राष्ट्र की रक्षा के लिए हमारे जवानों को तैयार करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, वो सरकारी योजनाओं को बढ़ावा देने के लिए स्क्रिप्ट और प्रशिक्षण नियमावली तैयार करने में व्यस्त है.

सशत्र बलों को राजनीति से बाहर रखा जाए

पीएम मोदी को लिखी अपनी चिट्ठी में खडगे ने कहा, लोकतंत्र में यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि सशस्त्र बलों को राजनीति से बाहर रखा जाए. प्रत्येक जवान की निष्ठा राष्ट्र और संविधान के प्रति है. हमारे सैनिकों को सरकारी योजनाओं के मार्केटिंग एजेंट बनने के लिए मजबूर करना सशस्त्र बलों के राजनीतिकरण की दिशा में एक खतरनाक कदम है. इसके अलावा हमारे राष्ट्र की कई महीनों या वर्षों की कठिन सेवा के बाद हमारे जवान अपने वार्षिक अवकाश पर पूर्ण स्वंत्रता के हकदार हैं. अपने परिवारों के साथ समय बिताने और निरंतर सेवा के लिए ऊर्जा बहाल करने के लिए राजनीतिक उद्देश्यों के लिए उनकी छुट्टी का अपहरण नहीं किया जाना चाहिए. कांग्रेस अध्यक्ष ने पीएम मोदी से अपील की है कि सिविल सेवकों और सैनिकों दोनों सरकारी तंत्रों को विशेष रूप से चुनाव से पहले के महीनों में राजनीति से बहर रखा जाए. विपक्ष के नेता ने आरोप लगाया कि ईडी, आईटी विभाग और सीबीआई पहले से ही भाजपा के चुनाव विभागों के रूप में काम कर रही हैं. उन्होंने कहा कि ऊपर लिखे आदेशों के जरिए पूरे सरकारी तंत्र को सत्तारूढ़ दल के एजेंट के रूप में काम कराने की चाल है. खडगे ने पीएम मोदी से मांग की है कि हमारे लोकतंत्र और हमारे संविधान की रक्षा को देखते हुए यह अनिवार्य है कि इन आदेशों को तुरंत वापस लिया जाए।

## मणिपुर के बॉर्डर एरिया में फोर्स बढ़ाई गई

**कुकी समुदाय का दावा- इससे शांति भंग हो सकती है; इंटरनेट बैन अब 26 अक्टूबर तक**

इम्फाल, एजेंसी। मणिपुर के सीमावर्ती इलाकों में पुलिस कमांडो की संख्या बढ़ा दी गई है। इसके खिलाफ म्यांमार की सीमा से लगे मोरे शहर में आदिवासी महिलाओं का एक वर्ग बीते 3 दिनों से विरोध प्रदर्शन कर रहा है।

कुकी इंपी और कमेटी ऑन ट्राइबल यूनिटी जैसे आदिवासी संगठनों ने दावा किया कि शहर में इंफाल घाटी से ज्यादा पुलिसकर्मियों को तैनात किया जा रहा है। इससे शांति भंग हो सकती है।

वहीं, राज्य में हो रही हिंसा की घटनाओं को लेकर इंटरनेट पर बैन 26 अक्टूबर तक बढ़ा दिया गया है।

कुकी संगठन का दावा- रात को हेलिकॉप्टर से मैतेई पुलिस की तैनाती की जा रही

कुकी इंपी संगठन का दावा है कि शहर के बफर जोन में पैरामिलिट्री फोर्स और इंडियन आर्मी के जवान काफी संख्या में तैनात हैं। इसके बावजूद कुकी बहुल शहर टेंग्नौपाल जिले के मोरेह में रात को हेलिकॉप्टर से अतिरिक्त मैतेई पुलिस की तैनाती की जा रही है।

उन्होंने यह भी दावा किया कि इम्फाल पूर्वी जिले में हाल के अभियानों में हथियारों और गोला-बारूद की बरामदगी कुकी समुदाय को बदनाम करने के लिए की गई है। इसलिए भी हम प्रदर्शन कर रहे हैं। वहीं, सैन्य अधिकारियों का कहना है कि असम राइफल्स के एक कमांडेंट और अन्य सुरक्षा अधिकारियों ने पिछले कुछ दिनों में प्रदर्शनकारियों के साथ कई बार बातचीत की, लेकिन इसका अभी तक समाधान नहीं हुआ। तीन दिन पहले मणिपुर हाईकोर्ट ने राज्य के आदिवासी संगठनों को 27 मार्च के आदेश के खिलाफ अपील दायर करने की अनुमति दी थी। आदेश में राज्य सरकार को निर्देश दिया गया था कि वह मैतेई समुदाय को स्त्र दर्जा देने के लिए सिफारिश भेजे। जस्टिस अहनथेम बिमोल और जस्टिस गुणेश्वर शर्मा की बेंच ने कहा था याचिकाकर्ता की मुख्य शिकायत यह है कि अगर उन्हें मैतेई समुदाय को स्त्र दर्जा देने के मामले में अपनी बात कहने या आपत्ति उठाने का मौका नहीं दिया गया तो इसका विपरीत असर पड़ेगा।





# हमारे देश के वैज्ञानिकों वैज्ञानिकों ने भारतीय गौरव और सांस्कृतिक परंपराओं को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दी : प्रो. एस के सिंह कुलपति

## राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा प्रो.एस.एन. बोस राज्य स्तरीय स्मृति कार्यक्रम आयोजित

» **विजय गौड़ ब्यूरो चीफ**

विज्ञान भारती राजस्थान द्वारा भारत की स्वतंत्रता के 75वें वर्ष के उपलक्ष्य में ह्लभारत के स्वतंत्रता संग्राम में वैज्ञानिकों और वैज्ञानिक संस्थानों का योगदान: प्रो. एस.एन. बोसह्न नामक एक दिवसीय कार्यक्रम राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय (आरटीयू) के संरक्षण में 21 अक्टूबर, 2023 को जयपुर के कूकस में आर्या कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड आईटी में संपन्न हुआ। विश्वविद्यालय के सहायक जनसंपर्क अधिकारी विक्रम राठौड़ ने बताया कि इस कार्यक्रम के आयोजन में राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय (आरटीयू) - कोटा, बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय (बीटीयू) -बीकानेर, राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूआर) और श्री करण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय- जोबनेर का महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। यह कार्यक्रम भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव श्रृंखला के अंतर्गत प्रायोजित था। इस भव्य आयोजन में सीरी -पिलानी, एनआईटीटीटीआर-चंडीगढ़, आईसीएआर-डीआरएमआर-भरतपुर, एनआईए-जयपुर और एमएनआईटी-जयपुर जैसे संस्थानों ने ज्ञान सहयोगी की भूमिका निभाई। प्रथम सत्र का उद्घाटन दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ शुरू हुआ। डॉ. मेघेंद्र शर्मा और इंजी. अनुराग अग्रवाल द्वारा सभी अतिथियों का साफा और शाल द्वारा स्वागत किया गया। आर्या कालेज के छात्र और छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के सम्पूर्ण परिचय का दायित्व विज्ञान भारती राजस्थान के सचिव डॉ. मेघेन्द्र शर्मा जी द्वारा संपन्न हुआ। *कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एआईसीटीई के अध्यक्ष प्रोफेसर टी.जी. सीताराम ने अपने उद्बोधन में कहा कि महिला शक्ति का विज्ञान और प्रौद्योगिकी में योगदान पर बल दिया और विज्ञान के विविध क्षेत्रों में भारत के विकास को रेखांकित किया। प्रत्येक क्षेत्र में अर्टिफिकैल इंटेलिजेंस की बढ़ती प्रगति पर भी उन्होंने ध्यान आकर्षित किया। कुलपति प्रो. एस के सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि * हमारे देश के वैज्ञानिकों वैज्ञानिको ने भारतीय गौरव और सांस्कृतिक परंपराओं को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दी हैं और प्राचीन विज्ञान परम्परा को फिर पुनः स्थपित किया हैं। आज के परिदृश्य में तकनीकी शिक्षा के विद्यार्थियों को भारत की महान वैज्ञानिक विरासत और सांस्कृतिक समृद्धि से जोड़ने कि



आवश्यकता है। प्रो. बोस की जीवन यात्रा को उजागर करने के लिए, विज्ञान भारती ने वैज्ञानिक समुदाय के साथ-साथ आम लोगों के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए साझेदार संस्थानों के साथ पहल की है जो कि सराहनीय है। इस आयोजन से भारतीय संस्कृति, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण का व्यापक प्रचार-प्रसार होगा। यह कार्यक्रम कॉलेज और स्कूल के शिक्षकों के लिए विज्ञान शिक्षा को समृद्ध करेगा। प्रो एसएन बोस के जीवन और कार्य का सम्मान देने का यह सेवा प्रकल्प विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति के प्रति जोड़ने में सहायक सिद्ध होगा। आर्य कॉलेज में संपन्न इस कार्यक्रम में प्रतिष्ठित शैक्षणिक हस्तियों, वैज्ञानिक समुदाय और सरकारी निकायों के प्रतिनिधियों सहित उल्लेखनीय हस्तियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पूर्व महानिदेशक मौसम विज्ञान, भारत सरकार डॉ. एल.एस. राठौड, विज्ञान भारती के राष्ट्रीय सचिव प्रवीण रामदास, बीटीयू के कुलपति प्रोफेसर अंबरीश एस विद्यार्थी, एसकेएनएयू - जाबनेर के कुलपति प्रोफेसर बलराज सिंह, एनआईए के कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा, राजस्थान यूनिवर्सिटी की कुलपति प्रोफेसर अल्पना कटेजा, और जेएनयू के पूर्व कुलपति प्रोफेसर पी.सी. त्रिवेदी ने कार्यक्रम के महत्व पर बल दिया। साथ ही उन्होंने भारत के इतिहास में विज्ञान और स्वतंत्रता के विषय पर अपने अपने विचार रखे, जिससे देश की आजादी के ऐतिहासिक संघर्ष और वैज्ञानिकों द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका की जन मानस में गहरी समझ विकसित की जा सके। यह कार्यक्रम प्रतिभागियों के लिए विशेषज्ञों के साथ जुड़ने, सीखने और प्रोफेसर एस.एन. बोस की जीवन से प्रेरणा लेने का एक अनूठा अवसर साबित हुआ। इस कार्यक्रम में प्रतिष्ठित व्यक्तियों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए, लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया, इनमे डॉ. एल.एस. राठौड़ (पूर्व महानिदेशक, आईएमडी), डॉ. आर.एस. परोदा (पूर्व महानिदेशक, आईसीएआर, भारत सरकार), और डॉ. एन.के. जोशी (पूर्व वरिष्ठ वैज्ञानिक, बीएआरसी मुंबई), शिक्षाविद श्रीमती लता रावत कैंब्रिज कोर्ट स्कूल ग्रुप, प्रो ऋषि सिंघल ल्ह्नऊ फिजिक्स ,राजस्थान विश्वविद्यालय शामिल थे। इसके अलावा देश के कई प्रतिष्ठित लोगों को भी इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मानित किया गया। डॉ. एस. डी. पुरोहित जनसंपर्क अधिकारी राजस्थान टेक्निकल यूनिवर्सिटी ने ब्यूरो चीफ विजय गौड़ को बताया कि कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण भारत के प्रख्यात वैज्ञानिकों और वैज्ञानिक संस्थानों पर आधारित प्रदर्शनियाँ थी। इसके अलावा स्कूल और कॉलेज के छात्रों द्वारा परियोजनाएं और नवाचार मॉडल का प्रदर्शन भी किया गया। देश के प्रतिष्ठित संस्थानों जैसे सीएसआईआर-सीईईआरआई-पिलानी, कृषि विज्ञान केंद्र, आईसीएआर-डीआरएमआर-भरतपुर ने भी अपने कार्यो को आम जन तक पहुंचने के लिए प्रदर्शनियाँ लगायी थी। इन प्रदर्शनियों का आनंद आगंतुकों ने पूरे दिन लिया। आगंतुक छात्रों और छात्राओं को श्री एन.पी. राजीव, उपाध्यक्ष, एनआईएफ, और डॉ. बी. लाल गुप्ता द्वारा आयोजित एक विशेष सत्र देखने का भी अवसर मिला। सर्वाधिक आकर्षण विज्ञान शिक्षक सशक्तिकरण बैठक का था, जिसमे स्कूल और कॉलेज के शिक्षकों को नई शिक्षा नीति, स्टार्टअप और विज्ञान एवं इंजीनियरिंग के छात्रों को शिक्षित करने के लिए विभिन्न शैक्षिक तरीको की जानकारी प्रदान गयी। छात्रों को डॉ. आर.एस. परोदा, डॉ. एन.के. जोशी, डॉ. पी.सी. पंचारिया, प्रो. बी. आर. गुर्जर, प्रो. बी.एल. स्वामी, और डॉ. ए. लेनिन फ्रेड जैसे कई प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों और शिक्षकों के साथ जुड़ने का एक अनूठा अवसर भी प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संचालन विज्ञान भारती के वरिष्ठ सदस्यों शैलेश जैन, अंजु एवम शंकर बाबू जी ने किया। सभी प्रतियोगिताओं का मूल्यांकन कर विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### एयरलाइंस की फर्जी टिकट बुक करके ठगी करने के मामले में 01 आरोपी काबू



मदरलैंड संवाददाता, गुरुग्राम। महिला ने पुलिस थाना साईबर पश्चिम, गुरुग्राम में एक लिखित शिकायत के माध्यम से बतलाया कि अपने आप को सिद्धिविनायक ट्रैवल प्राइवेट लिमिटेड, दिल्ली का प्रतिनिधि बताने वाले वाले एक व्यक्ति ने कनाडा जाने के लिए एयर कनाडा की फर्जी टिकट भेज कर इसके साथ 94500 रुपए की ठगी कर ली। इस शिकायत पर थाना साईबर अपराध पश्चिम, गुरुग्राम में संबंधित धाराओं के तहत अभियोग अंकित किया गया। पुलिस थाना साईबर अपराध पश्चिम, गुरुग्राम की पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए उपरोक्त अभियोग में फर्जी टिकट बुक करके रुपए ठगने की वारदात को अंजाम देने में संलिप्त रहे एक आरोपी को आज दिनांक 22.10.2023 को पालम विहार, गुरुग्राम से काबू किया। आरोपी की पहचान *विनोद कुमार निवासी गांव बाकलपुर जिला एटा (उत्तर प्रदेश)* के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में ज्ञात हुआ कि इसने (आरोपी) पैसों के लालच में कर्नाटक बैंक शाखा रोहिणी सैक्टर-9, दिल्ली में अपना एक बैंक खाता खुलवाकर बैंक खाते की डिटेल्स व अपने नाम एक्टिव कराए गए 02 सिम अपने अन्य साथियों को उपलब्ध कराए थे, जिनका प्रयोग करके इसके साथियों ने उपरोक्त अभियोग की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस टीम द्वारा अभियोग में नियमानुसार आगामी कार्यवाही की जा रही है।

### एनजीटी ने दिल्ली की हवा की बिगड़ती गुणवत्ता पर जारी किया नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने राष्ट्रीय राजधानी में हवा की बिगड़ती गुणवत्ता पर नोटिस जारी कर दिया है और दिल्ली के मुख्य सचिव, केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) से कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है। एक अधिकारी ने कहा कि एनजीटी ने दिल्ली में बिगड़ती वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) और ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) के उल्लंघन को उजागर करने वाली मीडिया रिपोर्टों को ध्यान में रखते हुए स्वतः संज्ञान कार्यवाही शुरू की। अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव और विशेषज्ञ सदस्य ए. सेंथिल वेल की अध्यक्षता वाली पीठ ने अधिकारियों द्वारा उठाए गए कदमों के बावजूद दिल्ली में वायु प्रदूषण की जारी समस्या पर चिंता जताई। हरित पैनल ने कहा कि वायु प्रदूषण के कारण दिल्ली के निवासियों को विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। एनजीटी ने दिल्ली के मुख्य सचिव, दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) के सदस्य सचिव, दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के आयुक्त, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) और केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के सदस्य सचिव सहित प्रमुख अधिकारियों को नोटिस जारी किया। इन अधिकारियों को जीआरएपी के अनुसार दिल्ली में विभिन्न स्त्रोतों से वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के उपायों का विवरण देते हुए कार्यवाही की रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है।

# शिक्षकों और प्राचार्यो को माता जीजाबाई शिक्षक सम्मान से सम्मानित

एन डी एम सी कन्वेंशन सेंटर में विश्वरूप एजुकेशन ने दिल्ली अध्यापक परिषद् के सहयोग से दिल्ली के विभिन्न विद्यालयों के के शिक्षकों को *मां जीजाबाई शिक्षक सम्मान 2023* से उन सामाजिक विज्ञान शिक्षकों और इतिहास तथा राजनीतिक विज्ञान शिक्षकों को जिनके सीबीएसई बोर्ड के 10वीं 12वीं बोर्ड का रिजल्ट 100% रहा इसके साथ ही यूपीएसी के माध्यम से चयनित नव प्राचार्यो को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलित कर मां भारती की वंदना के साथ हुआ। स्कूल के छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के द्वारा समारोह को रंगीन बनाया। कार्यक्रम में शिक्षा निदेशक दिल्ली सरकार हिमांशु गुप्ता की गरिमामय उपस्थिति रही। प्रोफेसर सरोज शर्मा चेयरपर्सन एनआईओएस ने नई शिक्षा नीति की प्रासंगिकता को समझाया गुरु शिष्य परंपरा को सार्थक बनाने का आवाह्न किया और भारत को विश्वगुरु बनाने का मार्ग प्रशस्त करने को अपनी जिम्मेदारी निभाने को कहा। शिक्षा निदेशक ने प्राचार्यो को संबोधित करते हुए कहा कि आप प्रशासन और छात्रों के बीच की कड़ी हैं आपकी मेहनत से ही सही तरह से शिक्षा को बढ़ाना है क्योंकि जिस स्कूल को आप डील कर रहे हैं वहां हम शिक्षक और प्राचार्य ही उनके पैरेंट्स हैं। डॉ. राकेश कुमार अग्रवाल डेप्युटी डायरेक्टरआई सी ए आर ने तथ्यों के आधार पर भारत उन्नति की बात रखी कि किस प्रकार विकसित भारत का




निर्माण किया जा सकता है। अध्यक्ष दिल्ली अध्यापक परिषद् के अध्यक्ष श्री वेद प्रकाश जी ने दिल्ली अध्यापक परिषद संगठन के कार्यों और उसके विस्तार के बारे में बताया कि किस तरह अखिल भारतीय शैक्षिक महासंघ ने 1अगस्त 2021को देश के लगभग 2 लाख चार हजार विद्यालयों और महाविद्यालयों में आजादी के अमृत महोत्सव को एक ही दिन में पूरे देश में एक साथ मनाया और देश के स्वतन्त्रता सेनानी और उनके परिवार जनों को सम्मानित किया।

दिल्ली अध्यापक परिषद् के संरक्षक जय भगवान गोयल ने शिक्षकों प्राचार्यों को संबोधित करते हुए कहा कि देश में शिक्षा व्यवस्था यांत्रिक न होकर भावनात्मक लगाव की हो। उन्होंने अध्यापक परिषद् के उद्देश्य को बताते हुए कहा कि शिक्षा छात्र हित और राष्ट्र हित के अनुरूप हो। उन्होंने प्रधानाचार्य को कहा कि आप प्रधान आचरण करने वाले हैं। आपके कार्य और व्यवहार से शिक्षा का सर्वांगीण विकास संभव है आपका आचरण मानवीय सरोकारों से युक्त हो। उन्होंने मां जीजाबाई शिक्षक सम्मान की सार्थकता के संदर्भ में वीर शिवाजी के बारे में बताया कि किस प्रकार उनकी मां जीजाबाई ने शिवाजी के अंदर राष्ट्र प्रेम के साथ माननीय गुणों और महिलाओं का सम्मान करने की शिक्षा दी। एक बार उनके सैनिक शिविर में युद्ध में जीती हुई मुस्लिम महिला को लेकर आए तो शिवाजी ने सैनिकों को फटकार लगाई और महिला को मां कहकर संबोधित किया और ससम्मान उसको उनके घर वापस भिजवाया। तात्पर्य है कि शिक्षा में महिलाओं और बहनों को समानित करने का भाव होना चाहिए। पूरी दिल्ली के शिक्षकों के साथ में जिन एन डी एम सी के शिक्षकों को सम्मान मिला उनमें शिवेन्द्र सिंह चौहान प्रवक्ता इतिहास, हरी ओम प्रवक्ता राजनीति विज्ञान, संजीव कुमार प्रवक्ता भूगोल, आशा रानी पठानियां प्रवक्ता इतिहास, रीना रावत टीजीटी, हेमलता जूली टीजीटी, तरुणा दीवान टीजीटी, भूपिंदर कौर टीजीटी, कविता जैन टीजीटी, ज्योति अरोड़ा टीजीटी, सुषमा टीजीटी सम्मिलित हैं।

कार्यक्रम के प्रवक्ता ने विजय गौड़ ब्यूरो चीफ को बताया कि कार्यक्रम एन डी एम सी कन्वेंशन सेंटर में हुआ किसको सफल बनाने में दिल्ली अध्यापक परिषद् के जिन कार्यकर्ताओ ने सहयोग प्रदान किया उनमें इन्दु राठी जी महिला मंत्री दिल्ली प्रांत, संगठन मंत्री हरीश रावत, महिला उपाध्यक्ष अंजू बाला, महिला मंत्री मोनिका मीना, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. वी पी सिंह, और सदस्य के रुप में कुंदन रावत, रमेश कुमार मीना, दिनेश्वर प्रसाद, अवनीत चौधरी तथा राघवेन्द्र त्रिपाठी शामिल थे।

## गुरुग्राम के के ब्लॉक डीएलएफ फेज 2 में भव्य डांडिया का आयोजन किया गया, मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य मंत्री के ओएसडी जवाहर यादव भी पहुंचे




» **सतबीर शर्मा, मदरलैंड संवाददाता**

गुरुग्राम। के के ब्लॉक डीएलएफ फेज 2 में भव्य डांडिया का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य मंत्री के ओएसडी जवाहर यादव भी पहुंचे। जवाहर यादव ने मनीष धवन द्वारा आयोजित डाण्डिया की सराहना की ओर डांडिया का लुत्फ भी उठाया। पार्षद रमा रानी राठी ने भी डांडिया में शिरकत की ओर उन्होंने भी आयोजको की प्रशंसा की। गुरुग्राम शहर के हजारों गणमान्यव्यक्ति के ब्लॉक के डांडिया में पहुंचे और डांडिया का आनंद लिया।

गुरुग्राम शहर के सबसे खुंबसूरत इलाके में सबसे खूबसूरत लोगो का सबसे खुसूरत डांडिया ह्यु ह्लड्ढह्य डीएलएफ फेज 2 में देखने को मिला। शहर के गणमान्य व्यक्ति 24 तारीख को भव्य दशहरे का अयोजन भी किया जाएगा। मनीष धवन आयोजक का कहना था की यह डांडिया मनोरंजन के साथ साथ भारत की अनेकता में एकता का प्रतीक है हमारी संस्कृति को दशार्ता है। भव्य डांडिया में गुजरात का पूरा लूक देखने को मिला। गुरुग्राम का के ब्लॉक का नजारा गुजरात के डांडिया को भी पीछे छोड़ गया। डांडिया मै एक से बढ़कर एक स्टॉल भी लगाई गई।

## केआरएमयू के फैशन डिजाइन विभाग ने टाइम्स फैशन वीक में अपना जलवा बिखेरा

के. आर. मंगलम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर एंड डिजाइन के फैशन डिजाइन विभाग ने टाइम्स फैशन वीक, नई दिल्ली में भाग लिया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के फैशन विभाग के प्रतिभाशाली छात्रों ने अपने परिधानों का प्रदर्शन किया, जिसमें स्मार्ट कैजुअल के साथ गले लगाने वाले रंगों को खूबसूरती से चित्रित किया गया। इस फैशन शो में सना खान और विपिन अग्रवाल जैसे प्रतिष्ठित डिजाइनरों और मशहूर हस्तियों ने भाग लिया। इसके अलावा कैंटाबिल जैसे सुप्रसिद्ध ब्रांडों ने भी इस आयोजन में चार चांद लगाए। के. आर. मंगलम विश्वविद्यालय के उभरते डिजाइनरों के आकर्षक परिधानों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। फैशन एक असाधारण कला है, जो समाज, संस्कृति और मानवीय भावना को प्रतिबिंबित करती है। प्राचीन सभ्यताओं की भव्य शैलियों से लेकर 20वीं सदी के विद्रोही रुझानों तक, अपने मूल के प्रति श्रद्धा के साथ नवीनता का मिश्रण करते हुए यह लगातार विकसित हुआ है। इस शो के लिए फैशन विभाग के अंतिम वर्ष के छात्रों ने अपने डिजाइन के माध्यम से प्रकृति






के विभिन्न पहलुओं पर जोर दिया। उन्होंने अपने डिजाइन की प्रेरणा एलियम सेपा, बेट्टा फिश, हमिंग बर्ड और ब्लू पॉटरी से ली थी। इस कार्यक्रम के दौरान प्रदर्शित कलेक्शन स्मार्ट कैजुअल और रंगों का एक सुंदर मिश्रण था, जो उन दूरदर्शी लोगों को श्रद्धांजलि देता है जिन्होंने फैशन के लिए मार्ग प्रशस्त किया।

● **के. आर. मंगलम विश्वविद्यालय के उभरते डिजाइनरों के आकर्षक परिधानों ने दर्शकों को कर दिया मंत्रमुग्ध।**

केआरएमयू के छात्र डिजाइनरों को कैंटाबिल जैसे प्रसिद्ध डिजाइनरों और ब्रांडों के साथ सहयोग करने, प्रत्येक शिल्प के सार में खुद को डुबोने और कारीगरों के अद्वितीय दृष्टिकोण में अमूल्य अंतर्दृष्टि प्राप्त करने का सौभाग्य मिला। अपने नए ज्ञान को अपनी रचनात्मक क्षमताओं के साथ जोड़कर, छात्रों ने ऐसे संग्रह तैयार किए हैं जो वास्तव में इन शिल्पों की भावना को दशार्ते हैं। इस फैशन शो में अपना उम्दा प्रदर्शन के लिए विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र दिया गया।

## मदरलैंड वॉइस दैनिक हिंदी समाचार पत्र की प्रमुख मीडिया भागीदारी में राजधानी में हुई राष्ट्रीय स्तर पर रिसर्च पेपर प्रतियोगिता

के आर मंगलम यूनिवर्सिटी गुरुग्राम हरियाणा के पत्रकारिता विभाग के डीन प्रोफेसर नीरज खत्री ने प्रथम पुरस्कार 5000 /- रुपए नकद पुरस्कार राशि एवं रनिंग कप जीता एवं सुश्री तेजस्वनी कौशल नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी लखनऊ उत्तर प्रदेश ने दूसरा पुरस्कार 3000 /- रुपए नकद पुरस्कार राशि के साथ जीता राष्ट्रीय जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत, भागीदारी जन सहयोग समिति, इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) दिल्ली स्टेट सेंटर द्वारा एवं दिल्ली राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण की प्रमुख भागीदारी से आयोजित राज्य स्तरीय रिसर्च पेपर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता का सम्मान समारोह इंजीनियर्स भवन, नई दिल्ली में संपन्न हुआ इस अवसर पर राष्ट्रीय स्तर पर रिसर्च पेपर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका विषय था कानूनी शिक्षा, एक आवश्यकता तथा उप विषय थे : महिलाओं के प्रति हिंसा रोकथाम, बाल यौन शोषण रोकथाम, साइबर अपराध रोकथाम एवं




कानूनी शिक्षा एवं पाठ्यक्रम इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश के विभिन्न कॉलेज एवं यूनिवर्सिटी के फैकल्टी सदस्य एवं छात्र छात्राओं ने भाग लिया प्रतियोगिता में नकद पुरस्कार 5000/- रुपए, 3000/- रुपये एवं 2000/- रुपये के अतिरिक्त 1000/- रुपए के विशेष पुरस्कार प्रदान किये गए

इस प्रतियोगिता में के आर मंगलम यूनिवर्सिटी गुरुग्राम हरियाणा के पत्रकारिता विभाग के डीन प्रोफेसर नीरज खत्री ने प्रथम पुरस्कार 5000 /- रुपए नकद पुरस्कार राशि एवं रनिंग कप जीता एवं सुश्री तेजस्वनी कौशल नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी लखनऊ उत्तर प्रदेश ने दूसरा पुरस्कार 3000 /- रुपए नकद पुरस्कार राशि के साथ जीत कर अपनी यूनिवर्सिटी को गौरवान्वित किया प्रतियोगिता में जूरी के सदस्य डॉ. विमल जोशी पूर्व डीन स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय सोनीपत हरियाणा, डॉ. ज्योति गौड़ डीन सुरेश ज्ञान विहार विश्वविद्यालय और डॉ. निकी डबास चेयरपर्सन काउंसिल फॉर अलाइड एंड हेल्थकेयर प्रोफेशनल थे।

मदरलैंड वॉइस दैनिक हिंदी समाचार पत्र, ,टीवी 100 एवं समाचार वार्ता की प्रमुख मीडिया भागीदारी रही

राष्ट्रीय जागरूकता कार्यक्रम के सत्र का उद्घाटन मुख्य अतिथि माननीय न्यायमूर्ति सुश्री संगीता ढींगरा सहगल पूर्व न्यायाधीश दिल्ली उच्च न्यायालय और माननीय अध्यक्ष दिल्ली राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग द्वारा किया गया। पुरस्कार वितरण सत्र को भारत के सर्वोच्च न्यायालय की न्यायाधीश माननीय न्यायमूर्ति सुश्री ज्ञान सुधा मिश्रा ने संबोधित किया। कार्यक्रम के संयोजन में विजय गौड़ सीइओ भागीदारी जन सहयोग समिति एवं उपाध्यक्ष भारत भूषण की प्रमुख भूमिका रही।

## दिल्ली का गोल मार्केट भवन बनेगा संग्रहालय, एलजी ने किया परियोजना का शुभारंभ

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली का गोल मार्केट भवन संग्रहालय में तब्दील होने जा रहा है। इस परियोजना का शुभारंभ उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना ने शनिवार को किया। उन्होंने एक संग्रहालय के रूप में मुख्य गोल मार्केट बिल्डिंग के संरक्षण और जीर्णोद्धार और सर्विस ब्लॉक और सबवे के निर्माण सहित आसपास के क्षेत्रों के पुनर्विकास के लिए एक परियोजना शुरू की। शुभारंभ कार्यक्रम में संस्कृति और विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी भी मौजूद थीं। एलजी सक्सेना ने प्रतिष्ठित गोले मार्केट के जीर्णोद्धार और कायाकल्प के उद्देश्य से परियोजना की शुरूआत करते हुए आश्वासन दिया कि जीर्णोद्धार प्रक्रिया के दौरान ऐतिहासिक संरचना की मौलिकता को संरक्षित किया जाएगा। यह परियोजना देश में अपनी तरह का पहला संग्रहालय बनाने के लिए तैयार है, जो विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की उपलब्धियों का जश्न मनाने के लिए समर्पित है। संग्रहालय भारत में कला, साहित्य, संस्कृति, सामाजिक क्षेत्र, चिकित्सा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में महिलाओं द्वारा किए गए उल्लेखनीय योगदान और स्वतंत्रता के संघर्ष में उनकी महत्वपूर्ण भूमिकाओं को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच के रूप में काम करेगा।



बता दें कि गोले मार्केट की मुख्य इमारत, एक विरासत संरचना को लंबे समय से उपेक्षा का सामना करना पड़ा है और एक दशक से अधिक समय से बंद है। एलजी सक्सेना ने साइट का दौरा किया और इसे पुनर्स्थापित और पुनर्जीवित करने की प्रतिबद्धता जताई। बता दें कि जीर्णोद्धार कार्य में 21.66 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत पर 1,407 वर्ग मीटर के मुख्य गोले मार्केट भवन की रेट्रोफिटिंग, पुनर्वास और संरक्षण शामिल है। सक्सेना ने आशा व्यक्त की कि गोल मार्केट विरासत स्थल निकट भविष्य में आगंतुकों के लिए एक केंद्रीय आकर्षण के रूप में विकसित होगा। परियोजना में संग्रहालय में आगंतुकों की सुविधा के लिए एक सबवे और एक समर्पित पार्किंग स्थान का निर्माण भी शामिल है।

## संक्षिप्त समाचार

### दमा, गठिया, मधुमेह, बुखार, खाज खुजली, पथरी व लीवर सम्बन्धी रोगों का निःशुल्क 111वां आयुर्वेदिक शिविर 24 अक्टूबर को

मदरलैंड संवाददाता, नवलगढ़ । भारतीय सेवा समाज के संस्थापक स्वामी कृष्णानंद जी महाराज की प्रेरणा से अलायंस क्लब नवलगढ़ लार्ड कृष्णा, सामाजिक विकास हेरिटेज एण्ड वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन फाउण्डेशन, शारदा क्रोपकेम बंबई के आर्थिक सौजन्य से व श्रीरामकृष्ण जयदयाल डालमिया सेवा संस्थान चिड़ावा के सहयोग से जांगिड अस्पताल नवलगढ़ में 24 अक्टूबर को विशाल निःशुल्क दमा, गठिया, मधुमेह, बुखार, खाज खुजली, पथरी लीवर आदि रोगो का आयुर्वेदिक शिविर का आयोजन किया जायेगा जिसमें दिल्ली के डाक्टर जोगेन्दर सिंह द्वारा जांच कर निःशुल्क आयुर्वेदिक दवाइंया एक्सपोर्ट क्वालिटी की दी जाएगी। शिविर में मधुमेह जो देश में बहुतायत से फैल रहा है उसके लिये ब्लड सुगर की जांच कर दवाई दी जायेगी। डा दयाशंकर जांगीड़ ने बताया कि यह शिविर आयुर्वेदिक इलाज करवाने वालो के लिये वरदान सिद्ध होगा और हर माह यह शिविर लगाया जाता है। मल्टीपल पीआरओ सुरेंद्र ख्यालिया ने बताया कि शिविर सुबह 10 बजे से 2 बजे तक लगाया जायेगा।

### गौरवी सुंडा ने जीता आल इंडिया कंपीटीशन में सिल्वर मैडल



सुनील कुमार शर्मा, मदरलैंड संवाददाता, झुंझुनूं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष व नवलगढ़ पंचायत समिति प्रधान दिनेश सुंडा की बेटी गौरवी सुंडा ने अखिल भारतीय शूटिंग प्रतियोगिता में सिल्वर मैडल जीता है। सुंडा ने बताया कि उनकी बेटी जयपुर के एमजीडी बालिका स्कूल में कक्षा 12वीं में पढ़ती है। जो शूटिंग में पहले भी स्टेट से लेकर नेशनल तक काफी मैडल जीत चुकी है। अब इंदौर में आयोजित आल इंडिया आईपीएससी शूटिंग प्रतियोगिता में गौरवी ने अंडर–19 एयर पिस्टल में हिस्सा लिया। जिसमें गौरवी ने सिल्वर मैडल जीता। गौरवी महज एक अंक से गोल्ड जीतने से चूक गई। गौरवी ने 400 में से 373 अंक प्राप्त किए। जबकि गोल्ड मैडल प्राप्त करनी वाली छात्रा ने 374 अंक प्राप्त किए। गौरवी की इस उपलब्धि पर परिवार में खुशी का माहौल है। इस प्रतियोगिता में देशभर की स्कूलों में अध्ययनरत निशानेबाजों ने हिस्सा लिया।

### नगर पालिका अध्यक्ष स्वेता चौधरी एवं पूर्व सांसद राजेश दिवाकर ने रीबिन काटकर किया मिष्ठान भण्डार उद्घाटन



मदरलैंड संवाददाता, हाथरस। आगरा रोड स्थित पॉलिटेक्निकल के सामने श्री मोरमुकुट मिष्ठान भण्डार एवं कन्फेक्शनरी का नगर पालिका अध्यक्ष स्वेता चौधरी एवं पूर्व सांसद राजेश दिवाकर ने रीविन काटकर किया उद्घाटन तथा वहीं उपस्थित लोगों ने नगर पालिका अध्यक्ष स्वेता चौधरी एवं पूर्व सांसद राजेश दिवाकर का फूल–माला एवं पटका पहना कर एवं राधाकृष्ण व गणेश जी का प्रतिक चिन्ह भेंट कर भव्य स्वागत किया तथा वहीं मौजूद लोगों में मैससर्स पवन कुमार वार्ष्णेय, तरूण पंकज, जगदीश पंकज, श्री मंगल सिंह पदू वाले, रामनिवास पदू वाले, कालीचरन, अनूप चन्द, रतन कुमार, सत्यप्रकाश वार्ष्णेय, श्याम लाल चक्की वाले, वसन्त लाल पदू वाले, दीनदयाल पदू वाले, चन्द्रप्रकाश, जयप्राकश, कृष्ण कुमार पदू वाले, देवेन्द्र चौहान, (जिला मंत्री) गौरव अग्निहोत्री जी

### दुर्गा अष्टमी पर देवी मंदिरों पर रही भक्तों की भीड़



मदरलैंड संवाददाता, सिकंदराराऊ। शारदीय नवरात्रों की दुर्गा अष्टमी पर नगर क्षेत्र के देवी मंदिरों में शक्ति स्वरूपा महागौरी की पूजा अर्चना की गई। प्रातः भोर बेला से ही मंदिरों में माता रानी के भक्तों की भीड़ देखते बन रही थी। सिद्ध पीठ पथवारी माता मंदिर, चामुंडा माता मंदिर, शिवालय स्थित काली माता मंदिर, पीपल वाली माता मंदिर, संतोषी माता मंदिर, केला करौली माता मंदिर पर माता रानी के भक्ति प्रातः भोर बेला मंगला दर्शन आरती के उपरांत माता रानी शक्ति स्वरूपा महागौरी के जलाभिषेक, अग्यारी, फल, फूल, मिष्ठान लेकर माता रानी की पूजा अर्चना मंगलाचरण के लिए माता रानी की जयकारों के साथ पूजा के लिए अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे तो वहीं दुर्गा अष्टमी पर घर–घर में विराजित देवी मंडप में भी पूजा अर्चना की गई एवं कन्या लांगुरा के चरण धोकर स्वल्पाहार प्रसादी कराकर भेंट दक्षिणा देकर उनका पूजन कर शक्ति स्वरूपा महागौरी का आशीर्वाद लिया गया। सिद्ध पीठ पथवारी माता मंदिर पर भी पुजारी जगदीश कश्यप, महेश शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा, बीरो लाला, चेतन शर्मा, विश्वजीत वर्मा, मोहित यादव, राकेश यादव आदि माता रानी के भक्तों ने कन्या पूजन कर क्षेत्र की खुशहाली, समृद्धि, उन्नति, अमन चैन, शांति सौहार्द व भाईचारा की कामना की गई।

### झम्मनलाल पवन स्मृति इंटर कॉलेज में 251 कन्याओं को कराया फलाहार



मदरलैंड संवाददाता, सिकंदराराऊ। नवरात्रि के अवसर पर एटा रोड स्थित झम्मनलाल पवन स्मृति इंटर कॉलेज में 251 कन्याओं को प्रबंधक निखिल स्वामी पवन, कंट्रोलर शीतल पवन एवं प्रधानाचार्य संजीव कुमार गौतम द्वारा फलाहार कराया गया एवं कन्या पूजन किया गया। इस अवसर पर विक्की पंकज, विकास यादव, सौरव कुमार पुंडीर, नवीन दीक्षित, कृष्णा शर्मा, संगीता गौतम, ज्योति गौतम, देवांश दुबे, मोहित कुमार, मोहर सिंह, आकांक्षा यादव, चेतना सैनी, विशाल गौतम, खुशबू सिंह आदि मौजूद रहे।

## प्रशासन व नगर पालिका के आखों सामने अतिक्रमणकारी के हौसले बुलंद

» मदरलैंड संवाददाता



एटा/जलेसर। नगर मे शासन के आदेशो की खुलेआम धज्जिया उडाई जा रही है प्रशासन व नगर पालिका की लापरवाही के चलते अतिक्रमणकारियों द्वारा बाजार मे कब्जा कर लिया गया है। उसके अलावा बाजार मे दिन भर ई रिक्शा जाम लगाते रहते है इस वजह से आये दिन कहासुनी व झगड़े होते है लेकिन प्रशासन मौन है।

नगर में अतिक्रमणकारियों ने प्रशासन को ठेंगा दिखाते हुए सड़क पर अवैध कब्जा कर रखा है। शासन के आदेशों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं शासन और प्रशासन आंख मूंदे यह सब देख रहा है। सरकारी संपत्ति पर खुलेआम कब्जा करके अतिक्रमण कर रखा है। नाला बाजार चौराहे से लेकर मंडी जवाहरगंज तक अतिक्रमण की बहुत बुरी दशा बना रखी है। नालियों के ऊपर पटिया लगाकर पाट रखा है। उसके बाद लगभग 2 फुट का तखत लगा रखा है। उसके आगे मोटरसाइकिलओं को खड़ा करा लेते हैं। जिससे सड़क के दोनों तरफ लगभग 6 से 8 फुट रास्ते को बाधित कर दिया जाता है। जिससे निकलने वाले लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है और आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। जिससे आए दिन निकलने वाले लोगों से कहासुनी होती है। जिसकी कई बार लिखित व मौखिक रूप से शिकायत की गई है। लेकिन कोई कार्यवाही ना होने के कारण अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद हैं। वह शासन के आदेशों को ठेंगा दिखा रहे हैं। उत्तर प्रदेश सरकार का खुला आदेश है कि जहां भी अतिक्रमण हो उस को मुक्त कराया जाए। लेकिन नगर में इस आदेश की खुलेआम अवहेलना हो रही है। जबकि प्रदेश के हर शहर व कस्बे मे प्रशासन ने अभियान चलाकर अतिक्रमण हटवा दिया है। लेकिन कस्बे मे प्रशसान की ओर से लगभग दो- तीन वर्ष से अतिक्रमण हटाने का अभियान नही चलाया गया है। इस वजह से अतिक्रमणकारियो के हौसले बुलंद हैं। दूसरी ओर ई रिक्शा काफी तादात मे चलते है जिसका अभी तक कोई रूट नही बना है। जिससे जाम की स्थिति बनी रहती है। अगर जल्द प्रशासन ने कार्यवाही नही की तो स्थिति और खराब हो जाएगी।

## मां काली की धूमधाम से निकली शोभायात्रा



» मदरलैंड संवाददाता

एटा/जलेसर। नगर में मां काली की बैंड बाजों के साथ धूमधाम से शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें मनमोहक झांकियां एवं मनमोहक अखाड़ो के द्वारा श्रद्धालुओं के मनमोह लिए।

नगर के आगरा बस स्टैंड चौराहे से मां काली की बैंड बाजो के साथ धूमधाम से शोभायात्रा निकाली गई। जो नई तहसील कटरा चुंगी, शेरगंज, बड़ा बाजार, बाजार कला, नाला बाजार, हलवाई खाना, मंडी जवाहर गंज होती हुई मां पथवारी मंदिर पर जाकर संपन्न हुई। शोभा यात्रा के समय जगह-जगह श्रद्धालुओं ने मां काली की आरती उतार कर पूजा अर्चना की। मां काली की शोभा यात्रा में मनमोहक झांकियां निकाली गई मनमोहन झांकियों ने श्रद्धालुओं के मनमोह लिए। उसके अलावा मां काली के स्वरूप एवं अन्य भगवानों के स्वरूप में अखाड़े खेलते हुए निकले। जिन्होंने तरह-तरह के खेल दिखाते हुए श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। बैंड बाजों पर भक्ति के भजन बज रहे थे तो श्रद्धालु झूमते हुए एवं माता रानी के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। जिससे सारा नगर माता रानी की भक्ति में झूम रहा था और भक्ति में हो गया था। मेला अध्यक्ष विकास गुप्ता ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शारदीय नवरात्रि की आठवें नवरात्रि पर मां काली की शोभायात्रा आगरा बस स्टैंड चौराहे से निकाली गई है। जिसमें तरह-तरह की झांकियां एवं कई अखाड़े आये हैं। जो भगवानों के स्वरूप में खेलते हुए शोभायात्रा में निकले है। जिसमे सारे श्रद्धालु झूमते हुए माता रानी के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। हाथरस जंक्शन रोड पर स्थित माता पथवारी के मंदिर पर जाकर माथा टेक कर शोभायात्रा को संपन्न कराया।

## राम सुग्रीव मित्रता बाली वध एवं सीता की खोज लीला का हुआ मंचन

» अंटू मिश्रा, मदरलैंड संवाददाता



एटा/अवागढ़। आदर्श रामलीला क्लब अवागढ़ के रंग मंच पर मजे हुए कलाकारों द्वारा रामलीला में प्रभु श्री राम और भाई लक्ष्मण सीता की खोज करने के लिए आगे बढ़ रहे थे कि उनकी मुलाकात वानरों के राजा सुग्रीव से हो गई। प्रभु श्री राम ने सुग्रीव को अपनी भार्या सीता के हरण के बारे में बताया तथा सुग्रीव ने भी अपने भाई बाली के अत्याचारों से प्रभु को अवगत कराया। दोनों में आपस में मित्रता हो गई और एक दूसरे का साथ निभाने का वायदा किया। प्रभु श्री राम ने सुग्रीव से कहा कि तुम अपने भाई बाली को युद्ध में ललकारो सुग्रीव ने बाली को युद्ध के लिए ललकारा दोनों में घमासान युद्ध हुआ। प्रभु श्री राम ने बाली को एक ही बाण में मार गिराया और राम ने सुग्रीव को किष्किंधा का राजा बना दिया। तब वानर सेना में हनुमान अंगद जामवंत नल नील के साथ माता सीता की खोज के लिए चारों दिशाओ मे निकल पड़े। रामलीला के अध्यक्ष अखंड प्रताप सिंह ने सभी से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। नवमी दशमी का मेले में चरक झूलो का आनंद बच्चे ले रहे थे। महिलाएं बच्चे चाट पकौड़ी खा रहे थे और खरीददारी कर रहे थे क्लब के अध्यक्ष राधा मोहन दुबे कोषाध्यक्ष बृजभूषण शर्मा मैनेजर भूरेखा मुख्य निर्देशक हरिकिशन शर्मा सहित काफी संख्या में महिला पुरुषों की भीड रही।

## आजाद हिंद सरकार की धूमधाम के साथ मनाई गई वर्षगांठ

» मदरलैंड संवाददाता




बागपत। सामाजिक संस्था आँखें मीडिया सोशल नेटवर्क एवं ग्राम सेवा संगठन द्वारा स्वतन्त्रता संग्राम के महान नेताजी सुभाष चन्द्र बोस गठित 21 अक्टूबर 1943 में आजाद हिन्द सरकार की वर्षगाँठ को स्वराज्य दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर पर नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के साथ महान स्वतंत्रता सेनानी राजा महेन्द्र प्रताप को भी याद किया गया। राजा महेन्द्र ने 28 अक्टूबर सन 1915 में अफगानिस्तान मे निर्वासित सरकार का गठन किया गया। संगठन के प्रेरणा स्रोत समाजसेवी आरआरडी उपाध्याय ने कहा नेताजी सुभाष चन्द्र बोस व राजा महेन्द्र प्रताप जैसे व्यक्तित्व हमारे लिए प्रेरणा ही नहीं सम्पूर्ण भारतवर्ष की आत्मा है। जिस समय हम गुलामी की बेडियों में जकडे हुए थे, उस समय नेताजी द्वारा गठित आजाद हिन्द सरकार को 9 देशों ने मान्यता प्रदान की थी। अतिथि के रूप में आमन्त्रित भैयादास महाराज महन्त बालाजी आश्रम डून्डूहेडा ने कहा कि आज इजरायल से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है, वहाँ का प्रत्येक नागरिक अपने वतन के लिए मर मिटने को तैयार है। नशामुक्ति अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील खन्ना ने कहा सुभाष चन्द्र बोस हिन्दुस्तान के लिए एक हीरा है जो प्रत्यक्ष न होकर भी प्रेरणा देते है। गोष्ठी की अध्यक्षता राष्ट्रवर्धन मुनी व संचालन प्रधानाचार्य जितेन्द्र कुमार आर्य ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ जय कुमार, अमित कुमार हुड्डा, योगेन्द्र सरोहा, रविकुमार एडवोकेट, अनंगपाल आर्य, सोनू कुमार, अंकित कुमार, रवि उपाध्याय, सुधीर खोखर, दीपक, राकेश सरोहा, प्रताप आर्य, संजीव कुमार, डॉ० जितेन्द्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

## अपना घर आश्रम में प्रभु जी की सेवा करके आत्मिक सुख मिलता है, संतोष गुप्ता





» मदरलैंड संवाददाता

बागपत। सुप्रसिद्ध समाजसेविका अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की प्रांतीयमहिला उपाध्यक्ष वरिष्ठ लायन्स सदस्या लायन संतोष गुप्ता मैं अपना जन्मदिन अपना घर आश्रम अमीनगर सराय में वहां रहने वाले 39 प्रभु जिओ के साथ मनाया। अपने हाथों से भोजन प्रसादी मिष्ठान परोसकर मनाया और सभी से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर संतोष गुप्ता ने कहा अपना घर आश्रम में आकर प्रभु जी की सेवा करके आत्मिक सूख अनुभूति होती है जो अलौकिक है। उनके साथ उनके जीवनसाथी अभिमन्यु गुप्ता ने भी सहयोग किया। इस अवसर पर अपना घर आश्रम के मुख्य सलाहकार दिनेश जैन एवं वरिष्ठ जनों द्वारा संतोष गुप्ता को जन्मदिन की बधाई दी। और उनके दीघार्यु जीवन की कामना की। वैदिक कन्या डिग्री कॉलेज की प्राचार्या डॉक्टर कमला अग्रवाल, अलका गुप्ता, दीपक गोयल, सुनील मित्तल, संदीप अग्रवाल, ईश्वर अग्रवाल, संजय जिंदल, मनोज मित्तल, अंकित जिंदल, ने मेरे जन्मदिन की बधाई जी। इस अवसर पर पूज्य माता रुक्मिणी देवी ने आशीर्वाद दिया।

## अशफाक उल्ला खां की जयंती पर शहीदों की प्रतिमा स्थापित किया माल्यार्पण



» मदरलैंड संवाददाता

बागपत। रविवार को शहीद अशफाक उल्लाह खान की जयंती पर रालोद कार्यकर्ताओ ने राष्ट्र वंदना चौक पर स्थित अशफाक उल्लाह खा व पंडित रामप्रसाद बिस्मिल की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए। इस मौके पर रालोद नेता ओमवीर ढाका ने बताया कि अशफाक उल्ला खां आजादी की लड़ाई के उग्रम पंक्ति के महान योद्धा व रचनाकार कवि थे। उन्होंने देश के लिए काकोरी काण्ड में हंसते हंसते अपने प्राणों की आहुति दे दी थी। ऐसे वीरों की कुबार्नी के लिए देश हमेशा उनका ऋणी रहेगा। इस मौके पर डॉ अन्नत शर्मा, डॉ वीरेंद्र तेजान, आसमोहम्मद, दिलशाद, अंकित, योगेंद्र, उस्मान, शौकत, राजपाल आदि मौजूद रहे।

## नारी वन्दन सम्मेलन सफलता पूर्वक सम्पन्न होने पर पालिकाध्यक्ष श्वेता चौधरी का किया स्वागत



» मदरलैंड संवाददाता

हाथरस। ऐतिहासिक महिला सम्मेलन के लिए सभासद अभिषेक राज के नेतृत्व में लोगों ने पालिकाध्यक्ष श्वेता चौधरी का किया स्वागत नारी वन्दन सम्मेलन की सफलता पूर्वक सम्पन्न होने पर सभासद अभिषेक राज तथा अन्य लोगों ने पालिकाध्यक्ष श्वेता चौधरी के वसुन्धरा एन्क्लेव स्थित शिविर कार्यालय पर पहुँच कर नारीशक्ति वन्दन महिला सम्मेलन के सफल आयोजन के लिये पालिकाध्यक्ष का पटका पहनाकर तथा तस्वीर भेंट कर नारी शक्ति के रूप में सम्मान किया

इस अवसर पर शिवम, आशीष, हर्ष, रविकुमार, विकास डी.जे. अमन चौहान, लवकुश, रोहित आदि लोग उपस्थित रहे।

## रामलीलाओं में बीती रात शुर्पनखा की नाक काटी, सीता हरण के संवाद ने दर्शकों का मन मोह लिया

» मदरलैंड संवाददाता




नूंह। जिला में चल रही रामलीलाओं में बीती रात शूर्पनखा की नाक काटी गई, मारीच वद्य, सीता हरण, बाली वध के संवाद ने दर्शकों का मन मोह लिया, रावण द्वारा साधु का वेश धारण करके सीता माता की कुटिया में पहुंच गये जबकि इससे पहले अपने मामा मारीच को सोने का मृग बनाकर श्रीराम व लक्ष्मण को शिकार के लिए भेज दिया था, लेकिन सीतामया द्वारा लक्ष्मण रेखा पार करने से रावण ने सीता का हरण कर लिया। इस बीच रावण -सीता के बीच हुए संवाद ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। नूंह की आदर्श रामलीला कमेटी, सदासुख रामलीला कमेटी, जय हनुमान रामलीला क्लब उजीना के अलावा जयभारत रामलीला कमेटी तावडू, धार्मिक रामलीला कमेटी तावडू के अलावा पुन्हाना, नगीना, पिनगवा, फिरोजपुर झिरका में भी रामलीलाओं का मंचन जोरों पर हैं और मंझे हुए कलाकार अपनी प्रतीभा को दिखा रहे हैं। रामलीलाओं के आखिरी समय होने से खूब भीड़ जुट रही हैं तथा कलाकार भी जमकर कला का प्रदर्शन कर रहे हैं। जबकि उजीना की रामलीला में जगदीश भाटी ने रावण के किरदार में दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। आदर्श रामलीला कमेटी के कलाकार बल्लू शर्मा श्रीराम, अनिल सीता, नवीन शर्मा लक्ष्मण, राधेश्याम शर्मा अंगद, दशरथ, ओमी गोला आदि कलाकार अपनी कला के साथ न्याय कर रहे हैं। बीती रात्रि नृत्य करने वाले कलाकार ने अपने सिर पर गैस सिलेंडर व करीब 10 बर्तन रखकर सुन्दर डांस कर सभी का मन मौह लिया, जबकि जोकर ने सभी को हंसाकर खूब मनोरंजन किया हुआ है।

## जिला की करीब 15 लाख आबादी पर डिपो में मात्र 70 बसे ही सेवा दे रही

» सुरेन्द्र दुआ, मदरलैंड संवाददाता



नूंह। कांग्रेस की भूपेन्द्र सिंह हुडडा के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में वर्ष 2013 में गुरूग्राम से अलग बने नूंह (मेवात) परिवहन डिपों के बिगडैल ढांचे को दुरूस्त करने के लिए कवायद शुरू किये हैं खासकर बसों की कमी व खटारा बसों के सहारे महज सरकारी परिवहन सेवा की औपचारिकताए पूर्ण कर रहे हैं। डिपो के बेड़े में 11 नई व 5 अन्य बसें शामिल किये जाने से कुल आंकड़ा 70 हो गई हैं। डिपो में शामिल नई व अन्य बसों के कागजात व अन्य प्रक्रिया पूर्ण न होने की वजह से अभी तक उनका रूट पर चलन नहीं हो सका है लेकिन जिला परिवहन विभाग का दावा है कि जल्द ही योजना को मूर्तरूप दिया जायेगा।

यहां, यह बताना जरूरी है कि नए परिवहन डिपो का गठन होने से जिलावासियों को लचर सरकारी परिवहन व्यवस्था पर पटरी पर आने की उम्मीद जगी थी। सरकारी परिवहन व्यवस्था लुंजपुंज होने व अधिकांश रूटों पर डग्गा मार वाहनों का चलन होने से यात्रीगण को काफी दिक्कतें उठानी पड़ रही थी। खासकर दैनिक यात्रियों, नौकरी पेशा, विधार्थी व दहाडी मजदूरों आदि के आगे प्राईवेट, डग्गामार वाहनों के अलावा अन्य राज्यों की चल रही बसें ही गंतव्य पर पहुंचने का एक मात्र सहारा बना हुआ हैं। डिपों की विफलताओं व बसों की कमी के लिए कई मर्तबा परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा के जिला में प्रवास के दौरान अखिल भारतीय जनसेवक समाज (पंजीकृत) समेत अन्य सामाजिक लोगों के साथ-साथ यात्रियों द्वारा बार-बार उठाई गई आवाज के बाद परिवहन मंत्री ने जिला में करीब दो दर्जन बसें जल्द भेजने का दावा पेश किया था काफी अरसा बीत जाने के बाद डिपो में मात्र 11 नई व 5 अन्य बसें ही बेड़े में शामिल होने के बाद जिला की करीब 15 लाख आबादी पर डिपो में मात्र 70 बसे ही सेवा दे रही हैं। जबकि इनमें से कुछ बसे बालिका वाहिनी व अन्य कार्यों में लगी हैं। जिलावासियों का आरोप है कि सरकार की कथित लापरवाही से ही डग्गामार वाहनों के जरिये मौतजदा सफर तय कर रहे हैं।

इस बारे में परिवहन महाप्रबंधक डा० ऐकता चोपड़ा ने माना कि डिपो में 11 नई व 5 अन्य बसें आने से बसों का आंकड़ा 70 तक पहुंच गया हैं और साथ ही दावा कर कहा कि 16 बसों के चलन के लिए कवायद शुरू किये हुए हैं और बेड़े में बसे शामिल होने से जिलावासियों को बडी राहत पहुंचेगी।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org


## संक्षिप्त समाचार

### आप की प्रदेश कार्यकारिणी सहित अनुसांगिक इकाईयां भंग

हरिद्वार, एजेंसी। आगामी लोकसभा चुनाव 2024 तथा स्थानीय निकाय चुनावों की नए सिरे से तैयारियों के मद्देनजर आम आदमी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा उत्तराखण्ड प्रदेश कार्यकारिणी सहित सभी अनुसांगिक इकाईयां तथा समस्त विधानसभा स्तर, जिलास्तर सहित प्रादेशिक स्तर की सभी कार्यकारिणियों को भंग कर दिया है। प्रदेश प्रभारी वरिंदर गोयल और सहप्रभारी रोहित कुमार मेहरौलिया ने बताया कि शीघ्र ही उत्तराखण्ड में नई कार्यकारिणी की विधिवत रूप से औपचारिक घोषणा कर दी जाएगी। प्रदेश में आम आदमी पार्टी जनता से जुड़े मुद्दों को लेकर पूरी ताकत के साथ अपनी आवाज सत्ता के गलियारों तक पहुंचाने का काम पूर्व की तरह करती रहेगी तथा जनता के बीच जाकर सत्ता में बैठी भारतीय जनता पार्टी की सरकार की नाकामियों को उजागर करने का काम भी आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता करते रहेंगे।

### रानीगली महिला हत्याकाण्ड का खुलासा, हत्यारोपी देवर गिरफ्तार

हरिद्वार, एजेंसी। कोतवाली नगर हरिद्वार क्षेत्र में हुए महिला हत्याकाण्ड का खुलासा करते हुए पुलिस ने मृतका के देवर को गिरफ्तार किया है। हत्यारोपी देवर ने अन्य महिलाओं से अवैध सम्बंध के विरोध और पैसों के लेनदेन को लेकर भाभी की चुन्नी से गला घोट की गयी थी। देवर ने अपनी भाभी के साथ अवैध सम्बंध थे, अन्य महिला के साथ अवैध सम्बंध को लेकर होते झगड़े से परेशान होकर देवर ने भाभी से छुटकारा पाने के लिए हत्या की वारदात को अंजाम दिया। इस हत्याकाण्ड का खुलासा एसएसपी प्रमेन्द्र डोबाल ने रविवार को मायापुर चैकी में पत्रकारों से रुबरू होते हुए किया। उन्होंने बताया कि कोतवाली नगर हरिद्वार क्षेत्र भूपतवाला स्थित रानी गली शिवनगर कॉलोनी निवासी ममता सैनी पत्नी महेश सैनी उम्र 41 वर्ष की दिनदहाड़े घर में अज्ञात द्वारा गला घोट कर हत्या कर दी थी। घटना की जानकारी मृतका के बेटे अभय सैनी के कॉलेज से वापस घर लौटने पर हुई थी। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण करते हुए आलाधिकारियों को अवगत कराया गया था। दिनदहाड़े घर में हुई महिला की हत्या की सूचना पर उनके द्वारा एसपी क्राइम, एसपी सिटी, सीओ सिटी के साथ घटना स्थल का जायजा लिया था। एसएसपी ने बताया कि घटना के सम्बंध में परिजनों समेत आसपास के लोगों ने घटना की जानकारी जुटाने का प्रयास किया गया। लेकिन हत्या की वारदात के सम्बंध में कोई खास जानकारी नहीं मिल सकी। हत्या के सम्बंध में मृतका के बेटे अभय सैनी द्वारा अज्ञात के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया गया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालते हुए हत्यारोपी की शिनाख्त के प्रयास शुरु कर दिये। पुलिस ने वारदात के खुलासे के लिए कई लोगों से पूछताछ की गयी। जिनमें मृतका का देवर भी शामिल था। पूछताछ के दौरान देवर के बदलते बयानों के चलते उस पर शक होने पर सख्ती से पूछताछ की गयी। देवर ने पुलिस की सख्ती के आगे सच्चाई से पर्दा उठाते हुए खुलासा किया कि उसने ही भाभी की चुन्नी से गला घोट कर हत्या की थी। कप्तान ने बताया कि पूछताछ के दौरान देवर रामकरण पुत्र स्व. बलवीर सिंह निवासी शिव नगर रानीगली हरिद्वार ने खुलासा किया कि उसके भाभी समेत अन्य महिलाओं के साथ अवैध सम्बंध थे। उसकी भाभी अन्य महिलाओं के साथ अवैध सम्बंध को लेकर अक्सर झगड़ा करती थी, जिससे वह परेशान था। घटना वाले दिन भी उसका पैसों के लेनदेन और अन्य महिला को लेकर भाभी के साथ झगड़ा हुआ था। जिससे गुस्से मे आकर उसने चुन्नी से अपनी भाभी का गला घोट कर हत्या कर सबसे बचते हुए घर से बाहर निकल गया। पुलिस ने हत्यारोपी देवर के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। जिसको मेडिकल के बाद न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया। प्रेसवार्ता के दौरान एसपी क्राइम अजय गणपति कुंभार, एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार, सीओ सिटी जूही मनराल आदि मौजूद रहे।

### 10 लाख की स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

हरिद्वार, एजेंसी। कोतवाली ज्वालापुर पुलिस ने शनिवार की देर शाम को क्षेत्र में गश्त के दौरान एक स्मैक तस्कर को दबोचा है। जिसके पास से पुलिस ने भारी मात्र में स्मैक बरामद की है। तस्कर से बरामद की गयी स्मैक की कीमत बाजार में 10 लाख से अधिक बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया। स्मैक तस्कर को पुलिस ने मेडिकल के बाद न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया। कोतवाली ज्वालापुर प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह ने बताया कि बीती देर शाम को पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान सूचना पर पुलिस ने ट्रांसपोर्ट नगर गेट के अन्दर से एक स्मैक तस्कर को दबोच लिया। जिसके पास से पुलिस ने 102 ग्राम स्मैक बरामद की। जिसकी बाजार में कीमत 10 लाख से अधिाक की बताई जा रही है। पूछताछ के दौरान तस्कर ने अपना नाम अभिषेक पुत्र राजीव सिंह निवासी ग्राम चांदपुर स्याउ चांदपुर जिला बिजनौर उत्तर प्रदेश हाल निवासी गली नंबर ए-1 सुभाष नगर कोतवाली ज्वालापुर हरिद्वार बताया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया। तस्कर को पुलिस ने मेडिकल के बाद न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया। पुलिस स्मैक धंधो से जुड़े तस्कर के साथियों को दबोचने का प्रयास में जुट गयी है।

## दशहरा पर्व आते ही रेडीमेड रावण व कुम्भकरण पुतलों का बाजार सजा

- 15 फुट, 08 फुट और 05 फुट के फोल्डिंग पटाखे रहित पुतले हैं मौजूद
- लोगों द्वारा काफी पसंद किये जा रहे पुतले, खरीददारों में देखा जा रहा उत्साह

हरिद्वार, एजेंसी। तीर्थनगरी हरिद्वार में दशहरा पर्व मनाने की तैयारियां जहां विभिन्न श्रीराम लीला रंगमचों द्वारा की जा रही है। वहीं कोतवाली रानीपुर स्थित भेल में रेडीमेड रावण और कुम्भकरण के फोल्डिंग पुतलों का बाजार सज गया हैं, जोकि अलग-अलग साइजों में बेचे जा रहे है। रावण व कुम्भकरण के पुतले 15 फुट, 08 फुट और 05 फुट के है। जिनको खरीदने के लिए ग्राहकों में काफी उत्साह देखा जा रहा है, पुतलों में पटाखे नहीं लगाये गये हैं। पुतलों में खरीददार अपने हिसाब से पटाखे लगा सकते हैं। हरिद्वार में पहली बार रावण और कुम्भकरण के पुतलों बेचने का बाजार सजा है। लेकिन पुतला बनाने वाले खतौली मुजफ्फरनगर निवासी मोहम्मद नदीम का कहना है कि वह पिछले तीन सालो से रावण और कुम्भकरण के पुतले भेल सेक्टर-4 में बेचने का काम कर रहे हैं। मोहम्मद नदीम ने बताया कि पहली बार वह लॉकडाउन के बाद खतौली से 05 फुट के 15 पुतले लेकर हरिद्वार पहुंचे थे। जिन्होंने भेल के सेक्टर-4 पीठ के पास सड़क किनारे रावण और कुम्भकरण के पुतलों का बाजार लगाया था। उस वक्त उन्होंने एक पुतले की कीमत 12 सौ रुपये रखी थी। जिसको खरीददारों ने हाथों हाथ खरीद लिए। जिससे उनका हौसला ओर बढ़ा और उसके बाद दूसरी बार वह 80 पुतले रावण और कुम्भकरण के लेकर हरिद्वार पहुंचे। जिनमें 15 फुट के 05, 08 फुट के 05 और 05 फुट के 70 पुतले थे। पुतलों को भेल और आसपास के लोगों ने काफी पंसद किये और सभी पुतले बिक गये। पुतलों की सबसे बड़ी बात हैं कि उनके द्वारा तैयार किये गये पुतले फोल्डिंग हैं। जिनको आसानी से केरी कर ले जाया जा सकता है। जिसके सम्बंधा में खरीददारों को कैसे पुतले को बनाकर खड़ा करना है वह सब सब तरीका बताया जाता है। जिससे खरीददार को किसी भी तरह की कोई ले जाने और खड़ा करने में कोई परेशानी नहीं होती। उन्होंने बताया कि पुतलों में कोई बम व पटाखे नहीं लगाये गये हैं जोकि पटाखे रहित पुतले हैं। खरीददार अगर पुतलों में पटाखे व बम लगाना चाहे तो अपने हिसाब से लगा सकते है। पुतलों की कीमत इस बार कम रखी गयी है। 15 फुट का पुतला 06 हजार, 08 फुट का पुतला 04 हजार और 05 फुट का पुतला मात्र 800 सौ रुपये है। जबकि पहली बार 05 फुट का पुतला उनके द्वारा 1200 रुपए में बेचा गया था। दशहरा पर्व पर हरिद्वार क्षेत्र में रावण और कुम्भकरण के पुतलों की बढ़ती मांग को देखते हुए इस बार 100 फोल्डिंग पुतले तैयार कर लाये गये हैं। जिनमें 15 फुट के 10 पुतले, 08 फुट के 10 पुतले और 05 फुट के 80 पुतले शामिल हैं। दशहरे पर्व से वह चार दिन पूर्व भेल सेक्टर-4 पीठ बाजार के सामने सड़क किनारे रावण और कुम्भकरण पुतलों का बाजार लगाते हैं।



## क्रिएटिव हब के डांडिया में नवाब साहब के गीतों पर जमकर झूमे लोग

- धुनोची पर महिलाओं ने नृत्य कर माहौल को किया भक्तिमय



देहरादून, एजेंसी। लग्जुरिया फर्म्स बाय सॉलिटेयर में क्रिएटिव हब की ओर से आयोजित डांडिया एवं गरबा की धुनों पर झूम के नाचे लोग। वहीं धूनोची से माहौल हुआ भक्तिमय। लग्जुरिया फर्म्स बाय सॉलिटेयर में क्रिएटिव हब इवेंट्स प्लानर की ओर से आयोजित डांडिया एवं गरबा की शुरूवात माता की आरती से हुई जिसके बाद बंगाल की झलक पूरे कार्यक्रम में देखने को मिली। कार्यक्रम में धुनोची का आयोजन किया गया था जोकि मां दुर्गा की आराधना का ही एक तरीका है। महिलाओं एवं पुरुषों ने जब धुनोचि किया तो माहौल पूरा भक्तिमय हो गया। इसके उपरांत दिल्ली से आए नवाब डीजे ने लोगों को गरबा की धुनों पर नाचने को मजबूर हो गए। इस मौके पर बहुत से उपहार भी दिए गए जिनमें बेस्ट एथनिक, बेस्ट गरबा आदि शामिल है। कार्यक्रम में लोगों एवं बच्चों के लिए विभिन्न खाने आदि के स्टॉल्स भी लगाए गए थे। आयोजक मीतू बंसल ने कहा की ये एक छोटी सी कोशिश है अपनी संस्कृति को आने वाली जनरेशन को देकर जाने की आज हम अपनी संस्कृति को समझेंगे तो ही हम अपने आने वाली जनरेशन को कुछ देकर जा सकेंगे भले ही हम उत्तराखंड में रहते हैं लेकिन गरबा माता रानी को खुश करने के लिए किया जाता है और हम यही एक मैसेज आने वाली जनरेशन को दे रहे हैं कि किसी भी तरीके से अपनी संस्कृति को पकड़ कर रखो और किसी भी रूप में आगे लेकर चलो।

## इस बार आकर्षण का केन्द्र होगा 131 फुट का रावण का पुतला

देहरादून, एजेंसी। बन्नू बिरादरी के अध्यक्ष एवं मुख्य संरक्षक हरीश विरमानी ने कहा है कि दशहरा महोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा। इस अवसर पर परेड ग्राउंड में 131 फुट का रावण का पुतला बनाया गया है जो देखने लायक है। आज बन्नू बिरादरी दशहरा कमेटी द्वारा सुभाष रोड स्थित बंजारा रेस्टोरेंट में एक पत्रकार वार्ता का आयोजन रखा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बन्नू बिरादरी अध्यक्ष एवं मुख्य संरक्षक हरीश विरमानी द्वारा की गई। उन्होंने बताया कि गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी दशहरा महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जायेगा जिसमें इस वर्ष सबसे ऊंचा 131 फुट का रावण का पुतला बनाया गया है जो देखने लायक है। इस अवसर पर इसके साथ ही दशहरा कमेटी बन्नू बिरादरी के सदस्य अशोक वर्मा द्वारा बताया गया कि रावण दहन का कार्यक्रम बन्नू बिरादरी के संस्थापक अध्यक्ष स्वर्गीय सेठ लक्ष्मण दास विरमानी द्वारा किया गया उनके कार्यकाल से लेकर अभी तक यह कार्य उनके सुपुत्र हरीश विरमानी अध्यक्ष बन्नू बिरादरी एवं मुख्य संरक्षक दशहरा कमेटी द्वारा बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ किया जाता है। उन्होंने सभी कार्यकारिणी सदस्यों एवं कार्यकताओं का धन्यवाद किया। इस अवसर पर प्रधान संतोख सिंह नागपाल द्वारा बताया गया कि इस बार का रावण दहन एवं कुंभकरण, मेघनाथ व लंका दहन अपने आप में एक आकर्षण का केंद्र होगा। उन्होंने बताया कि रावण को इस बार भव्य रूप दिया गया है इसके साथ ही एक दिन पहले परेड ग्राउंड में भव्य लाइटिंग का विशेष प्रबंध किया गया है जोकि अपने आप में देखने लायक है। उन्होंने बताया कि इस बार कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी होंगे। मीडिया प्रभारी संजीव विज द्वारा बताया गया कि शोभायात्रा का शुभारंभ कालिका मंदिर मार्ग स्थित मां कालिका माता मंदिर से होगा। शोभा यात्रा कालिका माता मंदिर मार्ग से होते हुए मोती बाजार, पलटन बाजार, घंटाघर से होते हुए एस्लेहाल चैक से परेड ग्राउंड की तरफ प्रस्थान करेगी एवं वहां पहुंचकर 5 बजे लंका दहन का कार्यक्रम होगा और 6.05 पर रावण, कुंभकरण, मेघनाथ के पुतलो का देहन किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री ने प्रदेश की 167 आंगनबाड़ी एवं मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्तियों को सुपरवाइजर के पद पर नियुक्त होने पर नियुक्ति पत्र किए वितरित

देहरादून, एजेंसी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को मुख्य सेवक सदन, मुख्यमंत्री आवास, देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए प्रदेश की 167 आंगनवाड़ी एवं मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्तियों को सुपरवाइजर के पद पर नियुक्त होने पर नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने नन्दा गौरा योजना एवं मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट योजना के ऑनलाइन पोर्टल का शुभारंभ भी किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि दुर्गा अष्टमी के दिन 167 आंगनबाड़ी और मिनी आंगनवाड़ी माताओं-बहनों को सुपरवाईजर के पद पर नियुक्ति पत्र प्रदान करने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा आंगनवाड़ी कार्यकर्तियों की समाज में अहम भूमिका है। बच्चों के पालन पोषण में आंगनवाड़ी की अहम भूमिका है। आंगनवाड़ी कार्यकर्तियां, मां यशोदा की तरह बच्चों का पालन-पोषण करती हैं। राज्य सरकार आंगनवाड़ी केंद्रों की स्थिति मजबूत करने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा आंगनवाड़ी, मिनी



आंगनवाड़ी कार्यकर्तियों और सहायिकाओं को सशक्त बनाने के लिए उनके मानदेय में वृद्धि की गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आंगनबाड़ी पद से चयन कर सुपरवाइजर हेतु निर्धारित कुल 299 पदों के सापेक्ष 167 रिक्त पदों पर नियुक्ति दी जा रही है। साथ ही समस्त आंगनवाड़ी कर्मियों का मानदेय राज्य स्तर से सीधे उनके बैंक खातों में ऑनलाईन लगभग 24 करोड़ रुपये प्रति माह भुगतान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना में 23895 महिलाओं को रु. 9.35 करोड़ की धनराशि उनके बैंक खाते में जारी की गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आज महालक्ष्मी किट योजना के अनुश्रवण (मॉनिटरिंग) हेतु पोर्टल के उद्घाटन से प्रति वर्ष राज्य की लगभग 50 हजार धात्री महिलाओं व नवजात शिशुओं को आवश्यक कपड़े एवं किट की सामग्री सुलभता से उपलब्ध होगी। साथ ही नन्दागौरा योजना के पोर्टल के उद्घाटन से प्रतिवर्ष लगभग 50 हजार बालिकाओं को जन्म पर रु. 11 हजार व कक्षा 12 उत्तीर्ण करने पर रु. 51 हजार की धनराशि हेतु आवेदन करने की ऑनलाईन सुविधा उपलब्ध हो जायेगी। यह डिजिटल उत्तराखण्ड की ओर राज्य सरकार का महत्वपूर्ण कदम होगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तराखण्ड को 3940 आंगनवाड़ी भवनों के निर्माण हेतु स्वीकृति प्रदान की है। प्रत्येक आंगनवाड़ी केन्द्र के लिए रु. 12 लाख की धनराशि - मनरेगा, केन्द्र व राज्य का अंश मिलाकर-निर्धारित की गई है। इस प्रकार कुल रु. 472 करोड़ की धनराशि व्यय कर महिलाओं एवं बच्चों के लिए सुविधाजनक आंगनवाड़ी केन्द्र उपलब्ध कराये जाएंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व वाली सरकार ने प्रत्येक क्षेत्र में महिलाओं को सशक्त बनाने का कार्य किया है।

## भाजपा ने प्राकृतिक आपदा में राजनीतिक रोटियां सेंकने के अलावा कुछ नहीं किया : सुखविंदर सुक्खू

» मदरलैंड संवाददाता

- जयराम ठाकुर ने आपदा में भी लोगों को ठगा, केंद्र से प्रदेश को नहीं मिला कोई विशेष राहत पैकेज
- मुख्यमंत्री ने कुल्लू के रथ मैदान से भाजपा पर साधा निशाना

कुल्लु (मनाली)। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि भाजपा ने प्राकृतिक आपदा के समय राजनीतिक रोटियां सेंकने के अलावा कुछ नहीं किया। पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर आपदा में भी लोगों को ठगने का काम करते रहे। केंद्र सरकार से हिमाचल प्रदेश को अब तक कोई विशेष राहत पैकेज नहीं मिला है।

मुख्यमंत्री कुल्लू के रथ मैदान में आपदा प्रभावित परिवारों को राहत राशि वितरित करने के मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि जयराम ठाकुर किस आर्थिक मदद के लिए केंद्र का धन्यवाद कर रहे हैं। जो राशि अभी तक मिली है, वह स्टेट डिजास्टर रिलीफ फंड में हर वर्ष आती है। जिस दिन विशेष आर्थिक सहायता मिलेगी वह खुद केंद्र सरकार का धन्यवाद करने के लिए जाएंगे। तीन केंद्रीय टीमें अभी तक आपदा से हुए नुकसान का जायजा लेने आ चुकी हैं, लेकिन कोई विशेष पैकेज नहीं मिला। अगर केंद्र सरकार को विशेष पैकेज नहीं देना है तो प्रदेश सरकार ने जो 12000 करोड़ रुपये का क्लेम भेजा है, वही राशि ही दे दी जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विशेष पैकेज मिलने पर राज्य सरकार और तेजी से काम करेगी। केंद्र सरकार अगर राहत पैकेज में देरी कर राजनीतिक रोटियां सेंकना चाहती है तो जनता उसे बर्दाश्त नहीं करेगी। जनता की आह को दबाने पर लोग वोट के जरिए भाजपा को जवाब देंगे। हिमाचल में



लोग कांग्रेस का साथ दें। कांग्रेस ही गरीब व आम आदमी की पार्टी है। वह राजनीतिक बात नहीं कर रहे, यह इसलिए कह रहे हैं कि हमने आपदा के तीन महीने के भीतर अपने संसाधनों से प्रभावित परिवारों को राहत राशि वितरित करनी शुरू कर दी है। हम चार साल में प्रदेश की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाएंगे और दस साल में हिमाचल प्रदेश देश का सबसे समृद्धशाली राज्य होगा। किसी को रोजगार के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं होगी। मुख्यमंत्री ने आपदा के समय राहत व बचाव कार्यों में जुटने के बजाय विधानसभा का सत्र बुलाने का राग अलावे पर भी भाजपा को आड़े हाथों लिया। ठाकुर सुखविंदर सिंह ने कहा कि जब लोगों की जान बचाने और राहत पहुंचाने का समय था तब पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर राजनीति करने में व्यस्त थे। अगर उस समय मानसून सत्र बुलाते तो 1000 पुलिसकर्मी की ड्यूटी विधानसभा में सुरक्षा के लिए लग जाती। सारे विभागों के अफसर विधायकों के सवालों के जवाब तैयार करने में जुट जाते, जिससे राहत व बचाव कार्य बाधित होते। कांग्रेस सरकार की पहली प्राथमिकता आपदा प्रभावितों को राहत पहुंचाने की थी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जैसे ही आपदा से निपटकर सरकार अपने पैरों पर थोड़ा खड़ा हुई विधानसभा का मानसून सत्र बुलाया गया। सरकार प्राकृतिक आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने और केंद्र सरकार की ओर से विशेष राहत पैकेज देने का सरकारी संकल्प विधानसभा में लाई। तीन दिन तक प्रस्ताव पर चर्चा हुई और भाजपा ने खूब राजनीतिक रोटियां सेंकी, लेकिन जब संकल्प को सर्वसम्मति से पारित करने का समय आया, भाजपा विधायकों के मुंह सिल गए। भाजपा विधायकों के समर्थन न करने के बावजूद कांग्रेस सरकार ने संकल्प को बहुमत के साथ पारित कर केंद्र सरकार को भेजा। अगर कांग्रेस पार्टी विपक्ष में होती तो इस सरकारी संकल्प का पूरा समर्थन कर आपदा प्रभावितों को राहत राशि दिलाने के लिए कंधे से कंधा मिलाकर साथ देती। हमने प्रदेश के अथाह कर्ज में डूबे होने के बावजूद 4500 करोड़ रुपये का राहत पैकेज घोषित किया है, यह सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति और कर्तव्यनिष्ठा को दशार्ता है। इसलिए ही मैं कहता हूं कि हम सत्ता में सत्ता सुख के लिए नहीं, व्यवस्था परिवर्तन के लिए आये हैं।

## इजरायल और हमास के बीच चल रहा युद्ध के चलते कसोल से वापिस अपने देश लौटने लगे इजराइली युवा

### जिला कुल्लु से इजरायली टूरिस्ट लौटे अपने देश

» रमेश कँवर, मदरलैंड संवाददाता

कुल्लु (कसोल)। इजरायल और हमास के बीच चल रहे युद्ध के बाद जहां दोनों देशों के तनाव की स्थिति बनी हुई है, तो वहीं इसका असर अब भारत पर भी देखने को मिल रहा है। इजराइल के निवासी जहां भारत के विभिन्न इलाकों में घूमने के लिए आए थे वे अब इस घटना के बाद वापस अपने देश जा रहे हैं। ऐसे में हिमाचल प्रदेश के जिला कुल्लू के मिनी इजराइल कहे जाने वाले कसोल में भी इजरायल के रहने वाले नागरिकों के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई है। ऐसे में जैसे ही उन्हें इस आतंकी हमले के बारे में जानकारी मिली तो वह भी अब वापस अपने देश की ओर रवाना हो रहे हैं। वहीं यहां रहने वाले कई युवा फौज में है तो कई अपने देश के लिए सेवा देने के लिए तत्पर नजर आए। कसोल में अधिकतर इजरायली पहले ही वापस जा चुके हैं। ऐसे में बाकी बचे हुए इजरायली भी अब अपने साथियों के साथ अपने दूतावास से संपर्क कर रहे हैं। ताकि हवाई सेवा के माध्यम से वह वापस इसराइल पहुंच सके।

इजराइल की रहने वाली युवेल ने बताया की इजराइल में चल रहे युद्ध के बाद उन्होंने अपने परिवार से संपर्क किया है। उनका परिवार इजराइल के नॉर्थ एरिया में रह रहा है। अभी तक इजराइल के हालत बेहद ही खराब हैं। हालांकि उनकी परिवार से बात हुई है, और वह सब ठीक हैं। लेकिन वहां पर रह रहे लोगों को भी पूरी जानकारी नहीं मिल पा रही है। पिछले कई दिनों से इजराइल के कई लोग लापता हैं जिनके बारे में किसी को अभी तक कोई खबर नहीं है। शायद उन लोगों का अपहरण हो गया हो। उसका कहना है कि हम यहां भारत में सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। यहां के लोग बेहद ही मददगार हैं। हालांकि कुछ अलर्ट्स हैं जहां हमें अपने आस पास का ध्यान रखने की हिदायत दी गई है। लेकिन अब हम घर वापस जाकर अपने देश के लिए इस मुश्किल हालात में लड़ना चाहते हैं।

कसोल में छुट्टियां बिताने आए डेविड ने बताया की इजरायल में चल रहे ट्रांस फेस्टिवल में कई लोग मारे गए। जिसमे हमारी उम्र के कई लोग मारे गए है। जिसके वीडियो हमास द्वारा कई सोशल मीडिया प्लेटफार्म में प्लेटफॉर्म्स में शेयर किए गए हैं। तरह की घटना अभी तक की उम्र में मैंने पहली बार देखी। मुझे यह नहीं पता मालूम कि मुझे घर वापस जाना चाहिए या नहीं क्योंकि यहां पर इंडिया में यहां पर सेफ जरूर हैं लेकिन इस हालत में घर वालों के पास होना भी जरूरी है। मैं कॉम्बैट सोल्जर नहीं हु लेकिन हमारी बीच कई सैनिक थे। जो वापस इजराइल के लिए चले गए हैं। जबसे इजरायल को आजादी मिली है तभी से ही फिलिस्तीन युद्ध के बाद युद्ध किए जा रहा है। क्योंकि वह चाहते है की इजराइल में यहूदी न रहें। इजराइल में कई सारे लोग अभी भी मिसिंग है और वहां की तस्वीर बहुत ही भयानक है। डेविड का कहना है कि इजराइल और फिलिस्तीन के बीच का विवाद बेहद ही मुश्किल रहा गई। हम चाहते है की वर्ल्ड लीडर्स इस बारे में देखे और इस मुश्किल समय में इजराइल की मदद करें। डेविड ने बताया की उन्हे मालूम नही की इजराइल में अभी क्या हालत है। लेकिन जो भी अपहरण किया हुए लोग है। उन्हे गाजा के रखा गया है। इजराइल इन सभी लोगों को बचाने का हर संभव प्रयास करेगा। और जल्द ही इन हालात को सुधारा जाए।



वहीं, दूसरी तरफ इजराइल की रहने वाली नामा ने बताया कि हाल ही में वह इजराइल आर्मी में अपनी सर्विस देकर छुट्टियां मनाने भारत आई थीं। लेकिन हाल ही में हुए इजराइल हमले के बाद वह यहां बैठ कर अपनी छुट्टियां नही बीता सकती। उसके पिता और भाई गाजा में अपनी सेवाएं दे रहे है। और अब वह भी घर वापस जाकर अपने देश की मदद करना चाहती हैं। वह दिल्ली वापस जा रही हैं। उसकी सहेली को हाल ही में फोन आया है की उन्हें इजराइल वापस आकर अपनी सेवाएं देनी हैं। उन्हें उम्मीद है की अब दिल्ली पहुंच कर उनके घर जाने का भी जल्द से जल्द प्रावधान हो, ताकि इस मुश्किल घड़ी में वह अपनी देश की मदद कर सके।

इजराइल की रहने वाली डेनिश कनाजी ने बताया की वह सेंटर इजरियल की रहने वाली हैं। उन्होंने बताया की अब उन्हें आर्मी में वापस जाना पड़ेगा क्योंकि उन्हे कॉल आ गया है। हालांकि इजराइल में हुई घटना बेहद ही दुखदाई है। पूरा देख बुरे हालात में हैं, और हम भी अब वापस जाकर देश के कोई अपनी सेवाएं देना चाहते हैं। हम यहां पर अपनी छुट्टियां मना रहे थे और बेहद खुश थे, लिए इस हालत में इजराइल की खबर सुनते ही खुशी गम में बदल गई। लेकिन इजराइल के हालत बेहद ही बुरे हैं। उसने बताया की आर्मी में रहते हुए कई लोगों की मदद की है, चाहे वह फिलिस्तीन ही हो। उनके द्वारा अब जो हालत इजराइल में किया गए हैं ये बेहद ही दुखद हैं। अब वह भारत में अपनी छुट्टियां रद्द कर अपने देश वापस जा रही हैं।

कसोल में खबाद हाउस के मैनेजर अभियाल ने बताया कि वो अब हाउस को बंद कर रहे हैं और इजरायल जाकर वो भी आर्मी में अपनी सेवाएं देगा। उन्होंने बताया कि कसोल में 100- 200 इजरायली लोग रह रहे थे। जिनमें से कई इजरायल में युद्ध की खबर सुनने के बाद वापस इजरायल के लिए लौट चुके हैं और कई वापस जाने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन फ्लाइट न होने के कारण सभी को परेशानी हो रही है। उन्होंने बताया की वह भी कुछ और दिनों तक कसोल में रहेंगे। फिर इस जगह को बंद करके अपने देश लौटने की कोशिश करेंगे। कसोल में रह रहे कई इसराइली नागरिक अभी घर जाएं या ना जाएं इस असमंजस में है। क्योंकि उनके इलाकों में हालत खराब हो चुके हैं और यहां कसोल में वह खुद को सुरक्षित महसूस कर रहे है। उनका खुद का परिवार भी इस अटैक में फंस गया था। लेकिन अब वह सुरक्षित हैं और उनके परिवार के सदस्य भी आर्मी में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। कसोल में रहते हुए उन्होंने हिमाचल पुलिस का शुक्रिया किया है। जो कसोल में रह रहे इजरायल के लोगों की मदद कर रही है। जिसके कारण यहां पर वह सभी खुद को सुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### समाज सेवा सोसाइटी ने 300 कार्ड बनाएं



मदरलैंड संवाददाता, लुधियाना। लुधियाना दुगरी धांधरा रोड पर समाज सेवा सोसाइटी के कार्यालय में जनता की मदद के लिए आयुष्मान और आभा कार्ड का कैंप लगाया गया इस अवसर पर समाज सेवा सोसाइटी के प्रधान संजय तिवारी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार जो जनता की मदद कर रही है आयुष्मान कार्ड के जरिए मेडिकल सुविधा देकर उससे पब्लिक बहुत खुश है इस लिए कैंप लगा कर करीब 300 कार्ड बनाए गए है जो लोग इसका फायदा ले सके इस मौके पर जसवीर कौर ,राजवीर कौर बबीता ने बताया कि कई लोगों को इस स्कीम के बारे में पता नहीं है इसलिए उनके जागरूक करने के लिए कैंप लगाए जा रहे है ।

### नगर निगम चुनावो को लेकर दुगरी में कांग्रेस ने खोला अपना दफ्तर



मदरलैंड संवाददाता, लुधियाना। लुधियाना दुगरी वार्ड नंबर 48 में कांग्रेस पार्टी ने नगर निगम चुनावों के नजदीक आते ही अपना दफ्तर खोल लिया है जिसका उद्धाटन पूर्व मंत्री भारत भूषण आशु ने किया इस अवसर पर आशु ने कहा आम आदमी पार्टी जिस मर्जी जगह से लकीर खींच ले कांग्रेस पार्टी के नेता उस जगह से ही खड़ेगे और जीत कर दिखाएंगे आशु ने कहा की नगर निगम के 95 वार्ड से उनकी पार्टी के सभी उम्मीद वार बहुत स्ट्रांग है जनता उनके किए हुए काम पसंद करती है इस अवसर पर सुखवंत दुगरी ने कहा कि दुगरी वार्ड नंबर 48 से वो जीत हासिल करके कांग्रेस पार्टी की झोली में डालेंगे इस अवसर पर रमन कुमार कन्नू ,ईश्वरजोत सिंह चीमा ,हरप्रीत सिंह राजधानी ,जोगिन्दर सिंह जग्गी भी शामिल थे।

### गोविंद विहार में त्रिदिवसीय डांडिया कार्यक्रम



मदरलैंड संवाददाता, चंडीगढ़। जीरकपुर नगरपालिका समिति के अंतर्गत स्थित गोबिंद विहार सोसायटी में तीन दिनों तक चलने वाला डांडिया कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। यह कार्यक्रम स्वयं सोसायटी की महिलाओं के द्वारा व्यवस्थित तरीके से संचालित किया जा रहा है। इसमें सोसायटी के 70 परिवारों की महिलाओं एवं उनके बच्चे हिस्सा ले रहे हैं। कार्यक्रम के पहले दिन सोसायटी के प्रधान प्रवीण मित्तल की पत्नी मोनिका मित्तल मुख्य अतिथि थीं। त्रिदिवसीय यह कार्यक्रम हर शाम 7 बजे से लेकर 9:30 बजे तक चलेगा। इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजन स्थल; पार्क नंबर एक को बहुत शानदार तरीके से सजाया गया था। कार्यक्रम की संयोजक स्नेहा नंदा ने बताया कि सोसायटी के तत्वावधान में इस तरीके का यह पहला कार्यक्रम है। उन्होंने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन का श्रेय सोसायटी की सभी महिला प्रतिभागियों को दिया। स्नेहा नंदा ने बताया कि निकट भविष्य में सोसायटी की गैर राजनीतिक महिलाओं की एक अराजनैतिक टीम बनाई जाएगी जो कि सोसायटी के तत्वावधान में भविष्य में इस प्रकार के कार्यक्रम करवाएगी। उन्होंने बताया कि सोसायटी के अंदर इस तरीके की टीम की जरूरत समय की मांग है, क्योंकि बहुत सारी महिलाएं अपनी व्यस्तता एवं अन्य कारणों से बाहर जाकर अपनी प्रतिभा को उजागर नहीं कर पाते हैं। अराजनैतिक टीम गठन से उन्हें सोसायटी के अंदर ही ऐसे कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने का अवसर प्राप्त होगा और वह अपने जीवन चर्या के साथ इन कार्यक्रमों में हिस्सा लेकर सत्कार का अनुभव कर पाएंगी ।

### हांसी में दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने अलग-अलग मामलों में पांच को किया गिरफ्तार

मनमोहन शर्मा, मदरलैंड संवाददाता, हांसी। पुलिस अधीक्षक मकसूद अहमद के दिशा निर्देश अनुसार व जिला भर में अपराधों पर रोकथाम लगाते हुए शहर थाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है ।गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान विकास वासी राजली के रूप में हुई ।जो एस ,डी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में दूसरे के स्थान पर परीक्षा दे रहा था । जिसको गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश करके एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है ।रिमांड के दौरान आरोपी गहनता से गहनता पूछताछ की जाएगी व अन्य आरोपी का पता लगाने की कोशिश की जाएगी ।

## कागजात-ए- वजूद का लोकार्पण व काव्य गोष्ठी का हुआ आयोजन



» मदरलैंड संवाददाता

चंडीगढ़। संवाद साहित्य मंच के सौजन्य से आज कम्यूनिटी सेंटर, सेक्टर 43 के सभागार में पुस्तक का लोकार्पण एवं काव्यझगोष्ठी का आयोजन हुआ जिस में सुप्रसिद्ध साहित्यकार जंग बहादुर गोयल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वतंत्रता सेनानी, उत्तराधिकारी, कल्याण एसोसिएशन के अध्यक्ष के के शारदा ने की एवं अतिविशिष्ट अतिथि के तौर पर पार्षद प्रेमलता उपस्थित रहीं। मंच संचालन नीरू मित्तल ह्यनीरह्व ने किया।कार्यक्रम का शुभारम्भ सोमेश द्वारा सरस्वती वंदना से हुआ। तत्पश्चात युवा शायर आर्यन खासा के नवप्रकाशित काव्य संग्रह कागजात- ए- वजूद का लोकार्पण गणमान्य महानुभावों द्वारा किया गया। काव्य संग्रह पर पर्चा पढ़ते हुए डा. सुशील हसरत नरलेवी ने कहा कि कवि अपने जज्बात को जज्ब कर के जहां उन्हें आम करता है तो उन जज्बात का संदर्भ समाज को अपने दायरे में ले लेता है। ऐसे ही एहसासत का काव्य संग्रह है कागजात-ए- वजूद। प्रेम विज ने कहा कि शायर के पास जज्बात भी हैं और उन्हें कहने का सलीका भी है। अशोक नादिर का कहना था कि कवि को अभी लंबा सफर तय करना है। डाङ विनोद शर्मा का कहना था कि कवि को अपनी अंतर्दृष्टि व्यापक करनी होगी। मुख्य अतिथि जंग बहादुर गोयल ने कहा कि कवि खासा के पास भाव भी हैं और कल्पना भी है। अध्यक्ष के. के. शारदा ने अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि युवा कवि में साहित्यिक दृष्टिकोण के साथ-साथ रिश्ते व समाज की नब्ज टटोलने का मादा है। प्रेमलता पार्षद और कवि डाङ अनीश गर्ग ने भी पुस्तक पर विचार रखे। तदुप्रांत काव्य गोष्ठी में कवयित्री अन्नुरानी शर्मा ने कविता के माध्यम से कहा ह्यकर्मनिष्ठ, एकाग्रचित्त हो स्वचरित्र गढ़ना होगा।ह्व राजन सुदामा ने कहा बताया नहीं तुम ने जाना कहाँ था/ ये दिन पूरा तुम ने बिताना कहां था। इन के अलावा, डा. उमा शर्मा, विमला गुगलानी, हरिंद्र सिन्हा, अवधेश पाण्डेय, संगीता शर्मा कुन्दरा, प्रेम विज, डा. विनोद शर्मा, डा. अनीश गर्ग, नीरू मित्तल ह्यनीर,ह्व अन्नुरानी शर्मा, लाजपत राय गर्ग, अशोक नादिर, सुशील हसरत नरेलवी, नीलम गोयल, विजिंद्र सिंह, गौरव गोयल, विकास मान, डेजी बेदी, राजन, सुदामा, अजित कंवल सिंह, निर्मल सूद, यश कांसल, नरेश कुमार, परमजीत सिंह ने भी कविताएँ पेश कर खूब वाहवाही लूटी।

## इंस्पेक्टर रामदयाल ने मनीमाजरा के कई क्षेत्रों का दौरा किया व जनता की समस्याएं जानी

### श्री गुरु रविदास सभा ने सिरोपा देकर सम्मानित किया



» मदरलैंड संवाददाता

चंडीगढ़। चण्डीगढ़ पुलिस के चर्चित व लोकप्रिय अधिकारी इंस्पेक्टर राम दयाल की मनीमाजरा थाना प्रभारी के तौर पर हुई नियुक्ति के बाद से उन्हें बधाईयां देने व सम्मानित करने का सिलसिला थम नहीं रहा।

आज रामदयाल ने मनीमाजरा के कई क्षेत्रों का दौरा किया व जनता की समस्याएं जानी-समझी। इस अवसर पर गुरुद्वारा श्री गुरु रविदास सभा के अध्यक्ष सुभाष सिंह, महासचिव गुरनाम सिंह व कोषाध्यक्ष लखविंदर सिंह ने एसएचओ रामदयाल को सिरोपा देकर सम्मानित किया।

इंदिरा कॉलोनी में रामलीला व दशहरा आयोजनकर्ता संस्था धर्म रक्षक कला मंच समिति, चण्डीगढ़ के पदाधिकारी चण्डीगढ़ नगर निगम के पूर्व उपमहापौर विनोद अग्रवाल, आयोजक समिति सदस्य गणेश पांडे व शक्ति से भी थानाध्यक्ष ने मुलाकात की। उन्होंने इंस्पेक्टर रामदयाल को दशहरे के मौके पर सम्मानित करने की घोषणा करते हुए उन्हें निमंत्रण दिया जिस पर थाना प्रभारी ने सहमति जताई। यहां उपस्थित समाजसेवी जसपाल सिंह, शाम सिंह व मोहन सिंह ने कहा कि मनीमाजरा के निवासी एसएचओ रामदयाल को हर समय पूरा सहयोग देंगे।

एमएचसी, केटेगरी 4, मनीमाजरा की आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों ने भी बधाई दी। नवनियुक्त थाना प्रभारी रामदयाल ने मॉडर्न हाऊसिंग कांप्लेक्स, केटेगरी 4, मनीमाजरा का भी दौरा किया और स्थानीय निवासियों की समस्यायों के बारे में जानकारी ली। रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष तलविंदर सिंह एवं बाबा गुरदेव सिंह ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया एवं शुभकामनाएं दीं तथा सभी तरह से सहयोग देने का भरोसा दिया।

## रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मना यूथ फेस्टिवल में ओवरऑल ट्रॉफी जीतने का जश्न

» मदरलैंड संवाददाता



चंडीगढ़। पंजाब यूनिवर्सिटी (पीयू) जोनल यूथ एंड हेरिटेज फेस्टिवल 2023, जोन ए चंडीगढ़ में ओवरऑल ट्रॉफी जीतने पर सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज ने जश्न मनाया और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। कॉलेज ने लगातार नौवीं बार ओवरऑल ट्रॉफी है। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा ने जीजीडीएसडी कॉलेज सोसायटी की प्रेसिडेंट वैशाली शर्मा, महासचिव प्रो.अनिरुद्ध जोशी, वित्त सचिव जतिंदर भाटिया, महासचिव डॉ.पीके बजाज, प्रो.एसके शर्मा और डॉ.एससी वैद्य के अलावा जीजीडीएसडी कॉलेज सोसाइटी के मेंबर्स डॉ.गुरमीत सिंह और विजय शर्मा तथा पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड के पूर्व वाइस प्रेसिडेंट डॉ.बलदेव सचदेवा का स्वागत पौधा देकर किया।

रंगारंग कार्यक्रम की शुरूआत ईश्वर का आभार व्यक्त करने के लिए प्रस्तुत किए गए समूह भजन गीत के साथ हुई। इस समारोह में छात्रों ने असाधारण नृत्य कौशल, संगीत निपुणता और अभिनय क्षमता का प्रदर्शन किया। पंजाब का लोक नृत्य भंगड़ा शो की अंतिम और सबसे प्रतीक्षित प्रस्तुति रही। भंगड़ा और लुड्डी जैसे पारंपरिक नृत्यों के साथ-साथ फोक आर्केस्ट्रा जैसे आइटम समारोह में प्रस्तुत किए गए जिससे दर्शक की पंजाबी संस्कृति के रंग में रंग गए। कॉलेज की डीन कल्चरल डॉ. इंदु मेहता ने यूथ फेस्टिवल की रिपोर्ट प्रस्तुत की।

समारोह के अंत में कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा ने जीजीडीएसडी कॉलेज सोसाइटी के सभी पदाधिकारियों व अन्य अतिथियों का औपचारिक आभार व्यक्त किया और छात्रों, प्रशिक्षकों के उत्कृष्ट कार्य और शिक्षकों के अथक प्रयासों की सराहना की। डॉ. शर्मा ने एकेडमिक्स और खेल के अलावा अन्य क्षेत्रों में छात्रों की उपलब्धियों को रेखांकित किया और उनकी सराहना की। उन्होंने कहा कि यह यूथ फेस्टिल में जीत स्पष्ट रूप से छात्रों के समग्र विकास को बढ़ावा देने के लिए कॉलेज के फोकस को दशार्ती है। लगातार नौवीं बार ट्रॉफी जीतकर कॉलेज ने अपनी उत्कृष्टता की परंपरा को कायम रखा है। उन्होंने नवंबर में होने वाली आगामी इंटर जोनल प्रतियोगिता के लिए प्रतियोगियों को शुभकामनाएं भी दीं।

## श्री सनातन धर्म दशहरा कमेटी सेक्टर 46 की ओर से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पूरी श्रद्धा व धूम धाम से मनाने की तैयारी




- सोने की लंका व 101 फुट ऊँचे रावण के पुतले का दहन होगा खास आकर्षण का केंद्र
- चंडीगढ़ के चार लोगों को सराहनीये कार्यो को लेकर 'चंडीगढ़ रत्न अवार्ड' से नवाजा जायेगा

» मदरलैंड संवाददाता

चंडीगढ़। बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक दशहरा पर्व हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सैक्टर 46 की श्री सनातन धर्म दशहरा कमेटी की ओर से बड़ी धूमधाम और श्रद्धा से मनाया जा रहा है। सेक्टर 46 के सब्जी मंडी वाले ग्राउंड में 24 अक्टूबर को किए जा रहे इस भव्य आयोजन को लेकर आज यहां सेक्टर 46 स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में कमेटी के चीफ पेट्रोन जतिन्दर भाटिया, प्रधान नरिंदर भाटिया तथा महासचिव सुशील सोवत व अन्य मेंबरों ने बताया कि उनकी कमेटी की ओर से आयोजित किये जा रहे इस 26वे आयोजन में इस बार सोने की लंका दहन के साथ साथ रावण दहन के दौरान रथ पर सवार रावण के पुतले की घूमती हुई गर्दन व चेहरा, रावण की नाभि में से निकली हुई अमृत कुंड की धारा और स्टेज से ही रावण, मेघनाद और कुम्भ कर्ण के पुतलों को रिमोट से अग्नि देना खास आकर्षण का केंद्र होंगेक रावण, मेघनाद तथा कुम्भकर्ण के पुतलों को सूर्य अस्त होते ही अग्नि भेट कर दिया जायेगाक कमेटी के चीफ पेट्रोन जतिंदर भाटिया ने बताया की हालांकि उनके यहां रावण, मेघनादतथा कुंभकर्ण के पुतले पुरे ट्राइसिटी चंडीगढ़, पंचकूला और मोहाली में सबसे ऊंचे होते है और इस बार भी रावण के पुतले को 101 फुट ,मेघनाद के पुतले को 90 और कुंभकर्ण के पुतले को 85 फुट ऊँचा रखा गया हैक उन्होंने बताया की कमेटी की ओर से ईको फ्रेंडली आतिशबाजी का प्रयोग किया जा रहा है और ज्यादतर आतिशबाजी हवा में चलाई जाएगी तांकि वातावरण का नुकसान ना होक उन्होंने आगे बताया की उनकी दशहरा कमेटी की ओर से हर साल दिए जाने वाले 'चंडीगढ़ रत्न अवार्ड' की कड़ी के तहत इस साल के लिए चंडीगढ़ पुलिस के डीएसपी चरणजीत सिंह विर्क, इंस्पेक्टर दविंदर सिंह, गुरुद्वारा श्री सिंह सभा सेक्टर 46 के अध्यक्ष कुलदीप सिंह और सुख फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष अमित दिवान को श्री सनातन धर्म दशहरा कमेटी की ओर से उनके सराहनीय कार्यो को लेकर 'चंडीगढ़ रत्न' अवार्ड देकर सम्मानित किया जाएगा। कमेटी के चीफ पेट्रोन जतिंदर भाटिया ने बताया कि कार्यक्रम में चंडीगढ़ पुलिस के डीजीपी श्री प्रवीर रंजन बतौर मुखिया महिमान उपस्थित होंगेक इसके साथ ही चंडीगढ़ प्रशासन के चीफ इंजीनर सीबी ओझा, नगर निगम के चीफ इंजीनियर एनपी शर्मा, जीजीडीएसडी कालेज सेक्टर 32 के प्रिंसपल प्रोफेसर अजय शर्मा, पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ के उप निदेशक (प्रशासन) कुमार गौरव धवन, रीजनल प्रोविडेंट फंड कमिश्नर चंडीगढ़ परमपाल सिंह मेंगी और चंडीगढ़ प्रशासन के पूर्व चीफ इंजीनियर किशनजीत सिंह बतौर 'गेस्ट ऑफ ऑनर' उपस्थित होंगे।

## नगर निगम की लापरवाही का शिकार हो रही जनता खूनी पत्थर की वजह से कई लोग हुए घायल

» मदरलैंड संवाददाता




लुधियाना। लुधियाना शहर का सबसे बड़ा मुद्दा सराभा नगर में बने आर ओ बी के बीच में पड़े बड़े बड़े पत्थर और मिट्ठी जिस की वजह से कई लोग जख्मी हो चुके है कई लोगों की तो हड्डी तक टूट गई है उसके बावजूद नगर निगम अपनी आँखे बंद करके बैठा है पखोवाल रोड निवासी विशाल कपूर ने बताया कि नगर निगम ने इतना गलत डिजाइन का आर ओ बी तैयार किया की दूसरी तरफ से आ रहे वाहन को आगे से आने वाला नजर ही नहीं आता उन्होंने ने बताया की पिछले तीन महीनों में 20 से जायदा उन्होंने एक्सीडेंट देखे है जिन लोगों को इन खुनी पत्थर की वजह से शरीर का नुकसान हुआ है बी आर एस नगर निवासी सोनिया सिंह ने बताया कि उनका एक्सीडेंट भी इन्ही पत्थर से टकरा कर हुआ था आगे से तेजी से कार ने साइड मारी और मिट्ठी की वजह से एक्टिवा स्लिप कर पत्थर में जा टकराई जिस कारण लात में 14 टांके लगे नगर निगम की लापरवाही के कारण कितने लोगों का खून यह पत्थर पी चुके है मगर नगर निगम के अधिकारियों को कोई फरक नहीं पड़ता जबकि इस आर ओ बी के सामने प्राइवेट स्कूल भी है जिसका सारा ट्रैफिक इस आर ओ बी से निकलता है और माता पिता के साथ बच्चे भी यही से गुजरते है ना तो कोई सी सी टी वी कैमरे लगे है और ना ही इस आर ओ बी की कभी सफाई की जाती है इतने लापरवाह है नगर निगम के अधिकारी दुगरी निवासी नवजोत कौर ने बताया कि उनके पति का एक्सीडेंट भी इसी खुनी पत्थर की वजह से हुआ है ट्रैफिक को वन साइड जाने के लिए बोर्ड तो लगा दिए मगर कोई पुलिस मुलाजिम नहीं लगाए दोनी तरफ से तेजी से ट्रैफिक आ रहा है और बीच में पत्थर रखे हुए है जब दोनी तरफ से ट्रैफिक बीच में पत्थर के पास पहुँचता है तो एक्सीडेंट होता ही है उन्होंने ने कहा नगर निगम की लापरवाहि के साथ यहाँ के विद्याको की भी बड़ी गलती है जो वोट मांगने तो आ जाते है पर विकास कार्य पर ध्यान नहीं देते कितने लोग इस पत्थर का शिकार हो चुके है क्या नगर निगम अधिकारियों के खिलाफ कारवाही होगी जिन्होंने पत्थर इतने समय से रखे है जिन लोगों के चोटे लगी है उनको जो दर्द हुआ है नगर निगम उसका भुगतान करेगा अभी तक नगर निगम ने इस आर ओ वी से ना तो पत्थर हटाया है और ना ही सफाई की है और ना ही कोई ट्रैफिक पुलिस का मुलाजिम खड़ा हो कर रॉंग साइड से आने वाले वाहनों का चालान काट रहा है सब कुछ वैसे ही लापरवाही से चल रहा है इस संभंध में जब ट्रैफिक ए सी पी चिरंजीव लांभा से बात हुई तो उन्होंने कहा कि उनके पास भी बहुत शिकायत आ रही है कि पत्थर की वजह से एक्सीडेंट बहुत हो रहे है रॉंग साइड ट्रैफिक रोकने के लिए उन्होंने ट्रैफिक मुलाजिम चालान काटने को लगा दिए है उसके बावजूद भी कई लोग रॉंग साइड से निकल रहे है उन्होंने कहा वो नगर निगम से बात करेंगे कि वो इस पत्थर को हटाकर कोई ट्रैफिक सेफ्टी कोन्स रख दे जिससे जनता को चोट ना लग सके दूसरा उन्होंने ने कहा कि इस जगह पर सी सी टी वी कैमरे लगने बहुत जरुरी है इस बारे में वो जल्द ही नगर निगम अधिकारियों से बात करेंगे इस आर ओ बी के संबंध में जा नगर निगम के अधिकारी एस सी संजय कवर से बात की तो उन्होंने कहा मेरे पास कोई शिकायत नहीं आई कि पत्थर की वजह से कोई एक्सीडेंट हुए है जब उनको सफाई और पत्थर के बारे में पूछा उन्होंने कहा जब आर ओ बी का काम खत्म हो जाएगा तो पत्थर हटा दिया जाएगा तब तक वही पड़े रहेंगे

## सर्दी में भी गमार्ने लगी है कनीना नगर पालिका के चुनावों की की राजनीति

### प्रधान पद के ड्रा पर टिकी है नजर

» मदरलैंड संवाददाता

कनीना। करीब 6 महीने से कनीना पालिका भंग चली आ रही है जिसके प्रशासनिक अधिकारी एसडीएम कनीना है। जब नगरपालिका जून 2023 में भंग की गई थी तत्पश्चात कनीना की चुनावी राजनीति पूरे यौवन पर रही। यह माना जा रहा था कि चुनाव जल्द ही कराए जाएंगे किंतु लंबे समय तक चुनाव की घोषणा न होने से एक बार फिर से कनीनावासियों की राजनीति सुषुप्त होने लगी। तत्पश्चात कनीना का एक वार्ड और बढ़ा दिया, अब तक 13 वार्ड विगत चुनावों से चले आ रहे थे उनकी जगह 14 वार्ड बना दिए गए। जब 14वां वार्ड मनाया गया तत्पश्चात फिर से चुनावी राजनीति में गर्माहट आई और यह समझा गया कि चुनाव जल्दी होंगे परंतु ऐसा फिर से नहीं हुआ और फिर से कनीना की राजनीति से सुसुप्त अवस्था की ओर बढ लगी।

तत्पश्चात कनीना के पांच वार्ड महिलाओं के लिए आरक्षित कर दिये गये। जब नारनौल में आरक्षण का ड्रा निकाला गया फिर से कनीना की राजनीति में गर्माहट आ गई है परंतु सभी के नजरें प्रधान पद के ड्रा पर टिकी हुई है क्योंकि कनीना पालिका प्रधान सबसे सशक्त पद रहा है। अब तक प्रधान का चुनाव पार्षद करते आये हैं किंतु इस योजना में प्रधान पद का चुनाव सीधे होगा। पार्षदों का कोई विशेष योगदान नहीं होगा।

कनीना नगर पालिका के इतिहास में सबसे सशक्त पद प्रधान का रहा है। अभी भी नगर पालिका के पूर्व एवं निवर्तमान पांच प्रधान जीवित है जिनमें से दो महिलाएं हैं। सभी टकटकी लगाकर कनीना नगरपालिका के चुनावों की ओर देख रहे हैं। यद्यपि इन पांच पूर्व प्रधानों में से दो प्रधान नगर पालिका के चुनाव में कोई दिलचस्पी नहीं दिख रहे हैं परंतु शेष तीन पूर्व प्रधानों के दिलों में अभी भी चुनाव लड की टीस बनी हुई है। या तो वे स्वयं या फिर अपने परिवार के सदस्यों को चुनाव में हर हाल में उतरेंगे। यही कारण है की सभी कनीना वासियों की नजरें प्रधानों पर भी टिकी हुई है। अनेक युवा प्रधान पद के दावेदारी जाता रहे हैं परंतु

यह सोच कर फिर से शांत हो जाते हैं कि अभी प्रधान पद का ड्रा ही नहीं निकला है। जब प्रधान पद का ड्रा निकाल दिया जाएगा तभी निर्णय हो पाएगा कि प्रधान पद के लिए कितने दावेदार होंगे परंतु यह भी माना जा रहा है कि नगर पालिका कनीना के चुनाव कम से कम फरवरी 2024 के बाद होंगे। ऐसे में अभी तो कनीना पालिका के प्रधान का ड्रा होना है। प्रदेश की 22 नगर पालिकाओं में हलचल चल रही है और एक साथ चुनाव कराए जाने की उम्मीद है। कनीना वासियों का यह भी कहना है कि विधानसभा चुनाव के बाद भी यह चुनाव कनीना नगर पालिका के चुनाव हो सकते हैं क्योंकि सरकार इन चुनाव के पचड़े में नहीं पड चाहती। अगर ऐसा हुआ तो कनीना वासियों को नगर पालिका के चुनावों के लिए लंबाई इंतजार करना पड़ेगा। तब तक चुनाव लड की इच्छा रखने वाले लोग परेशान हो चलेंगे। बहरहाल इस बार 13 वार्डों की बजाय 14 वार्डों में 14 पार्षद बनाए जाने हैं। इसके अतिरिक्त दो पार्षद मनोनीत होकर भी आते रहे हैं। चुना भविष्य के गर्भ में छुपे हैं।

ये वार्ड होंगे आरक्षित--

कनीना नगर पालिका में भविष्य में होने वाले चुनावों के दृष्टिगत 14 विभिन्न वार्डों में से 5 वार्ड महिलाओं के लिए आरक्षित हो गए हैं। जिसमें वार्ड नंबर 8 एससी महिला के लिए, वार्ड नंबर 6 एससी पुरुष के लिए, वार्ड नंबर 4 बीसी महिला के लिए, वार्ड नंबर 3,7 और 12 सामान्य महिला के लिए आरक्षित हो गए हैं। उन्होंने बताया कि विगत योजना में कनीना नपा में 13 वार्ड होते थे। वार्ड 8 सामान्य के लिए, 6 एससी पुरुष के लिए, 10 नंबर एससी महिला के लिए आरक्षित था। वार्ड नंबर 4 सामान्य महिला के लिए, वार्ड 3 महिला के लिए, 7 और 12 सामान्य के लिए आरक्षित किया गया था। वार्डों के आरक्षण के बाद ही चुनावी चचाओं में तेजी आ गई है।

## अनिश्चितता के बीच झूलते किसानों का 223वें दिन जारी रहा धरना

» मदरलैंड संवाददाता



कनीना। राष्ट्रीय राजमार्ग 152-डी पर सेहलंग -बाघोत के बीच कट के ग्रामीणों का धरना 223वें दिन भी जारी रहा। शनिवार को धरने की अध्यक्षता शेर सिंह पोता ने की। अध्यक्ष ने बताया कि धरने को चलते 223 दिन हो गए हैं किंतु आज तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है। राष्ट्रीय राजमार्ग 152डी पर कट को लेकर किसान शंकित हैं कि इतने दिन होने के बाद भी केंद्र सरकार के द्वारा कट का काम शुरू नहीं किया गया। परंतु किसानों का कहना है कि जब तक कट बनना शुरू नहीं होगा तब तक धरना यूं ही जारी रहेगा।

उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार किसानों के दुख -दर्द को समझें, उनकी जायज मांग पर जल्द अमल किया जाए और जितना जल्दी हो सके केंद्र सरकार के द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग 152-डी पर बाघोत-सेहलंग के बीच कट का काम शुरू किया जाए। कट बनने के बाद ही इस इलाके का सर्वांगीण विकास संभव है।

उन्होंने बताया कि हमें भरोसा है, केंद्र सरकार राष्ट्रीय राजमार्ग 152-डी पर बाघोत -सेहलंग के बीच कट अवश्य बनवाएगी। समय लग सकता है, हमें विश्वास है काम देर से होगा लेकिन अच्छा होगा।

इस मौके पर धरना संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय सिंह चेयरमैन, संघर्ष समिति के संयोजक पहलवान रणधीर सिंह बाघोत, संघर्ष समिति के सदस्य डॉ लक्ष्मण सिंह, मास्टर विजयपाल सिंह सेहलंग, सरपंच हरिओम पोता, नरेंद्र शास्त्री छिथरौली,पहलवान धर्मपाल, ठेकेदार शेर सिंह, प्रधान कृष्ण कुमार, सूबेदार हेमराज अत्री, मुंशी राम,वेद प्रकाश, रामकुमार, सत्यनारायण साहब, बाबूलाल, ओम प्रकाश, प्यारेलाल, डॉ राम भक्त, रोशन लाल आर्य, कृष्ण कुमार पंच, पूर्व सरपंच हंस कुमार, सीताराम,सूबे सिंह पंच, दाताराम, राम भक्त, रामकिशन, भागमल व गणमान्य लोग मौजूद थे।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# संपादकीय

## तारीख पर तारीख नहीं, जल्द फैसला करें न्यायालय



सुप्रीम कोर्ट ने अधीनस्थ न्यायालयों को जल्द फैसला करने के लिए दिशा निर्देश जारी किये हैं। ताकि लोगों का न्याय व्यवस्था पर विश्वास बना रहे। न्यायमूर्ति रवींद्र एस भट्ट और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की संयुक्त पीठ ने निचली अदालतों के लिए 12 सूत्रीय दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जिसमें कहा गया है कि इनका पालन कर जल्द से जल्द फैसले किए जाएं। सुप्रीम कोर्ट ने दोनों पक्षों के वकीलों से चर्चा कर प्रतिदिन सुनवाई करने की तारीख तय करने का निर्देश दिया है। ट्रायल कोर्ट 1 दिन में उतने ही मामलों में पेशी की तारीख तय करें, जितने वह सुन सकते हैं। समन तामील कराने और समयबद्ध तरीके से पेरवी से जुड़े हुए लोगों की गवाही की समीक्षा 30 दिन के अंदर लिखित बयान देने की समय सीमा तय की जाए। ट्रायल कोर्ट द्वारा समय-समय पर बार काउंसिल और बार एसोसिएशन के साथ चर्चा कर जागरूकता बढ़ाने, एक बार ट्रायल शुरू हो जाए तो उसकी नियमित सुनवाई की जाए, मुकदमे में देरी की संभावना हो तो स्थगन ना दिया जाए। यदि कोई एक पक्षकार स्थगन  की मांग करता है, तो दूसरे पक्ष को विलम्ब की दशा में मुआवजा दिलवाया जाए। दोनों पक्षों के वकीलों की मौखिक दलील को सुनने के बाद तत्काल फैसला सुनाया जाये। 5 साल से अधिक लंबित मामलों की समीक्षा जिला न्यायाधीश और हाई कोर्ट के न्यायाधीश समय-समय पर करें। सभी हाईकोर्ट को सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिए हैं कि 5 साल से ज्यादा पुराने मामलों की हर 2 माह में समीक्षा की जाए। पुराने मामलों के निपटारे के लिए हाईकोर्ट समुचित व्यवस्था करें। सुप्रीम कोर्ट द्वारा जो गाइडलाइन जारी की गई है, वह निसंदेह सराहनीय है। ट्रायल कोर्ट हाई कोर्ट और  सुप्रीम कोर्ट में जिस तरह से जमानत के मामलों में तारीख पर तारीख, तारीख पर तारीख, तारीख पर तारीख लगती रहती हैं। इसके संबंध में कोई भी दिशा निर्देश सुप्रीम कोर्ट ने जारी नहीं किए हैं। वर्तमान स्थिति में ट्रायल कोर्ट जमानत देने से बचती हैं। हाईकोर्ट में अधिकांश मामले जमानत के लिए जाते हैं। हाईकोर्ट में भी जमानत के मामलों की कई बार पेशियां होती हैं। संवेदनशील मामले में हाईकोर्ट भी निर्णय लेने से बचती है। बार-बार जमानत के मामले सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचाते हैं। हाल ही में हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के बीच में कई बार जमानत जैसे मामले कई महीनो तक लंबित रहते हैं। इसी तरह प्रकरण में स्थगन लेकर उसे कई वर्षो और दशकों तक हाईकोर्ट एवं सुप्रीम कोर्ट में लंबित रखा जाता है। अधिकांश मामले में स्थगन आदेश सरकार के किसी आदेश के खिलाफ लिया जाता है। इसमें सरकार और उन लोगों को सबसे ज्यादा नुकसान होता है। जो पक्षकार आर्थिक दृष्टि से कमजोर होते हैं। वह कई वर्षो तक प्रताड़ित होते रहते हैं। उनके मामलों का फैसला दशकों तक नहीं होता है। सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट को  यह भी देखना होगा, कि स्वतंत्रता का अधिकार मौलिक अधिकारों में शामिल है। 90 दिन से अधिक यदि कोई व्यक्ति जेल में बंद है तो उसकी जमानत के बारे में त्वरित निर्णय लेने, जांच एजेंसी द्वारा समय पर चार्ज शीट पेश नहीं की जाती है, ऐसे मामले में सहानुभूति पूर्वक जमानत दिए जाने पर विचार किया जाना चाहिए। इसी तरह जिन मामलों में न्यायालय द्वारा स्थगन आदेश जारी किए गए हैं।

## अहंकार त्यागने वाले ही महापुरूष होते हैं

बहुत से लोग दिन-रात प्रयास करते हैं कि उन्हें किसी तरह उच्च पद मिल जाए। खूब सारा पैसा हो और आराम की जिन्दगी जियें। जब ये सब प्राप्त हो जाता है तो इसे ईश्वर की कृपा मानने की बजाय अपनी काबिलियत और धन पर इतराने लगते हैं। जबकि संसार में किसी चीज की कमी नहीं है। अगर आप धन का अभिमान करते हैं तो देखिए आपसे धनवान भी कोई अन्य है। विद्या का अभिमान है तो ढूंढ़कर देखिए आपसे भी विद्वान मिल जाएगा। इसलिए किसी चीज का अहंकार नहीं करना चाहिए। जो लोग अहंकार त्याग देते हैं वही महापुरूष कहलाते हैं।

महाभारत में कथा है कि दुर्योधन के उत्तम भोजन के आग्रह को ठुकरा कर भगवान श्री कृष्ण ने महात्मा विदुर के घर साग खाया। भगवान श्री कृष्ण के पास भला किस चीज की कमी थी। अगर उनमें अहंकार होता तो विदुर के घर साग खाने की बजाय दुर्योधन के महल में उत्तम भोजन ग्रहण करते लेकिन श्री कृष्ण ने ऐसा नहीं किया।

भगवान श्री राम ने शबरी के जूठे बेर खाये जबकि लक्ष्मण जी ने जूठे बेर फेंक दिये। यहीं पर राम भगवान की उपाधि प्राप्त कर लेते हैं क्योंकि उनमें भक्त के प्रति अगाध प्रेम है, वह भक्त की भावना को समझते हैं और उसी से तृप्त हो जाते हैं। अहंकार उन्हें नहीं छूता है, वह ऊंच-नीच, जूठा भोजन एवं छप्पन भोग में कोई भेद नहीं करते। शास्त्रों  में भगवान का यही स्वभाव और गुण बताया गया है। महात्मा बुद्ध से संबंधित एक कथा है कि एक बार महात्मा बुद्ध किसी गांव में प्रवचन दे रहे थे। एक कृषक को उपदेश सुनने की बड़ी इच्छा हुई लेकिन उसी दिन उसका बैल खो गया था। इसलिए वह महात्मा बुद्ध के चरण छू कर सभा से वापस बैल ढूंढने चला गया। शाम होने पर कृषक बैल ढूंढ़कर वापस लौटा तो देखा कि बुद्ध अब भी सभा को संबोधित कर रहे हैं।

भूखा प्यासा किसान फिर से बुद्ध के चरण छूकर प्रवचन सुनने बैठ गया। बुद्ध ने किसान की हालत देखी तो उसे भोजन कराया, फिर उपदेश देना शुरू किया। बुद्ध का यह व्यवहार बताता है कि महात्मा बुद्ध अहंकार पर विजय प्राप्त कर चुके थे। बुद्ध के अंदर अहंकार होता तो किसान पर नाराज होते क्योंकि बैल को ढूंढ़ने के लिए किसान ने बुद्ध के प्रवचन को छोड़ दिया था।

# पौने दो सौ साल पुरानी है जमालपुर की बड़ी दुर्गा

» सज्जन कुमार गर्ग




भक्तों की कामनाएं पूरी करती है बड़ी दुर्गा महारानी

जमालपुर में दुर्गा पूजा का इतिहास काफी पुराना है। पंरापरा के रूप में शारदीय पूजा की शुरूआत 18वीं शताब्दी में हुई। प्रो0 आलोकनाथ शास्त्री के अनुसार मिट्टी की प्रतिमा बनाकर दुर्गा पूजा करने की परंपरा एक हजार वर्ष पुरानी है। राजबाड़ो के दायरे में सिमटे दुर्गा पूजा को सड़क चैराहे के सार्वजनिक पूजा मंडप तक पहली बार ले आने का काम क्रांतिकारी अतिन्दुनाथ बसु ने 1926 में किया। सार्वजनिक उत्सव के आठ दर्शक पूरा होते होते उसका स्वरूप इतना बदल गया है कि भक्ति बाजारीकरण हो गया है, और पश्चात सम्यता के साथ–साथ आधुनिकता हावी होता जा रहा है। मुंगेर के उत्तरवाहिणी गंगा के तट पर बने ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व समेटे और लौहनगरी के रूप में पूरे देश में विख्यात जमालपुर में एक अत्यंत प्रसिद्ध सिद्ध स्थल है। यह स्थान श्री श्री 108 योगमाया बड़ी दुर्गा स्थान है। यह स्थान उदासीन सम्प्रदाय की अद्भूत कीर्तियों में से एक चर्चित स्थान है। यह सिद्ध स्थल श्री योगमाया बड़ी दुर्गा स्थान उदासीन के नाम से प्रसिद्ध है।श्रीपंचायतती अखाड़ा बड़ा उदासीन मुख्यालय प्रयागराज के मुखिया महंत दुगार्दास इनका गुरु धाम भी है। बड़ी दुर्गा स्थान कहते हैं कि जमालपुर की यह पहली दुर्गा है और इसलिए बड़ी दुर्गा के नाम से जानी जाती है।लौहनगरी जमालपुर नगर के मध्य में अवस्थित है और मध्य में विराजमान होकर माता भगवती अपनी अलौंकिक दया, करूणा,प्रेम,वालसल्य से अपने भक्तजनों पर स्वतः कृपा की वर्षा करती रही है। जमालपुर रामायण काल से ही गृह ग्राम और जनपदीय क्षेत्र था। इसका प्रमाण रामायण काल से ही मिलता है सुप्रसिद्ध समाज शास्त्री एवं प्रतात्वबिद डॉ बी.आर. पाटिल ने अपनी एक पुस्तक एन्टी कवेरियन रिमेन्स इन बिहार में बहुत अधिकारपूर्वक यह कहा है कि खुदाई और अनुसंधान के क्रम में जमालपुर पर्वत श्रृंखला की तराई में और पहाड़ पर बसे गांवो में पाषणयुगीन मानव के अस्थि पंजर मिले थे। फरवरी 1865 ई0 से लगभग 35 वर्ष पूर्व अन्नत श्री विभूषित महंत बाबा प्रयाग दास उदासीन ने वैदिक तांत्रिक के द्वारा महामाया आदिशक्ति दुर्गा आदि देवी-देवताओं की स्थापना की थी।उन्हीं उदासीन महापुरूषों महंतो की पंरपरा में इस आश्रम के सम्पति महंत डॉ मनोहरदास हैं। मंदिर परिसर में एक ओर महंत बाबा प्रयाग दास जी उदासीन (स्थान निमार्ता) महंत जुगतराम जी, महंत विशुन दास जी महंत पंचम दास जी, महंत भगवती नंदनदासजी की समाधि है तो दूसरी ओर मंदिर के एक हिस्से में शिवालय दर्शनीय हैं यहाँ संतों महापुरुषों की तप स्थली के रुप में सिद्ध धूना विराजमान है।सिद्ध धूना का साधना मिक्षित विभूति ललाट पर लगाने से असहाय बीमारी से निराश लोग को जीवन जीने की शक्ति मिलती है।

मंदिर परिसर में प्रवेश करते ही आगत भक्तजनों को ऐसा प्रतीत होता है कि माँ प्रत्यक्ष रुप से विराजमान है।कुछ पल के लिए मन स्वतः ही भौतिक संसार से अलग हटकर आध्यात्मिक जगत के आनन्द में आत्मविभोर हो जाता है। दुर्गा मंदिर में शारदीय नवरात्र के अवसर पर वैदिक एवं तांत्रिक मिश्रित पद्धति से पूजा की जाती है।यहाँ माँ दुर्गा की भव्य प्रतिमा स्थापित की जाती है।माँ की साज-सज्जा की सामग्रियां कोलकाता (बंगाल) से लायी जाती है।जाने माने मूर्तिकारों कलाकारों द्वारा माँ तथा अन्य देवी देवताओं की मूर्तियाँ गढ़ी जाती है।उनपर रंग रोगन किया जाता है।माँ की मान्यता तथा दिव्य दर्शन के लिए सुदूर क्षेत्रों से भारी संख्या में लोग परिवारों के साथ उमड़ पड़ते हैं और सुख शांति महसूस करते है।यहाँ आरती में समय सैकड़ों की संख्या में भक्तों नर उपस्थिति देखा जा सकता है।संध्या बेला में हजारों की संख्या में कुमारी कन्या तथा विवाहित महिलाएँ माता के सम्मुख दीप प्रज्वलित अपनी भावना अर्पित करती है जो दृश्य मन प्राणों को अध्यात्मिकता से भर देता है।पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन के मुखिया महंत दुगार्दास अपने गुरुधाम पहूँचे है। उनका मानना है कि राष्ट्र कल्याण लोक कलयाण के निर्मित तथा विश्व में उपद्रव जैसी कार्य शक्तियों को मूल नष्ट करने के उपदेश तथा विश्व में शांति स्थापित करने जाति-पांत के भेदभाव के विचारों से उपर उठते हुए मानव मात्र के अन्दर तमोगुणी शक्ति को नष्ट कर पवित्र एवं मंगलमय आयोजन किया जाता है।आरती भजन का समवत कार्यक्रम मनभावन लगता है।जय दुर्गा, लक्ष्मी सरस्वती देवी जय जय अम्बे भवानी माँ जगदम्बे भवानी,मंत्र गुंज रहें हैं,इस बड़ी दुर्गा स्थान को उदासीन बड़ा अखाड़ा के मुखिया महंत दुगार्दास जी का सानिध्य प्राप्त है।गत दस-पंद्रह वर्षो से इस बड़ी दुर्गा स्थान मंदिर का जीर्णोद्वार निर्माण कार्य विकास विस्तार कार्य जारी है। दुर्गा स्थान के परिसर में भक्त के साथ नर- नारियों का जत्था पूजा के गीत गुजांयमान रहते हैं। महिला भक्त मंडली का स्वर तेज है।आई सिंह पे सवार मैया ओढ़े चुनरी, कुछ मांगे इअलौह मैया अंचरा पसारा। यहाँ माता दुर्गा प्रातः दोपहर तथा संध्या काल में अलग-अलग रुपों में दर्शन देती है।

# नमो भारत के बाद  नमो सिंधिया एक्सप्रेस....

» राकेश अचल

सिंधिया खानदान के प्रति भाजपा की मोदी शाह जोड़ी के व्यवहार में भारी अंत`नोट किया गया।  केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह जब जयविलास महल गए थे तब ज्योतिरादित्य सिंधिया और उनके बेटे महाआर्यमन सिंधिया शाह के सामने अर्दलियों की भांति हाथ बांधे खड़े थे लेकिन मोदी जी ने उन्हें न केवल अपने साथ बैठाया बल्कि उन्हें गुजरात का यानि अपना दामाद बताकर सम्मानित भी किया ।  यानि मोदी जी ने शाह की गलती को सुधारा। अब शाह को भी अपनी गलती का अहसास शायद हो जाये और वे सिंधियाओं को घुड़की देना छोड़ दें। मोदी जी के व्यवहार में आयी तब्दीली से जहां सिंधिया खानदान राहत महसूस कर रहा  है वहीं भाजपा का स्थानीय कार्यकर्ता कसमसा रहा है  ।  भाजपा के वरिष्ठ  कार्यकर्ता और केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के साथी जय सिंह कुशवाह ने तो सिंधिया की मामी को ग्वालियर पूर्व विधानसभा से टिकिट देने के फौरन बाद भाजपा के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया।



सियासत की रेल कब पटरी बदल ले ,कोई नहीं जानता। भारत में दो दिन पहले  नमो भारत  रेल चली थी और कल ग्वालियर से दिल्ली के बीच  नमो सिंधिया  रेल चल पड़ी। नमो यानि नरेंद्र मोदी और सिंधियाओं को लेकर पिछले कुछ दिनों से अटकलों का बाजार गर्म था किन्तु शुक्रवार की शाम प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी ने जिस तरह से सिंधिया खानदान का गुणगान  किया उसे सुनने के बाद कम से कम भाजपाइयों ने तो मान लिया है कि हिचकोले खा रही नमो-सिंधिया  रेल अब पूरी गति से दौड़ने वाली है। नरेंद्र मोदी के बदले रुख की वजह से सिंधिया और सामंतवाद के विरोधियों को निराशा हो सकती है।

प्रधानमंत्री  21  अक्टूबर को ग्वालियर  के सिंधिया स्कूल के स्थापना समारोह के मुख्य अतिथि थे। चुनाव आचार संहिता  लगने के बाद उनका ग्वालियर आना एक आश्चर्य का विषय था ,लेकिन वे न सिर्फ आये बल्कि उन्होंने आदर्श आचार सहिता का पालन करते हुए भीं केवल अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं बल्कि वे सिंधिया परिवार पर भी लट्टू होते दिखाई दिए । उन्होंने सिंधिया परिवार से जो रिश्ता स्वीकार किया वो भी भाजपाइयों की आँखें खोल देने वाला है।  उन्होंने कहा कि ग्वालियर से उनका रोटी-बेटी का रिश्ता है ।  केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया गुजरात के दामाद हैं। और उनके ससुर बड़ोदरा के गायकवाड़ों के द्वारा स्थापित स्कूल में वे खुद पढ़े हैं। कल्पना कीजिये कि यदि गायकवाड़ों ने स्कूल न खोला होता तो मोदी जी का क्या होता ?

प्रधानमंत्री जी ने ग्वालियर के विकास में माधवराव सिंधिया [प्रथम ] के योगदान की भूरि - भूरि सराहना की।  उन्होंने ग्वालियर के हरसी बाँध का जिक्र किया। सिंधिया स्कूल का हवाला दिया । और तो और उन्होंने कांग्रेस के जमाने के रेल मंत्री और ज्योतिरादित्य सिंधिया के पिता माधवराव सिंधिया की रेल मंत्री  के रूप में जमकर तारीफ की। मोदी जी ने कहा कि माधवराव जी के समय में शताब्दी जैसी 87 रेलें शुरू हुईं थीं तब से 30 साल बीत गए एक भी रेल शुरू नहीं हुई। अब मोदी जो को कौन बताता कि भारत में सिंधिया के बाद कांग्रेस  की ही सरकार ने 2008 में 54 गरीब रथ चलाये थे ।तब माननीय लालू प्रसाद यादव रेल मंत्री थे । उनके बाद की रेल मंत्री सुश्री ममता बनर्जी ने 2009 में 33 दूरंतो रेलें चलाईं थी।

प्रधानमंत्री जी ने सिंधिया स्कूल के बच्चों को 9 सूत्रीय टास्क देने से पहले अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाई । उन्होंने बच्चों को बताया कि वे पेंडेंसी निबटने वाले प्रधानमंत्री है। उन्होंने 60 साल से पेंडिंग धारा 370 हटाने का काम पूरा किया । तीन तलाक रोकने के लिए कानून  बनाया। नारी शक्ति वंदन कानून बनाया। देश में कांग्रेस के जमाने में 100 स्टार्टअप थे आज वे एक लाख हैं। उन्होंने ग्वालियर में बनने वाले नए हवाई अड्डे का भी जिक्र किया। लेकिन उनके भाषणों से किसी आदर्श आचार संहिता का उललंघन नहीं हुआ ।  हालंकि  माननीय का भाषण सजीव प्रसारित किया गया। केंचुआ बेचारा चुपचाप सब देखता रहा । समरथ को नहीं दोष गुसांई ।

आपको बता दें कि माननीय प्रधानमंत्री  नरेंद्र मोदी की भाजपा ने ही 2019 में सिंधिया खानदान के चश्मों-चिराग ज्योतिरादित्य सिंधिया को लोकसभा का चुनाव हरवाकर उनकी मिटटी पलीत की थी। मोदी जी की वजह से राजस्थान में बसुंधरा राजे सिंधिया की मिटटी कुटी थी। मोदी जी की वजह से ही मध्यप्रदेश में यशोधरा राजे सिंधिया को विधानसभा चुनावों से भागना पड़ा था लेकिन ये सब भरम था भाजपा कार्यकताओं का। मोदी जी और पूरी भाजपा सिंधिया खानदान के अहसानों के नीचे दबे थी और दबी है । देश में आरएसएस,जनसंघ और भाजपा को जितना सिंधिया परिवार ने पाला-पोसा और किसी राजघराने ने नहीं। मोदी जी ने बसुंधरा राजे को उनका सम्मान वापस लौटा दिया। ज्योतिरादित्य सिंधिया के पिता की मामी श्रीमती माया सिंह को ग्वालियर पूर्व से भाजपा का प्रत्याशी बना दिया हालांकि उनकी उम्र [73 ] सन्यास लेने की है। मुमकिन है कि मोदी जी आगामी लोकसभा चुनाव में यशोधरा राजे सिंधिया को गुना संसदीय सीट से टिकिट दे दें। ये भी मुमकिन है कि मोदीकाल में ही ज्योतिरादित्य सिंधिया के बेटे महारमन को भी सियासत में लांच कर दिया जाये। ध्यान रहे कि सिंधिया परिवार के साथ माननीय मोदी जी की पहली पारिवारिक तस्वीर मार्च 2022  में वायरल हुई थी।

सिंधिया खानदान के प्रति भाजपा की मोदी शाह जोड़ी के व्यवहार में भारी अंत`नोट किया गया। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह जब जयविलास महल गए थे तब ज्योतिरादित्य सिंधिया और उनके बेटे महाआर्यमन सिंधिया शाह के सामने अर्दलियों की भांति हाथ बांधे खड़े थे लेकिन मोदी जी ने उन्हें न केवल अपने साथ बैठाया बल्कि उन्हें गुजरात का यानि अपना दामाद बताकर सम्मानित भी किया । यानि मोदी जी ने शाह की गलती को सुधारा। अब शाह को भी अपनी गलती का अहसास शायद हो जाये और वे सिंधियाओं को घुड़की देना छोड़ दें। मोदी जी के व्यवहार में आयी तब्दीली से जहां सिंधिया खानदान राहत महसूस कर रहा  है वहीं भाजपा का स्थानीय कार्यकर्ता कसमसा रहा है ।  भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता और केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के साथी जय सिंह कुशवाह ने तो सिंधिया की मामी को ग्वालियर पूर्व विधानसभा से टिकिट देने के फौरन बाद भाजपा के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया। संघ परिवार में भीतर तक पैठ रखने वाले ग्वालियर के संसद विवेक नारायण शेजवलकर तक अपने बेटे को लश्कर पश्चिम से विधानसभा का टिकिट न मिलने से खिन्न हैं।

भाजपा का मौजूदा नेतृत्व कब सिंधिया का विरोधी हो जाता है और कब उनके गुणगान करने लगता है ,पता ही नहीं चलता। सिंधिया के साथ गलबहियां करने वाले पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के भांजे अनूप मिश्रा को सिंधिया के करीबी होने का कोई फायदा नहीं मिला ।  वे विधानसभा चुआव का टिकती हासिल नहीं कर पाए जबकि उनकी ही तरह असंतुष्ट माने जाने वाले अजय विश्नोई और जयंत मलैया को टिकिट मिल गया । जाहिर है कि या तो सिंधिया अनूप के लिए अड़े नहीं या फिर उन्होंने अनूप के टिकिट को अपनी प्रतिष्ठा का प्रश्न नहीं बनाया क्योंकि ज्योतिरादित्य को भाजपा नेतृत्व से टकराकर कुछ भी हासिल नहीं होने वाला ,भले ही वे गुजरात के दामाद बने रहें।

भाजपा और कांग्रेसी मान चुके हैं की मोदी-शाह की जोड़ी ने सिंधिया खानदान के सभी खून माफ कर दिए हैं। 1857 की कहानी भी मोदी-शाह की जोड़ी को काबिले यकीन नहीं लगी। उन्हें सिंधिया खानदान का विकास नजर आता है। भाजपा को 1857 के बाद के सिंधिया पसंद हैं इसलिए भाजपा उन्हीं का यशोगान करती है । पुराने सिंधियाओं को विस्मृत कर देती है। बहरहाल सिंधिया खानदान के प्रति मोदी जी के रुख में आयी तब्दीली से एक बात साफ हो गयी है कि मोदी जी को और भाजपा को सामंतों और सामंतवाद से कोई परहेज नहीं है। परहेज है तो सिर्फ कांग्रेस से और कांग्रेस की औरस संतानों से।

# नागरिकों का एजेंडाः मतदाताओं को वचन पत्र-राजनीतिक दलों को घोषणा पत्र के लिए सुझाव

» एल एस हरदेनिया

अंधविश्वास पर सख्ती से प्रतिबंध लगाने के लिए कानून बनाया जाए। हमारे प्रदेश में आदिवासी आबादी ज्यादा है। उनके बीच अंधविश्वास को लेकर काफी घटनाएं होती हैं। ऐसी घटनाओं में हत्याएं भी शामिल हैं। पुत्री के जन्म की सारी जिम्मेदारी पत्नि पर थोपकर उसकी हत्या तक कर दी जाती है। कानून बनाए जाने पर इस तरह की घटनाओं में कमी आएगी।

दुष्कर्म की शिकार महिला मानसिक और शारीरिक रूप से पूरी तरह टूट जाती है। ऐसी हालत में उसे पुलिस थाने आकार एफआईआर दर्ज करानी पड़ती है। यह प्रथा बंद होनी चाहिए और ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए कि पुलिस स्वयं दुष्कर्म पीड़ित महिला के निवास पर जाकर उसकी रिपोर्ट लिखे। इस समय अल्पसंख्यक अपने को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। ऐसा क्यों हो रहा है? राजनैतिक पार्टियों को चाहिए कि वे उन्हें पूरी सुरक्षा की गारंटी दें। विकास की सभी योजनाओं में उनकी भागीदारी हो। राजनैतिक पार्टियों को उन्हें आबादी के अनुपात में टिकट देना चाहिए व सरकारी नौकरियों में उन्हें अवसर देने हेतु प्रावधान करने चाहिए। सच्चर कमेटी की सिफारिशों को लागू किया जाए। कुछ बीमारियां ऐसी हैं जिनके इलाज पर होने वाला व्यय वहन करना संपन्न व्यक्ति के लिए भी संभव नहीं होता। कैंसर ऐसी ही एक बीमारी है। इस तरह की बीमारियों के इलाज का संपूर्ण व्यय शासन द्वारा वहन किया जाए। सरकारी दफ्तरों में भ्रष्टाचार की षिकायतें आए दिन मिलती हैं। इसके पीछे के कारणों का पता लगाकर उन्हें दूर किया जाए। मध्यप्रदेष शायद देश का एकमात्र राज्य है जहां यात्री सड़क परिवहन पूरी तरह से निजी हाथों में है। इसका सबसे ज्यादा दुष्प्रभाव गरीबों पर पड़ता है। अतः दुबारा यात्री सड़क परिवहन सरकारी हाथों में लिया जाए और सस्ती दरों पर बस यात्रा की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। निजी विश्वविद्यालय बड़ी तादाद में स्थापित किए जा रहे हैं। ऐसे अनेक विश्वविद्यालयों में न तो शिक्षा का अपेक्षित स्तर होता है और ना ही अन्य सुविधाएं। निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना व संचालन के कड़े नियम बनाए जाएं व उनका शत-प्रतिशत पालन करवाया जाए। जो विश्वविद्यालय पहले से स्थापित हैं उनकी भी गहन जांच कर सुनिश्चित किया जाए कि वे हर पैमाने पर अपेक्षित स्तर के हैं।

बुलडोजर की कार्रवाई पर निषेधः किसी स्थान पर कोई दुर्घटना, आपराधिक वारदात, पुलिस के साथ हिंसक झड़पों के बाद जिला प्रशासन या स्थानीय निकाय / नगर निगम द्वारा किसी भी स्थिति में कथित आरोपी / दोषी व्यक्ति के कच्चे-पक्के घर, स्थायी-अस्थायी दुकान / प्रतिष्ठान, अतिक्रमण आदि के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को पूरी तरह प्रतिबन्धित लगाने के लिए कड़े प्रशासनिक और कानूनी प्रावधान किए जाएं।

मानव तस्करी पर अंकुशः प्रदेश से बालिकाओं के लापता होने की घटनाओं और युवतियों की अन्य राज्यों और खाड़ी देशों में मानव तस्करी को रोकने के लिए पुलिस महानिदेशक की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय निगरानी कमेटी का गठन किया जाए जिसमें वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, सेवानिवृत्त जज एवं महिला आयोग के सदस्य शामिल हों।

निशुल्क कानूनी सलाहः निराश्रित व पीड़ित महिलाओं, मानव तस्करी या भीख मांगने के लिए मजबूर  लोगों, बंधुआ मजदूरों, बच्चों,  दिव्यांगों, आदिवासी, दलित आदि ऐसे लोगों को (जो कानूनी सलाह लेने में असमर्थ हैं) पेशेवर वरिष्ठ वकीलों के माध्यम से कानूनी सलाह और न्याय उपलब्ध कराया जाए ये विधिक शिविर लोगों की सुविधा की दृष्टि से प्रमुखतः लोक सेवा केंद्रों पर संचालित किए जाएं।

# प्राकृतिक आपदाओं से सबक सीखें ?

» नरेन्द्र भारती

भारत में कभी भूकंप तो कभी सुनामी व बाढ़ जैसी आपदाएं अपना जलवा दिखाती रहती है तो कभी बाढ़ का रौद्र रुप जिदंगियां लीलता है।लोग प्रकृति से छेड़छाड़ करने से बाज नहीं आते जब प्रकृति अपना बदला लेती है तब लोगों को होश आता है। जुलाई व अगस्त माह में कश्मीर से कन्याकुमारी तक बरसात का कहर रहा जिसमें हजारों लोग बेमौत मारे गए ल आपदाओं से सबक लेना चाहिए ह्ल दिल्ली एनसीआर में 1960 से लेकर 31 मार्च 2023 तक 675 भूकंप आ चुके हैं ह्लसरकार को चाहिए कि इमारतो का निर्माण करने वाले बिल्डरों को आदेश दे की भीड़ःभाड़ वाले शहरों में भूकंप रोधी भवनों का निर्माण करना चाहिए। समय समय पर भीषण त्रासदियां होती रहती है मगर हम आपदाओं से कोई सबक नहीं सीखते।हर त्रासदी के बाद भूकंप रोधी निर्माण की जरुरत पर चर्चा होती है मगर कुछ दिनो बाद जब जीवन पटरी पर चलने लग जाता है तो इन बातो को भूला दिया जाता है।कुछ लोग भूकंपरोधी भवन नहीं बनाते है दस-दस मजिले बनवाते है लेकिन एक दिन ऐसी आपदाओं के कारण इन्ही घरों में जमीदोज हो जाते है। अगर बीती त्रासदियों से सबक सीखा जाए तो आने वाले भविष्य को सुरक्षित कर लिया जा सकता है।कहते है कि प्राकृतिक आपदाओं को रोक नहीं सकते परन्तु अपने विवेक व ज्ञान से अपने आप को सुरक्षित कर सकते है।शहरों में बिना मानको के इमारतों का निर्माण किया जा रहा है।अगर सही मानको के मुताबिक निर्माण किया जाए तो जान-माल की रक्षा हो सकती है।और होने वाली तबाही को कम किया जा सकता है मगर हादसों आपदाओं से न तो लोग सबक सीखते है और न ही सरकारें सबक सीखती हैं। कुछ दिन सरकारी अमला औपचारिकता निभाता और उसके बाद अगली घटना तक कोई कारगर उपाय नहीं किए जाते। सरकारो को इस आपदा पर मंथन करना चाहिए तथा शिविर लगाकर महानगरों, शहरों व गांवो के लोगों को जागरुक किया जाए कि भूकंपरोधी मकानों का निर्माण ही तबाही से बचा सकता है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक संजय कुमार उपाध्याय द्वारा  विवेक पब्लिशर्स, ए 16, सेक्टर 7, नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, से मुद्रित एवं 203 एफ 32, विजय ब्लॉक लक्ष्मी नगर, दिल्ली -11 00 92 से प्रकाशित। सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही किया जाऐगा। संपादकः संजय कुमार उपाध्याय। मो.: 8700635881, आर.एन.आई नं. DELHIN/2019/78266

# खोदावन्दपुर क्षेत्र में देवी जागरण के बाद खुला दुर्गा मंदिर का पट, दर्शन करने उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

» **मदरलैण्ड संवाददाता**



बेगूसराय। शनिवार की देर रात्रि देवी जागरण के बाद दुर्गा मंदिर का पट लोगों के दर्शन के लिए खुल गया. पट खुलते ही श्रद्धालुओं की भीड़ दर्शन के लिए उमड़ पड़ी. रविवार की अहली सुबह से ही महिलाओं की भीड़ खोइछा भरने के लिए उमड़ पड़ी. शारदीय नवरात्र के आठवें दिन भगवती दुर्गा के महागौरी स्वरूप की पूजा अर्चना की गयी. प्रखंड क्षेत्र के मां वैष्णवी दुर्गा मंदिर मेघौल, सार्वजनिक दुर्गा मंदिर बरियारपुर पश्चिमी, चकयद्दू मालपुर, बाड़ा, नारायणपुर, सागीडिह, चलकी, तेतराही, पथराहा, मसुराज गांव के दुर्गा मंदिरों में पंडितों द्वारा दुर्गाशप्तशती का पाठ जारी रहा. घर घर लोगों द्वारा भी भगवती दुर्गा की उपासना जारी है. दुर्गा मंदिर परिसर में रविवार से तीन दिवसीय मेला शुरू हो गया है. पूजा पंडालों को आकर्षक तरीके से सजाया गया है, जहां लोगों की भारी भीड़ जुट रही है.



पूजा पंडालों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन भी किए जा रहे हैं. इस मौके पर मां दुर्गा पूजा समिति तारा बरियारपुर, बाड़ा, मसुराज में विदेशिया नाच कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जबकि मां भवानी दुर्गा पूजा समिति चलकी के द्वारा देवी जागरण का कार्यक्रम किया गया. आयोजित कार्यक्रम के दौरान रातभर लोगों ने जमकर आनंद उठाये. वहीं विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिये थानाध्यक्ष मिथिलेश कुमार, प्रशिक्षु पुअनि सुबोध कुमार, एएसआई मनीर हुसैन पुलिस बल के साथ लगातार मेला स्थलों व मुख्य सड़कों पर मुस्तैद दिखें.


समस्त देशवासियो को
विजयादशमी, दीपावली एवं छठ पूजा
की हार्दिक शुभकामनाएं

**जीवानन्द मिश्र**
शाखा मंत्री, ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन
गरहरा, बरौनी बेगुसराय

तरैया प्रखंड व भागवतपुर पंचायत के सभी नागरिकों, पंचायत प्रतिनिधियों, पदाधिकारियों व सभी युवा साथियों को दुर्गापूजा, दीपावली व आस्था के महापर्व छठ
की हार्दिक शुभकामनाएं

**मुकेश कुमार यादव**
अध्यक्ष, मुखिया संघ तरैया सह मुखिया ग्राम पंचायत राज- भागवतपुर, तरैया

सारण जिला समेत पानापुर प्रखंड के सभी नागरिकों, पंचायत प्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों व युवा साथियों को दुर्गापूजा, दीपावली तथा महापर्व छठ
की हार्दिक शुभकामनाएं

**रत्नेश कुमार भास्कर**
जिला पार्षद, पानापुर

समस्त देशवासियो को
विजयादशमी, दीपावली एवं छठ पूजा
की हार्दिक शुभकामनाएं

**अशोक कुमार सिंह**
भाषों प्रदेश उपाध्यक्ष
जदयू शिक्षा प्रकोष्ठ तेघड़ा बेगुसराय

सारण जिले के तमाम नागरिकों, पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व सुभेक्षुओं को दुर्गापूजा, दीपावली व
छठ महापर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं

**प्रीत कुमार**
राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक, नेहरू युवा केन्द्र, मढ़ौरा (सारण)

ग्राम पंचायत राज- कोंध के सभी सम्मानित जनता जनार्दन, बुद्धिजीवियों व युवा साथियों को दुर्गापूजा, दीपावली एवं महापर्व छठ
की हार्दिक शुभकामनाएं

**रूपेश साह हलुआई**
बीडीसी प्रतिनिधि सह जनसुराज के संगठन सचिव
पानापुर, सारण

समस्त नरपतगंज प्रखण्ड क्षेत्रवासियो को
विजयादशमी, दीपावली एवं छठ पूजा
की हार्दिक शुभकामनाएं

**श्री हंस राज**
(कार्यक्रम पदाधिकारी), मनरेगा,
प्रखण्ड-नरपतगंज(अररिया)

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बाजितपुर के सभी शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारियों, छात्र- छात्राओं, अभिभावकों व बुद्धिजीवियों को दुर्गापूजा, दीपावली व महापर्व छठ
की हार्दिक शुभकामनाएं

**विकास कुमार**
प्रधानाध्यापक, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय
बाजितपुर, परसा (सारण)

ग्राम पंचायत राज- तरैया के सभी नागरिकों, पंचायत प्रतिनिधियों, पदाधिकारियों व सभी युवा साथियों को मुखिया सुशीला कुमारी की तरफ से दुर्गापूजा, दीपावली व आस्था के महापर्व छठ
की हार्दिक शुभकामनाएं

**शैलेन्द्र कुमार राम**
शिक्षक सह मुखिया प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत राज- तरैया, सारण

समस्त बथनाहा ओ.पी. क्षेत्रवासियो को
विजयादशमी, दीपावली एवं छठ पूजा
की हार्दिक शुभकामनाएं

**मो0 साजिद**
युवा व्यवसायी सह सामजसेवी, ग्राम पंचायत राज
बथनाहा,प्रखण्ड-फारबिसगंज(अररिया)

नेपाल सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गवन्द्री के सभी शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारियों, छात्र- छात्राओं, अभिभावकों व बुद्धिजीवियों को दुर्गापूजा, दीपावली व महा पर्व छठ
की हार्दिक शुभकामनाएं

**कौशल कुमार**
प्रधानाध्यापक, नेपाल सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गवन्द्री (सारण)

तरैया प्रखंड क्षेत्र व डुमरी तथा माधोपुर पंचायत के सभी नागरिकों, पंचायत प्रतिनिधियों, पदाधिकारियों व बुद्धिजीवियों को मुखिया कमल देवी और प्रखंड प्रमुख प्रीति कुमारी की तरफ से दुर्गापूजा, दीपावली व आस्था के महापर्व छठ
की हार्दिक शुभकामनाएं

**धनवीर कुमार सिंह 'बिक्कू'**
प्रमुख प्रतिनिधि, तरैया (सारण)

समस्त नरपतगंज प्रखण्डवासियो को
विजयादशमी, दीपावली एवं छठ पूजा
की हार्दिक शुभकामनाएं

**मनोरंजन कु. मंडल**
(मुखिया) ग्राम पंचायत राज भंगही,
प्रखण्ड-नरपतगंज(अररिया)

नेशनल एकेडमी शाहनेवाजपुर के सभी शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारियों, छात्र- छात्राओं, अभिभावकों, शिक्षा प्रेमियों व बुद्धिजीवियों को दुर्गापूजा, दीपावली व छठ पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं

**पवन कुमार शर्मा**
निदेशक, नेशनल एकेडमी, शाहनेवाजपुर, तरैया (सारण)

समस्त फफौत पंचायत के किसान बंधुओं, मनरेगा से जुड़ें कर्मियों, अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक व राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं, शिक्षा प्रेमियों समेत आम नागरिकों को दुर्गापूजा एवं
दशहरा पर्व कोटि कोटि बधाई व शुभकामनाएं

**अविनाश नारायण नीरज**
पंचायत रोजगार सेवक, फफौत, प्रखंड खोदावंदपुर,
जिला बेगूसराय

समस्त बथनाहा पंचायतवासियों
विजयादशमी, दीपावली एवं छठ पूजा
की हार्दिक शुभकामनाएं

**मो0 जिब्राईल**
(अध्यक्ष) वार्ड क्रियान्वयन एवं प्रबंधन समिति वार्ड नं० 10
ग्राम पंचायत राज बथनाहा, प्रखण्ड-फारबिसगंज(अररिया)

होली होम स्कूल शाहनेवाजपुर के सभी शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारियों, छात्र- छात्राओं, अभिभावकों, शिक्षा प्रेमियों व बुद्धिजीवियों को दुर्गापूजा, दीपावली व छठ पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं

**दीपक कुमार गुप्ता**
निदेशक, होली होम स्कूल, शाहनेवाजपुर, तरैया (सारण)

समस्त बथनाहा क्षेत्रवासियो को
विजयादशमी, दीपावली एवं छठ पूजा
की हार्दिक शुभकामनाएं

**मो0 एखलाख**
(मुखिया), ग्राम पंचायत राज बथनाहा
प्रखण्ड-फारबिसगंज(अररिया)

समस्त जोगबनी नगर परिषदवासियो
विजयादशमी, दीपावली एवं छठ पूजा
की हार्दिक शुभकामनाएं

**संजीत शर्मा**
(प्र० प्रधान सहायक) कार्यालय, नगर परिषद
जोगबनी, प्रखण्ड-फारबिसगंज(अररिया)

मां गायत्री ट्यूटोरियल, नेवारी, तरैया के सभी शिक्षकों, छात्र- छात्राओं, अभिभावकों, शिक्षा प्रेमियों व बुद्धिजीवियों को दुर्गापूजा, दीपावली व छठ पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं

**प्रख्यात शिक्षक मुकेश अभिनंदन**
निदेशक, एमजीटी नेवारी, तरैया (सारण)

तरैया प्रखंड क्षेत्र व चैनपुर पंचायत के सभी नागरिकों, पंचायत प्रतिनिधियों, पदाधिकारियों व सभी युवा साथियों को मुखिया जयश्री देवी की तरफ से दुर्गापूजा, दीपावली व आस्था के महापर्व छठ
की हार्दिक शुभकामनाएं

**अनिल कुमार यादव**
मुखिया प्रतिनिधि ग्राम पंचायत राज- चैनपुर, तरैया

# नि:शुल्क मतदाता जागरूकता शिविर में 65 लोगों का जोड़ा गया नाम



» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। प्राणपुर प्रखंड क्षेत्र के धरहन पंचायत अंतर्गत पांकी गाँव एवं बस्तौल पंचायत के पंचायत भवन के प्रांगण में बिहार सरकार निदेर्शानुसार मतदाता जागरूकता अभियान सह नि :शुल्क मतदाता सूची में नाम जोड़ने हेतु शिविर का आयोजन किया गया !उक्त शिविर में कटिहार के विधान पार्षद अशोक कुमार अग्रवाल शिरकत किया !शिविर में उपस्थित कर्मियों ने बताया कि 18 साल पल्स की आयु के लगभग 65 युवक युवतियों का का नाम जोड़ा गया हैं ! विधान पार्षद अग्रवाल नें शेष बचे लोगों को आगामी मतदाता जागरूकता अभियान नि :शुल्क मतदाता सूची शिविर में नाम जोड़ लेने की अपील किया हैं !मौके पर चंद्रभूषण ठाकुर,रतन कुमार,सुशील मण्डल,बंटी कुमार,दिलीप विश्वास राजदीप कुमार सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।































































## संक्षिप्त समाचार

### बिहटा से चोरी गई ट्रैक्टर कंधवालिया देवराज से बरामद

मदरलैण्ड संवाददाता, बेतिया। लौरिया बिहटा थाना की पुलिस और स्थानीय लौरिया थाना के सहयोग से छापामारी कर थाना क्षेत्र के कंधवालिया गांव के एक व्यक्ति के यहां से ट्रैक्टर बरामद कर अपने साथ ले गई। मिली जानकारी के अनुसार विगत कुछ माह पूर्व बिहटा थाना क्षेत्र से एक पावर ट्रेक ट्रैक्टर की चोरी हुई थी और वहा की पुलिस ने गहन अनुसंधान कर पता लगाने में सफल रही ।बिहटा पुलिस और स्थानीय लौरिया थाना के पुलिस पदाधिकारी दरोगा सियाराम सिंह दल बल के साथ त्वरित कार्रवाई करते हुए बिहटा थाना कांड संख्या 590/23.में चोरी गई ट्रैक्टर को बरामद कर बिहटा थाना के पुलिस पदाधिकारी को सौप दिया। उक्त आशय की जानकारी थानाध्य कैलाश कुमार ने दी।

### रोशना ओपी में जब्त विदेशी शराब को सीओ के नेतृत्व में किया गया नष्ट



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। रोशना ओपी प्रांगण में सीओ रत्नेश मोहन के नेतृत्व में तीन कांडों में जब्त 276 लीटर 795 एमएल विदेशी शराब को गड्ढे खोदकर नष्ट किया गया ।उक्त संबंध में जानकारी देते हुए सीओ रत्नेश मोहन ने बताया कि जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक कटिहार के संयुक्त निर्गत आदेश के आलोक में उक्त शराब को नष्ट किया गया। विनिष्टीकरण के दौरान रोशना ओपी प्रभारी विवेक कुमार ने कहा कि ओपी क्षेत्र में लगातार शराब कारोबारी व शराबियों के विरुद्ध छापेमारी अभियान जारी है। किसी भी शर्त पर शराब कारोबारी व शराबियों को बक्से नहीं जाएंगे। शराब विनिष्टिकरण के दौरान एसआई उमाशंकर यादव, गोपाल कुमार, मनोज कुमार ठाकुर चौकीदार प्रकाश परिहार,अजय कुमार सहित कई अन्य पुलिस बल उपस्थित थे।

### एक देशी कट्टा व जिन्दा कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार,बाइक जब्त,भेजा गया जेल,एक युवक ज़ख्मी इलाज हेतु सदर अस्पताल में भर्ती!



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। रोशना ओपी पुलिस नें गस्ती के दौरान एक युवक को देसी कट्टा व एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार करते हुए होंडा कंपनी का बाइक बीआर-39 डब्लू 6944 को किया जब्त उक्त संबंध में जानकारी देते हुए रोशना ओपी प्रभारी विवेक कुमार ने बताया कि गस्ती के दौरान जानकारी मिली कि एन एच 81 सड़क के इसराइल चौक के समीप सड़क हादसे में एक बाइक पर सवार दो युवक जख्मी हो गया हैं। गश्ती टीम मौके पर पहुंचकर ज़ख्मी युवकों को उठा रहे थे ।उठाने के दौरान सूजन कुमार सिंह उम्र 19 वर्ष पिता बसंत सिंह साकिन बेनी मलिकपुर थाना बलिया बलौन के पास से एक देसी कट्टा व एक जिन्दा कारतूस कों बरामद करते हुए युवक को गिरफ्तार कर कागजी प्रक्रिया पूरी कर न्याय हिरासत के लिए कटिहार जेल भेज दिया है। दूसरा युवक बिमल कुमार सिंह साकिन महादेवपुर थाना प्राणपुर (रोशना ओपी) जिला कटिहार जो बुरी तरह ज़ख्मी हो गया था !जिसका इलाज रोशना ओपी पुलिस के देखरेख में कटिहार सदर अस्पताल में चल रहा हैं ! रोशना ओपी प्रभारी कुमार ने बताया कि दोनों युवक कोई अप्रिय घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे थे ! जो की सड़क हादसे का शिकार हो गया।

### देश की जातीय जनगणना केंद्र सरकार के द्वारा करवाई जाय:-रंजीत



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। जातीय जनगणना विपक्षी पार्टी के दिए के बयान पर प्रदेश जदयू के सलाहकार समिति के सदस्य रंजीत कुमार पासवान ने कहा कि विपक्ष का आरोप निराधार हैं ।इस पर विपक्ष का आरोप को सिद्ध करने का भरपूर समय दिया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार केंद्र सरकार से कहा है कि न केवल बिहार में बल्कि पूरे देश जातीय जनगणना केंद्र सरकार के द्वारा करवाई जाए ।जिस पर केन्द्र की सरकार देश के शोषित पीड़ित, वांछित, दलित, आदिवासी और अल्पसंख्यक समुदाय के अधिकारों को हनन करने की मंशा से जातीय जनगणना कराने से केंद्र सरकार भागती रहीं। आज देश की माग हैं कि जातीय जनगणना कराकर जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी के आधार पर देश के आम आवाम के अधिकारों की रक्षा की जाए की जाए और बाबा साहेब आंबेडकर के द्वारा दिए गए संविधान के प्रदत शक्तियों का उपयोग कर हरेक नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। इसी कड़ी में मजबूरन बिहार सरकार को अपने स्तर से जातीय जानगणना कराकर केंद्र सरकार पर आसिन साप्रदायिक गैर जिम्मेवराना, लगववादी, दलित, शोषित विरोधी ताकतों को बिहार सरकार ने नयना दिखाने का काम किया हैं। फिर भी हमारे नेता का ये उदारपन है कि हमारी गलतियों को सिद्ध करने का एक मौका दिया जा रहा हैं ।जो हमने नहीं किया है। केंद्र सरकार अपने स्तर बिहार सहित पूरे देश में जातीय जनगणना करा लें।

## नवरात्रि के आठवें दिन मां महागौरी की हुई पूजा, महानवमी आज



» मदरलैण्ड संवाददाता

बेतिया। लौरिया नवरात्रि का आठवां दिन मां महागौरी की पूजा के लिए समर्पित है। नवरात्रि के आठवें दिन मां महागौरी की पूजा की गई। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। माता के जयकारों से पूरा मंदिर परिसर और पंडाल गूंज उठा। लोगों ने पूरे विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच मां दुर्गा के आठवें स्वरुप मां महागौरी की आराधना की।इस बीच शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों के देवी मंदिरों में पूरे दिन मां दुर्गा के आठवें रुप महागौरी की पूजा अर्चना भक्ति व श्रद्धा के साथ होती रही। नवरात्र के आठवें दिन सुबह से तमाम दुर्गा मंदिरों में और दुर्गा पूजा पंडालो मे श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया।

सुबह से देर शाम तक क्षेत्र के विभिन्न देवी मंदिरों ,पूजा पंडालों में भक्तो की लंबी लंबी कतारें लगी रही इस बीच करतल ध्वनि से माता महागौरी की आराधना में लीन भक्त उत्साहित और दर्शन को आतुर रहे। प्रखंड कार्यालय परिसर में नव युवक संघ पूजा समिति बेलवा लौरिया, आदि शक्ति दुर्गा पूजा समिति जेपी नगर, कपूर्री आश्रम दुर्गा पूजा समिति, नवयुवक दुर्गा पूजा समिति सिसवनिया, नवयुवक दुर्गा पूजा समिति ढाढ़वा सहित प्रखंड के सभी पंचायत ग्राम सहित टोला मुहल्ला में भव्य आयोजन किया गया है ।जहा सप्तमी तिथि को माता का पट खुलते ही भक्त लंबी लंबी कतारें बनाकर आस्था पूर्वक दर्शन कर अपने को कृत संकल्पित होकर आस्था के सागर में गोते लगाने को आतुर रहे । इधर ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर बजते भक्ति गीतों की धुन से पूरा वातावरण माता के जय घोष से गुंजायमान रहा। वही नवयुवक दुर्गा पूजा समिति कपूर्री आश्रम के अध्यक्ष मनोहर ठाकुर ने बताया के प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया जा रहा है।

मौके पर चन्दन सैनी,अंगूर आलम,रितेश कुमार,मुना यादव, शशि शेखर, वैभव कुमार, नितरंजन कुमार, अर्जुन ठाकुर, मनोज यादव, सचिन यादव सहित दर्जनों पूजा समिति के सदस्य मौजूद थे।

## शांतिपूर्ण माहौल में दूर्गा पूजा मनाने को लेकर लौरिया पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

» मदरलैण्ड संवाददाता



बेतिया। बेतिया शांति पूर्ण माहौल में दुर्गा पूजा मनाने को लेकर लौरिया पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला।

दुर्गा पूजा को लेकर लौरिया थाने की पुलिस अलर्ट मोड़ में है। स्थानीय पुलिस ने नगर से लेकर थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला पुलिस ने लोगों से शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल में दूर्गा पूजा मनाने की अपील की।

थानाध्यक्ष कैलाश कुमार के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाली गयी। जो नगर क्षेत्र के साथ साथ सिसवनिया,तेलपुर, देउरवा, बगही बसवरिया, कंधवलिया, बेलवा लखनपुर, बेलवा मोड़, धोबनी, मटियरिया बंगाली कालोनी, सिरकहिया, कटैया लाकड़ सिसई, बहुअरवा आदि पंचायत के गांवों समेत अन्य गांवों का भ्रमण किया । इस दौरान थानाध्यक्ष कैलाश कुमार ने लोगों से दूर्गा पूजा के मौके पर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने, सरकार के निदेर्शों का पालन करने, अफवाहों से बचने, संदिग्धों के बारे में पुलिस को सूचना देने डीजे नहीं बजाने समेत सरकार के अन्य दिशानिर्देश को मानने की अपील की गयी। पुलिस ने पूजा पंडालों का भी निरीक्षण किया। थानाध्यक्ष कैलाश कुमार ने कहा कि दूर्गा पूजा को लेकर इलाके के असमाजिक तत्वों की गतिविधियों पर पुलिस की पैनी निगाह हैं। दूर्गा पूजा पंडालों पर पुलिस बल की भी व्यवस्था की गयी हैं।

## रोशना ओपी में कार्यरत एएसआई बने दरोगा



» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। रोशना ओपी में कार्यरत एएसआई मनोज कुमार ठाकुर विभागीय प्रमोशन के बाद बने दारोगा रोशना ओपी प्रभारी विवेक कुमार के द्वारा एएसआई ठाकुर के कंधे पर डबल स्टार पदोन्नत कर प्रोत्साहित किया गया मौके पर ओपी प्रभारी विवेक कुमार ने पदोन्नति पाने वाले मनोज कुमार ठाकुर को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जनता के हित और ईमानदारी निष्पक्ष रूप से काम करने वाले पुलिस कर्मियों को उनकी ईमानदारी और मेहनत का फल एक न एक दिन मिलता है ! वही पुलिस अवर निरीक्षक उमाशंकर यादव ने एसआई मनोज ठाकुर को उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए समाजहित और पुलिस महकमे का नाम रोशन करने की उम्मीद जताई है ! इस दौरान एसआई मनोज कुमार ठाकुर ने सभी पुलिस पदाधिकारीयों को आभार जताया है ! मौके पर एसआई अजय कुमार पासवान,पी एस आई गोपाल कुमार राम सहित पुलिस बल व चौकीदार उपस्थित थे !

## साक्षर भारत के वरीय प्रेरक की मांग पूरी तरह से जायज: विधायक महबूब आलम

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार। बारसोई , बिहार राज्य प्रेरक संघ पटना के आह्वान पर एक वरीय प्रेरक समूह के सदस्यों वरीय प्रेरक हरि किशोर, वेदनाथ रविदास ने विधायक महबूब आलम को मांग पत्र सोपा तथा सरकार के समक्ष मांगों पर विचार करने का अनुरोध किया ह्व विधायक महबूब आलम ने वरीय प्रेरक के द्वारा मांग पत्र को विस्तृत रूप से पढ़ने के उपरांत कहा कि आप लोगों की मांग पूरी तरह से जायज है सरकार के समक्ष आप लोगों की मांग को रखी जाएगी। वही बता दे की मांग पत्र में कहा गया है कि साक्षर भारत योजना से बेरोजगार हेतु प्रेरक समन्वयको को बिहार विधानसभा सदन के द्वारा समावेशन करने हेतु ग्रामीण क्षेत्र में प्रेरकों ने 2000 प्रति माह मानदेय प्राप्त करने के साथ साक्षर महिला पुरुषों को साक्षर कर भारत की विभिन्न जनकल्याण योजना में जैसे मतदान प्रतिशत बढ़ाना इछड कार्य वृद्धि पेंशन सत्यापित कार्य शिक्षा का अधिकार कानून का प्रचार प्रसार तीनों मानव श्रृंखला मैं पंचायत संयोजक के रूप में सफल बनाना नशा मुक्ति अभियान बाल विवाह दहेज प्रथा शौचालय निर्माण कार्य स्वच्छ भारत कार्यक्रम बापू आपके द्वार कार्यक्रम मुख्यमंत्री के साथ निश्चय कार्यक्रम आर्थिक जनगणना 19वीं पशु गणना को सफल बनाने में हमारी अहम भूमिका है लगातार 7 वर्षों की सेवा कल अथवा जीवन का महत्वपूर्ण समय विभाग को समर्पित करने के उपरांत 31 मार्च 2018 से साक्षर भारत योजना के प्रेरक एवं समन्वयक कर्मी की सेवा बिना किसी पूर्वक सूचना की समाप्त कर दी गई है बिहार सरकार शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव आलोक में आदर्श प्राथमिक शिक्षक चयन रोस्टर 50% महिला आरक्षण के तहत अधिसूचना संविदा के आधार पर नियोजित सभी कर्मी को नियमित करने का आदेश दिया गया था लेकिन प्रेरक समन्वयको आज तक नियमित नहीं किया गया है वही वरीय प्रेरक सह प्रदेश कोषा अध्यक्ष हरि किशोर, वेदनाथ रविदास, अवध कुमार पांडे, नूर हुदा, अताउरहमान, ने कहा कि विधायक महबूब आलम द्वारा अस्वस्थ करते हुए कहा कि सरकार के समक्ष मांग को रखी जाएगी तथा मांग पूरी तरह से जायज है ।

## धर्म के नाम पर निर्दोष पशुओं की हत्या से ईश्वर नहीं होते प्रसन्न




» मदरलैण्ड संवाददाता

बेगुसराय। बरौनीआर्य समाज मंदिर बारो में रविवार को बलि प्रथा विशेष आधारित एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया ।बलि प्रथा पर चर्चा करते हुए वैदिक आचार्य भूपेंद्र आर्य ने कहा कि वेद में कहीं भी निर्दोष पशुओं की हत्या की बात नहीं की गई है बल्कि उसकी रक्षा की बात की गई। पवित्र वेद (यजुर्वेद) की यही शिक्षा है कि आर्य को सबका मित्र होना चाहिए ।वेद को ज्ञान,विश्व का श्रेष्ठकर्म यज्ञ और श्रेष्ठ व्यक्ति को आर्य कहा जाता है। निश्चय ही वह किसी का जीवन नष्ट नहीं कर सकता। इसलिए पवित्र शास्त्रों में उसका आदेश दिया गया है कि घोड़े, गाय, भेड़ या बकरी को नहीं मारोगे, तुम दो पैरों वाले को नहीं मारोगे ।हे मनुष्य, मिलनसार हिरण की रक्षा करें, दुधारू या अन्य उपयोगी जानवरों को मत मारो। अन्यत्र शास्त्र कहता है जो अपनी भलाई के लिए दूसरों को परेशान करते हैं वे राक्षस हैं । मांस खाना, शराब पीना, जुआ खेलना और व्यभिचार, ये सभी मनुष्य की मानसिक क्षमताओं को नष्ट कर देते हैं ।निर्दोष पशुओं की हत्या कहीं भी धर्म नहीं है ।इससे ईश्वर प्रसन्न नहीं होते हैं। हमें पशुओं की रक्षा करनी चाहिए। सरकार भी निरन्तर बलि प्रथा की रोकथाम के लिए लोगों को जागरूक कर रही है। कार्यक्रम का प्रारंभ वैदिक यज्ञ के साथ किया गया। मुख्य यजमान पद को योगाचार्य धर्मेंद्र आर्य एवं निभा आर्या ने शुशोभित किया। पंडित गोविंद आर्य ने यज्ञ को संपन्न कराया ।इस मौके पर रविंद्र नाथ आर्य, कैलाश आर्य, सुधीर आर्य, संतोष आर्य,वेद प्रकाश आर्य, श्याम आर्य,विष्णु , अमित , सुशांत, अग्निवेश, रामप्रवेश, अमित ठाकुर आर्य,सत्य प्रकाश, शौर्य,सुलोचना देवी,कमला देवी,शैल आर्या, निधि, खुशी, मन्नु,हर्षिता वाला, नव्या रानी आर्या सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में मोटरसायकिल सवार तीन की मौत

» मदरलैण्ड संवाददाता



बेगुसराय। 21 अक्टूबर को रात्रि 9 बजे के लगभग थाना क्षेत्र के दुलारपुर बैंक ढाला के पास बाइक और पिकअप में आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। इसमें बाइक पर सवार दो युवक की मौत घटनास्थल पर हो गई। जबकि एक आंशिक रूप से घायल गया। गाड़ी की टक्कर की आवाज सुनकर स्थानीय लोग पहुंचे और तेघड़ा थाना को सूचना दी ।घटना की सूचना मिलते ही तेघड़ा थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर तेघड़ा थाना लाया गया। घायल युवक को इलाज हेतु अस्पताल भेजा। मृतक की पहचान समस्तीपुर जिला अंतर्गत विद्यापति थाना क्षेत्र के शेरपुर पंचायत वार्ड संख्या तीन निवासी गरभु राय के 30 वर्षीय पुत्र विकास कुमार व शेरपुर पंचायत वार्ड संख्या तीन निवासी नानी राय के 12 वर्षीय पुत्र अमित कुमार केरूप में हुई। घायल समस्तीपुर जिला के विद्यापति थाना अंतर्गत शेरपुर पंचायत वार्ड संख्या तीन निवासी सियाराम राय का 20 वर्षीय पुत्र संजीत कुमार है ।घायल संजीत कुमार ने बताया हम लोग तेघड़ा थाना क्षेत्र की गौरा पंचायत में घर ढलाई में आए थे और मजदूरी कर लौट रहे थे। वापस जानेके क्रम में मोटरसाइकिल की जोरदार टक्कर बछवाड़ा से आ रही पिकअप से हुई। घटना के बाद पिकअप चालक भाग गया। वह बाइक पर विकास कुमार जो ठेकेदार है उसी के साथ जा रहा था। बाइक विकास कुमार ही चल रहा था और अमित कुमार जो ग्रामीण ही है वह भी साथ में था है लोग ट्रैक्टर से वापस चले गए। घायल संजीत कुमार को बेहतर इलाज हेतु बेगुसराय भेजा गया जहाँ इलाज के क्रम में उसकी भी मौत हो गई।

## स्काउट गाइड द्वारा दुर्गा मंदिर परिसर में पांच दिवसीय मेला शिविर का आयोजन



» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। बिहार राज्य भारत स्काउट गाइड जिला कटिहार के द्वारा बड़ी दुर्गा मंदिर में भारत स्काउट गाइड द्वारा माता की श्रद्धालुओं को किसी प्रकार के कोई दिक्कत ना हो ,उसे देखते हुए स्काउट गाइड द्वारा दुर्गा स्थान के परिसर में पांच दिवसीय मेला शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

जिला सचिव संजय कुमार के निदेर्शानुसार सेवा शिविर को सफल बनाने में कटिहार जिला के समस्त स्काउट दल,गाइड कंपनी,रोवर,रेंजर एवं विद्यालयों के बच्चे उपस्थित है। इस सेवा शिविर में शिविर प्रधान काशी प्रसाद चौहान ,सहायक शिविर प्रियंका कुमारी को बनाया गया।

इस सेवा शिविर को सफल बनाने में आशीष रंजन, राजेश वर्मा ,रामबाबू, विजय शर्मा, संजय सिंह ,रोहित कुमार, ललन कुमार ,उदय मंडल, प्रत्यूष कुमार, अमित कुमार ,अजय महतो ,अजय ठाकुर, राहुल ,करण, मोहम्मद आजम, सनी श्रीवास्तव, सायरा खातून, रीना कुमारी, अंजली कुमारी, श्वेता कुमारी ,नेहा कुमारी, निशा सिंह, सरस्वती कुमारी, संतोषी कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, आदि स्काउट गाइड के बच्चे उपस्थित होकर इस सेवा शिविर को सफल बना रहे हैं।

## साधु संत प्रवचनकर्ता के कथनी-करनी में समानता होता है, सरस्वती उसके जिह्वा पर बैठ जाती है- डा0 राजकुमार आजाद

» मदरलैण्ड संवाददाता




बेगुसराय। शनिवार को बेगुसराय जिला अन्तर्गत तेघड़ा प्रखंड के पिढौली के सार्वजनिक दुर्गा स्थान, वाजिदपुर के प्रांगण में श्री देवी भागवत कथा के सातवें और आखिरी दिन मुख्य अतिथि डा० राजकुमार आजाद ने संबोधित करते हुए कहा कि ₹ धर्म धारण के लिए बना है। जिस साधु संत और प्रवचनकर्ता के कथनी-करनी में समानता होता है, उसके जिह्वा पर सरस्वती का निवास हो जाता है। उसके बोलने मात्र से बांझ औरत को पुत्र, दरिद्र को धन की प्राप्ति हो जायेगी तथा रोगी का रोग समाप्त हो जाएगा। मुख्य वक्ता प्रख्यात भागवत कथा वाचक डा० कैलाश जी महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि जो व्यक्ति नौ दिनों तक शांत चित्त होकर भागवत कथा का श्रवण करेगा, आवागमन के झंझट से मुक्त हो जाएगा और जीवन निर्मल हो जाएगा। विशिष्ट अतिथि श्रीमती पूनम आजाद ने माता का भजन₹ माता बर दुलरी, अपना सेवक पर सहाय रहती ₹ गाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आरगन पर अरबा, बछवाड़ा निवासी राम कुमार,नाल पर मल्हीपुर, भगवानपुर निवासी गोविंद तथा पैड पर लखनपुर, भगवानपुर निवासी मिथुन कुमार ने संगत करके संगीतमय भक्ति भजन से अध्यात्मिक सराबोर कर दिया। आयोजनकताओं ने सभी अतिथियों तथा कलाकारों को पुष्पों की माला पहनाकर तथा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। माता का पट अर्थात दरबार खुलने के बाद जयकार लगाया गया तथा सभी दर्शकों को प्रसाद देकर विदा किया गया।










# प्रसिद्ध अभिनेत्री निर्मल ऋषि ब्रांड एंबेसडर के रूप में हीलिंग हॉस्पिटल से जुड़ीं

अंबाला । पूरी तरह से एक अलग सहभागिता करते हुए हीलिंग हॉस्पिटल चंडीगढ़ ने गर्व से जानी मानी और प्रसिद्ध अभिनेत्री, निर्मल ऋषि को अपने सम्मानित ब्रांड एंबेसडर के तौर पर अपने साथ जोड़ा है। हीलिंग हॉस्पिटल, चंडीगढ़ मरीजों की बेहद सहजता से और उनके रोग की गंभीरता को समझते हुए काफी अच्छे से देखभाल करता है।




हीलिंग हॉस्पिटल, चंडीगढ मरीजों की विश्वस्तरीय केयर प्रदान करने के लिए समर्पित है और इसी लक्ष्य को हासिल करने के लिए निर्मल ऋषि का साथ लिया गया है। इस साझेदारी का उद्देश्य न केवल उनकी विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाना है, बल्कि अद्वितीय समर्पण के साथ समुदाय की सेवा जारी रखते हुए उपचार की संस्कृति का प्रोत्साहित करना भी है।

अपने विचार व्यक्त करते हुए, निर्मल ऋषि ने कहा कि 'मैं हीलिंग हॉस्पिटल चंडीगढ़ के इस सेवाभाव मिशन के लिए प्रतिबद्ध हूं। हीलिंग हॉस्पिटल चंडीगढ़ के ब्रांड एंबेसडर के रूप में शामिल होना एक असाधारण अवसर है जो मुझे लोगों के जीवन में वास्तविक बदलाव लाने के लिए कहानी कहने के अपने जुनून का उपयोग करने की अनुमति देता है। मैं एक ऐसी संस्था के साथ हाथ से काम करने के लिए उत्साहित हूं जो एक स्वस्थ और अधिक समर्पित दुनिया के लिए मेरे दृष्टिकोण को साझा करती है।'

हीलिंग हॉस्पिटल के मैनेजिंग पार्टनर साहिबजीत सिंह संधू ने भी साझेदारी को लेकर अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा कि 'हमारे ब्रांड एंबेसडर के रूप में निर्मल ऋषि का हमारे साथ जुड़ना सिर्फ एक सामान्य घटनाक्रम नहीं है; यह एक हेल्थकेयर रेवोल्यूशन की शुरूआत है। सामाजिक मुद्दों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और उनकी गर्मजोशी उन्हें हमारे अस्पताल के मिशन का आदर्श चेहरा बनाती है। हम उत्सुकता से इसे नया आकार देने के लिए उत्सुक हैं और साथ ही मरीजों को भी विश्वस्तरीय केयर प्रदान करने के लिए तैयार हैं।'

हीलिंग हॉस्पिटल चंडीगढ़ के को-मैनेजिंग पार्टनर हशमीत सिंह बुट्टर ने इस नई सहभागिता पर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि 'हमारा लक्ष्य हमेशा एक बेहतर हीलिंग वाला माहौल बनाने पर रहा है जो मानवीय स्पर्श के साथ बेस्ट मेडिकल केयर प्रदान करता है। निर्मल ऋषि का सहयोग हमें हीलिंग, सहानुभूति और समग्र स्वास्थ्य देखभाल के हमारे संदेश को व्यापक वर्ग तक ले जाने में मदद करेगा।'

# वैश्विक रुख और कच्चे तेल की कीमतों के उतार-चढ़ाव से तय होगी बाजार की चाल




नई दिल्ली, एजेंसी। इस सप्ताह घरेलू शेयर बाजार की दिशा कंपनियों के तिमाही परिणामों, वैश्विक रुख और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव से तय होगी। विश्लेषकों ने कहा कि निवेशकों की नजरें हमास-इजराइल संघर्ष के बीच पश्चिम एशिया की गतिविधियों तथा विदेशी निवेशकों के रुख पर भी रहेगी। मंगलवार को विजयदशमी पर्व पर बाजार में अवकाश रहेगा। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिकी बांड पर बढ़ते प्रतिफल, वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता और भू-राजनीतिक तनाव के चलते वैश्विक बाजार में सुस्ती छाई हुई है। इन कारकों पर नजदीक से नजरें रखने की जरूरत है, क्योंकि ये बाजार धारणा को प्रभावित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि तिमाही परिणामों के सत्र में बाजार भागीदारों की नजरें डॉलर के मुकाबले रुपए की चाल और कच्चे तेल की कीमतों के साथ-साथ विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) और घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) के निवेश के रुख पर रहेगी। एक अन्य बाजार के जानकार ने कहा कि गुरुवार को मासिक डेरिवेटिव अनुबंधों के निपटान की वजह से भी बाजार में उतार-चढ़ाव रह सकता है। बाजार आगे इजराइल-फलस्तीन संघर्ष से दिशा लेगा। इसके अलावा कुछ बड़ी कंपनियों के तिमाही नतीजों पर भी सभी की नजर रहेगी। उनका कहना है कि इस सप्ताह ब्रिटेन के सेवा पीएमआई, अमेरिका के विनिर्माण और सेवा पीएमआई, अमेरिका के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी), बेरोजगारी दावे के आंकड़े भी आएंगे जो बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेंगे।

भारत सहित दुनियाभर के बाजार भू-राजनीतिक चुनौतियों, कच्चे तेल की कीमतों और बांड प्रतिफल में उतार-चढ़ाव पर प्रतिक्रिया देंगे। इसके अलावा तिमाही नतीजों की वजह से शेयर विशेष गतिविधियां भी देखने को मिलेंगी। बाजार विशेषज्ञों को उम्मीद है कि कम कारोबारी सत्र वाले इस सप्ताह में तिमाही परिणाम महत्वपूर्ण रहेंगे। वैश्विक मोर्चे पर यूरोपीय केंद्रीय बैंक (यूसीबी) इस सप्ताह ब्याज दर पर निर्णय की घोषणा करेगा। उन्होंने बताया कि इस सप्ताह एक्सिस बैंक, टेक महिंद्रा, मारुति सुजुकी और बजाज फिनसर्व के सितंबर तिमाही के नतीजे आएंगे। इसके अलावा सप्ताह के दौरान केनरा बैंक, एशियन पेंट्स, पीएनबी, बीपीसीएल और रिलायंस इंडस्ट्रीज के नतीजे भी आएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### अपनी एसयूवी श्रृंखला के लिए नया पेट्रोल इंजन बना रही टाटा मोटर्स

नई दिल्ली, एजेंसी। टाटा मोटर्स एक नया पेट्रोल पावरट्रेन विकसित कर रही है जिसका इस्तेमाल उसके प्रीमियम स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहनों (एसयूवी) हैरियर और सफारी में किया जाएगा। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। ये मॉडल अभी दो लीटर डीजल इंजन के साथ आते हैं। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इंजन बनाया जा रहा है और आगे चलकर इसे दो मॉडलों में पेश किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कंपनी ने केवल डीजल पावरट्रेन पर ध्यान केंद्रित किया है, क्योंकि उस खंड में प्रतिवर्ष करीब दो लाख इकाई का 80 प्रतिशत बाजार डीजल पर निर्भर है। इस खंड में हैरियर और सफारी आती हैं। उन्होंने कहा कि हमारा शुरूआत में डीजल पर ध्यान एक साधारण कारण से गया कि इस एसयूवी खंड के लिए दो लाख इकाई के बाजार का 80 प्रतिशत मूल रूप से डीजल है, जिसका मतलब है कि ग्राहक इसके बेहतर टॉर्क प्रदर्शन के कारण डीजल को पसंद करते हैं। कंपनी 1.5 लीटर जीडीआई इंजन पर काम कर रही है। कार्य प्रगति पर है। इसे उचित तरीके से विकसित किए जाने की आवश्यकता है और इसके अलावा उत्पाद को इंजन के साथ एकीकृत करना होगा। इसके अलावा हम क्षमता निर्माण पर भी काम कर रहे हैं। यह पेट्रोल इंजन थोड़ा दूर है लेकिन यह आने वाला है। टाटा मोटर्स ने पिछले सप्ताह क्रमशः 15.49 लाख रुपये और 16.19 लाख रुपये की शुरूआती कीमत के साथ हैरियर और सफारी के नए मॉडल पेश किए थे। हैरियर और सफारी के इन उन्नत संस्करणों को ग्लोबल एनसीएपी से शीर्ष सुरक्षा रेटिंग मिली है।

### सरकार भारत में बने सौर पैनल ही एएलएमएम के तहत पंजीकृत करेगी: सिंह

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्र सरकार अगले तीन से चार साल में केवल देश में ही निर्मित सेल, वेफर्स और पॉलीसिलिकॉन से बने सौर पैनल को मॉडल और निमार्ताओं की अनुमोदित सूची (एएलएमएम) के तहत पंजीकृत करने पर विचार कर रही है। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने भी अपने मंत्रालय के संबंधित अधिकारियों से इस संबंध में एक नीति बनाने के लिए कहा है। सरकार ने सौर पैनल के घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए एएलएमएम की शुरूआत की थी। मंत्री ने कहा कि कम दक्षता वाले मॉड्यूल को एएलएमएम से बाहर कर दिया जाता है। हम अपनी नीतियां विकसित करेंगे। हम केवल उन मॉड्यूल की सुरक्षा करेंगे, जो भारत में बने सेल हैं। एक या दो साल में हम ऐसी नीति लेकर आएंगे। फिर एक से दो साल के बाद हम एक नीति लाएंगे कि वेफर्स और पॉलीसिलिकॉन भी भारत में बनने चाहिए। उन्होंने कहा कि हम केवल उन्हीं कंपनियों को एएलएमएम के तहत पंजीकृत करते हैं जिनके सेल, वेफर्स और पॉलीसिलिकॉन भारत में बनाए गए हैं। इस कदम से 'मेक-इन-इंडिया' के लक्ष्य को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। सरकार अगले कुछ वर्षों में सौर पैनलों कलपुर्जों के आयात को बढ़ावा नहीं देगी।

### एलएंडटी फाइनेंस का मुनाफा 46 फीसदी बढ़कर 595 करोड़ हुआ

नई दिल्ली, एजेंसी। एलएंडटी फाइनेंस होल्डिंग्स का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में रिकॉर्ड खुदरा कर्ज आवंटन के दम पर मुनाफा 46 प्रतिशत बढ़कर 595 करोड़ रुपए हो गया। कंपनी ने एक बयान में यह जानकारी दी। गैर-बैंकिंग वित्त कंपनी ने कहा कि सितंबर तिमाही में इसका खुदरा कर्ज वितरण 32 प्रतिशत बढ़कर 13,499 करोड़ रुपए रहा, जो उसका एक तिमाही में अब सर्वाधिक खुदरा कर्ज वितरण है। इसके कुल कर्ज आवंटन में खुदरा खंड की हिस्सेदारी 88 प्रतिशत है। हालांकि थोक कर्ज वितरण में सालाना आधार पर 28,740 करोड़ रुपए की भारी गिरावट दर्ज की गई। एलएंडटी फाइनेंस होल्डिंग्स के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सकल गैर निष्पादित आस्तियां (एनपीए) 3.82 प्रतिशत से घटकर तीन प्रतिशत और एनपीए 1.14 प्रतिशत से कम होकर एक प्रतिशत हो जाने से संपत्ति गुणवत्ता में सुधार हुआ है। ब्याज मार्जिन 12.16 प्रतिशत हो गया, जबकि पिछले साल की समान तिमाही में यह 11.33 प्रतिशत था। इससे कर्ज की लागत 3.46 प्रतिशत से घटकर 2.74 प्रतिशत हो गई। आलोच्य तिमाही में एलएंडटी फाइनेंस की ब्याज से आय 11 प्रतिशत बढ़कर 1,729 करोड़ रुपए हो गई, जबकि कर्ज लागत 575 करोड़ रुपए से 10 प्रतिशत घटकर 517 करोड़ रुपए रह गई।

### पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी। कच्चे तेल की कीमतों में स्थिरता बनी रहने से देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में रविवार को कोई बड़ा बदलाव देखने को नहीं मिला है। उत्तर प्रदेश में पेट्रोल 96.48, महाराष्ट्र में 106.61, मध्य प्रदेश में 109.82 और पंजाब में 98.74 रुपए प्रति लीटर मिल रहा है। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए और डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपए और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपए और डीजल 94.24 रुपए प्रति लीटर, कानपुर में पेट्रोल 96.48 रुपए और डीजल 89.45 रुपए प्रति लीटर हो गया है।

# चीन ने प्रमुख ईवी बैटरी घटक पर नए निर्यात प्रतिबंध लगाए



गकांग, एजेंसी। चीन ने राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर दिसंबर से कुछ ग्रेफाइट उत्पादों पर अतिरिक्त निर्यात प्रतिबंधों की घोषणा की है। चीन का यह कदम दुनिया भर में ईवी निमार्ताओं को प्रभावित कर सकता है, क्योंकि देश प्राकृतिक ग्रेफाइट का मुख्य स्त्रोत और उत्पादक है। एक रिपोर्ट में बताया कि चीन में निर्यातकों को 1 दिसंबर से परमिट के लिए आवेदन करने की आवश्यकता होगी। अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान ग्रेफाइट के शीर्ष आयातकों में से हैं। मशीनरी, पेट्रोकेमिकल, रक्षा और एयरोस्पेस क्षेत्रों के लिए बैटरी, ईंधन सेल और स्नेहक बनाने के लिए ग्रेफाइट का व्यापक रूप से उपयोग होता है।

हाल के वर्षों में मांग बढ़ी है क्योंकि यह इलेक्ट्रिक वाहन बैटरी के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला कच्चा माल है। चीन ने 2022 में कुल विश्व ग्रेफाइट आपूर्ति का अनुमानित 65 प्रतिशत उत्पादन किया। देश के वाणिज्य मंत्रालय ने कहा, विशिष्ट ग्रेफाइट वस्तुओं पर निर्यात नियंत्रण लगाना एक आम अंतरराष्ट्रीय प्रथा है। दुनिया के सबसे बड़े ग्रेफाइट उत्पादक और निर्यातक के रूप में चीन लंबे समय से अप्रसार जैसे अपने अंतरराष्ट्रीय दायित्वों को मजबूती से पूरा कर रहा है। मंत्रालय ने कहा, राष्ट्रीय सुरक्षा और हितों की रक्षा की आवश्यकता के आधार पर चीन ने कानून के अनुसार विशिष्ट ग्रेफाइट वस्तुओं पर निर्यात नियंत्रण लागू किया है, और कुछ ग्रेफाइट वस्तुओं पर अस्थायी नियंत्रण लागू किया है।

# बीते सप्ताह सेंसेक्स की प्रमुख 10 कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.52 लाख करोड़ घटा

● सबसे अधिक नुकसान में रिलायंस इंडस्ट्रीज और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज रहीं

नई दिल्ली, एजेंसी। बीते सप्ताह सेंसेक्स की प्रमुख 10 कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 1,52,979.78 करोड़ रुपए की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान में रिलायंस इंडस्ट्रीज और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) रहीं। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 34,876.78 करोड़ रुपए घटकर 15,55,531.53 करोड़ रुपए पर आ गया। टीसीएस के बाजार मूल्यांकन में 27,827.08 करोड़ रुपए की गिरावट आई और यह 12,78,564.03 करोड़ रुपए रह गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार पूंजीकरण 18,103.6 करोड़ रुपए के नुकसान से 5,86,223.02 करोड़ रुपए पर और बजाज फाइनेंस की 17,171.75 करोड़ रुपए की गिरावट के साथ 4,70,574.90 करोड़ रुपए रह गई। आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 13,518.4 करोड़ रुपए घटकर 6,53,120.67 करोड़ रुपए रह गया। आईटीसी के मूल्यांकन में 12,533.27 करोड़ रुपए की गिरावट आई और यह 5,46,537.83 करोड़ रुपए पर आ गया। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का बाजार पूंजीकरण 11,512.75 करोड़ रुपए घटकर 5,02,678.77 करोड़ रुपए पर और एचडीएफसी बैंक का 10,387.09 करोड़ रुपए के नुकसान से 11,54,748.49 करोड़ रुपए पर आ गया। भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 5,139.88 करोड़ रुपए घटकर 5,30,896.08 करोड़ रुपए पर आ गया। इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण 1,909.18 करोड़ रुपए घटकर 5,92,342.82 करोड़ रुपए रह गया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, भारती एयरटेल, एसबीआई और बजाज फाइनेंस का स्थान रहा।

# आईसीआईसीआई बैंक का मुनाफा बढ़कर 10,261 करोड़ पहुंचा




नई दिल्ली, एजेंसी। निजी क्षेत्र के आईसीआईसीआई बैंक का चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में एकल आधार पर मुनाफा 36 प्रतिशत बढ़कर 10,261 करोड़ रुपए हो गया। बैंक ने शेयर बाजारों को यह सूचना देते हुए कहा कि एक साल पहले की समान तिमाही में उसका मुनाफा 7,558 करोड़ रुपए रहा था। आलोच्य तिमाही में बैंक की कुल आय बढ़कर 40,697 करोड़ रुपए हो गई, जबकि साल भर पहले यह 31,088 करोड़ रुपए रही थी। बीती तिमाही में बैंक की ब्याज से आय बढ़कर 34,920 करोड़ रुपए हो गई जो पिछले साल की समान अवधि में 26,033 करोड़ रुपए थी। इसकी शुद्ध ब्याज आय भी सालाना आधार पर 24 प्रतिशत बढ़कर 18,308 करोड़ रुपए हो गई। एक साल पहले की समान अवधि में यह 14,787 करोड़ रुपए थी। समीक्षाधीन अवधि में बैंक का ब्याज मार्जिन 4.53 करोड़ रुपए हो गया जबकि पिछले साल सितंबर तिमाही में यह 4.31 प्रतिशत था। बैंक की परिसंपत्ति गुणवत्ता में भी सुधार हुआ है। पिछली तिमाही में इसकी गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (एनपीए) घटकर सकल कर्ज का 2.48 प्रतिशत रहीं। साल भर पहले की समान अवधि में यह 2.76 प्रतिशत था। इसी तरह एनपीए यानी फंसा कर्ज घटकर 0.43 प्रतिशत हो गया जबकि पिछले साल यह 0.61 प्रतिशत था। एकीकृत आधार पर आईसीआईसीआई बैंक का मुनाफा 36 प्रतिशत बढ़कर 10,896 करोड़ रुपए रहा जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह 8,007 करोड़ रुपए था।

# एलन मस्क की नेटवर्थ में दो दिन में 22 अरब डॉलर की गिरावट



● मुकेश अंबानी और गौतम अडानी की नेटवर्थ में गिरावट आई

नई दिल्ली, एजेंसी। विश्व के सबसे बड़े अमीर एलन मस्क की नेटवर्थ में गिरावट का सिलसिला हफ्ते का आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को भी जारी रहा। गुरुवार को उनकी नेटवर्थ में 16.1 अरब डॉलर की गिरावट आई थी जबकि शुक्रवार को उन्हें 5.81 अरब डॉलर की चपत लगी। इस तरह दो दिन में उनकी नेटवर्थ में करीब 22 अरब डॉलर की गिरावट आई है। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडैक्स के मुताबिक मस्क की नेटवर्थ अब 204 अरब डॉलर रह गई है। टेस्ला के शेयरों में गिरावट से मस्क की नेटवर्थ गिरी है। इस कंपनी के शेयरों में दो दिन में करीब 13 प्रतिशत गिरावट आई है। इलैक्ट्रिक कार कंपनी टेस्ला के मुनाफे में चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 44 प्रतिशत गिरावट आई है। परिणामों की घोषणा के बाद से उसके शेयरों में गिरावट आ रही है। पिछले सप्ताह दुनिया के टॉप 10 रईसों में सबकी नेटवर्थ में गिरावट आई। दुनिया के दूसरे नंबर के रईस फ्रांस के बर्नार्ड आरनॉल्ट की नेटवर्थ में 2.07 अरब डॉलर की गिरावट आई। उनकी नेटवर्थ अब 153 अरब डॉलर रह गई है। एमेजॉन के फाऊंडर जैफ बेजोस ने 3.30 अरब डॉलर गंवाए और उनके खाते में अब 149 अरब डॉलर रह गए हैं। इसके साथ ही बिल गेट्स, लैरी पेज, लैरी एलिसन, सर्गेई ब्रिन, स्टीव बाल्मर, वॉरेन बफे और मार्क जकरबर्ग की नेटवर्थ में भी गिरावट देखने को मिली।

लैरी एलिसन ने सबसे ज्यादा 6.01 अरब डॉलर गंवाए। इस गिरावट से अंबानी और अडानी को भी झटका लगा है। इस बीच भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी की नेटवर्थ में भी शुक्रवार को गिरावट आई। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडैक्स के मुताबिक अंबानी की नेटवर्थ में 11.9 करोड़ डॉलर की गिरावट आई और यह 85.8 अरब डॉलर रह गई है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन अंबानी दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 11वें नंबर पर हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ में 1.29 अरब डॉलर की गिरावट आई है। अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी की नेटवर्थ 21.1 करोड़ डॉलर की गिरावट के साथ 61 अरब डॉलर रह गई है। इस साल उनकी नेटवर्थ में रिकॉर्ड 59.5 अरब डॉलर की गिरावट आई है। वह दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 20वें स्थान पर हैं।

# विदेशों में सूरजमुखी तेल की तेजी से तेल-तिलहनों के भाव सुधरे

नई दिल्ली, एजेंसी। विदेशों में सूरजमुखी तेल के मजबूत बंद होने से शनिवार को देश के तेल-तिलहन बाजारों में अधिकांश तेल-तिलहनों की कीमतें सुधार के साथ बंद हुईं। इससे सरसों, मूंगफली, सोयाबीन तेल तिलहन और बिनौला तेल की कीमतों में तेजी रही। शनिवार को तेल-तिलहनों के भाव इस प्रकार रहे- सरसों तिलहन 5,775-5,825 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली 7,050-7,100 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) 16,250 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली रिफाइंड तेल 2,415-2,700 रुपए प्रति टिन, सरसों तेल दादरी 10,800 रुपए प्रति क्विंटल, सरसों पक्की घानी 1,820 -1,915 रुपए प्रति टिन, सरसों कच्ची घानी 1,820 -1,930 रुपए प्रति टिन, तिल तेल मिल डिलिवरी 18,900-21,000 रुपए प्रति क्विंटल, सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली- 10,025 रुपए प्रति क्विंटल, सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर 9,880 रुपए प्रति क्विंटल, सोयाबीन तेल डीगम, कांडला- 8,350 रुपए प्रति क्विंटल, सीपीओ एक्स-कांडला 7,900 रुपए प्रति क्विंटल, बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा) 8,800 रुपए प्रति क्विंटल, पामोलिन आरबीडी, दिल्ली 9,300 रुपए प्रति क्विंटल, पामोलिन एक्स कांडला 8,400 रुपए (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल, सोयाबीन दाना 4,900-5,000 रुपए प्रति क्विंटल, सोयाबीन लूज 4,700-4,800 रुपए प्रति क्विंटल और मक्का खल (सरिस्का) 4,015 रुपए प्रति क्विंटल।

# विदेशी निवेशकों ने अक्टूबर में अब तक बाजार से निकाले 12,000 करोड़



नई दिल्ली, एजेंसी। अमेरिका में बांड पर प्रतिफल में बढ़ोतरी तथा इजराइल-हमास संघर्ष की वजह से उत्पन्न हुई अनिश्चितता के चलते विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने अक्टूबर में अब तक भारतीय शेयर बाजारों से 12,000 करोड़ रुपए निकाले हैं। हालांकि इस दौरान एफपीआई ने भारतीय बांड बाजार में 5,700 करोड़ रुपए से अधिक निवेश भी किया है। बाजार के जानकारों ने कहा कि आगे चलकर भारतीय बाजारों में एफपीआई का निवेश न केवल वैश्विक मुद्रास्फीति और ब्याज दरों से, बल्कि इजराइल-हमास संघर्ष से जुड़े घटनाक्रमों से भी प्रभावित होगा। उन्होंने कहा कि भूराजनीतिक तनाव ऐसा जोखिम है जिससे भारत जैसे उभरते बाजारों में विदेशी पूंजी का प्रवाह प्रभावित हो सकता है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार इस महीने 20 अक्टूबर तक एफपीआई ने 12,146 करोड़ रुपए के शेयर बेचे हैं। इससे पहले सितंबर में भी एफपीआई शुद्ध बिकवाल रहे थे और उन्होंने 14,767 करोड़ रुपए के शेयर बेचे थे। एफपीआई मार्च से अगस्त तक इससे पिछले छह माह के दौरान लगातार लिवाल रहे थे। इस दौरान उन्होंने शेयर बाजारों में 1.74 लाख करोड़ रुपए डाले थे। उन्होंने कहा कि एफपीआई की बिकवाली की प्रमुख वजह अमेरिका में बांड प्रतिफल का लगातार बढ़ना है। अमेरिका में बांड प्रतिफल 19 अक्टूबर को 17 साल के उच्चस्तर पांच प्रतिशत पर पहुंच गया है। इसके साथ ही इस साल अब तक शेयरों में एफपीआई का कुल निवेश 1.08 लाख करोड़ रुपए और बांड बाजार में 35,000 करोड़ रुपए से अधिक हो गया है।

# कोटक महिंद्रा बैंक के अगले नए एमडी और सीईओ होंगे वासवानी

## नियुक्ति कार्यभार संभालने की तारीख से तीन साल के लिए होगी




नई दिल्ली, एजेंसी। कोटक महिंद्रा बैंक ने कहा है कि सिटीग्रुप के पूर्व बैंकर अशोक वासवानी बैंक के अगले प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) होंगे। भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंक के वासवानी की नियुक्ति को मंजूरी प्रदान कर दी है। उनकी नियुक्ति कार्यभार संभालने की तारीख से तीन साल के लिए होगी। उनकी नियुक्ति 1 जनवरी, 2024 से पहले नहीं होगी। निजी क्षेत्र के बैंक ने कहा कि नियुक्ति शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन है। वासवानी के पास करीब साढ़े तीन दशकों का अनुभव हैं। शुरू में उन्होंने सिटीग्रुप में और हाल ही में बार्कलेज में वैश्विक व्यवसायों को बड़े पैमाने पर बनाने और बढ़ाने, विजेता टीमों का पोषण करने, परिवर्तनकारी साझेदारी स्थापित करने, आगे की ओर झुकाव वाली प्रौद्योगिकी का लाभ उठाया है। वर्तमान में वासवानी पगाया टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के अध्यक्ष हैं। यह एक अमेरिकी-इजरायल एआई फिनटेक कंपनी है। अशोक वासवानी सिडेनहैम कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड इकोनॉमिक्स (बॉम्बे यूनिवर्सिटी) से वाणिज्य, अर्थशास्त्र और अकाउंटेंसी में स्नातक, चार्टर्ड अकाउंट और कंपनी सेक्रेटरी हैं। वह ब्रिटेन के बार्कलेज बैंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और बाद में उनके वैश्विक उपभोक्ता, निजी, कॉर्पोरेट और भुगतान व्यवसायों के सीईओ और समूह कार्यकारी समिति के सदस्य थे। इससे पहले, वह एशिया प्रशांत क्षेत्र में सिटीग्रुप के प्रमुख थे और सिटीग्रुप वैश्विक परिचालन एवं प्रबंधन समितियों के सदस्य थे। उन्होंने विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में विभिन्न देशों और क्षेत्रीय व्यवसायों का निर्माण और संचालन भी किया। कोटक महिंद्रा बैंक के फाउंडर और डायरेक्टर उदय कोटक ने कहा कि अशोक वासवानी एक विश्व स्तरीय नेता और डिजिटल और ग्राहक फोकस वाले बैंकर हैं। वासवानी ने कहा कि अपने काम का लोहा मनवाने वाली लीडरशिप टीम के साथ हम बैंक को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि कोटक महिंद्रा बैंक अगले पांच वर्षों में दुनिया की टॉप तीन अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनने की भारत की यात्रा में एक सार्थक भूमिका निभाए और शेयरधारकों को वैल्यू प्रदान करे।

# 20 साल बाद मिली विराट जीत, भारत ने न्यूजीलैंड को चार विकेट से पराजित किया

धर्मशाला, एजेंसी। एकदिवसीय विश्व कप क्रिकेट के एक महत्वपूर्ण मैच में भारत ने न्यूजीलैंड को चार विकेट से पराजित कर दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड की टीम 50 ओवर में 273 रन बनाकर ऑल आउट हो गई, जिसके जवाब में भारतीय टीम ने 48 ओवर में 274 रन बनाकर न्यूजीलैंड पर जीत हासिल की। विश्व कप में भारत ने 20 साल बाद न्यूजीलैंड पर जीत हासिल की है।



274 रन के स्कोर का पीछे करने आए भारत की शुरूआत शानदार रही। पहले विकेट के लिए रोहित शर्मा और शुभमन गिल ने 71 रन की पार्टनरशिप की। रोहित शर्मा आज फिर अर्धशतक से चूक गए। उन्हें 46 रन के स्कोर पर लॉकी फर्ग्यूसन ने बोल्ड कर दिया। रोहित शर्मा ने चार चौके और चार छक्के मारे। ओपनर शुभमन गिल भी 31 गेंद में 26 रन बनाकर फर्ग्यूसन की गेंद पर डैरल मिशेल द्वारा लपक लिए गए। श्रेयस अय्यर 33 रन बनाकर ट्रेंट बोल्ट की गेंद पर कॉन्वे द्वारा लपक लिए गए। लोकेश राहुल को 27 रन के स्कोर पर मिचेल सेंटर में एलबीडब्ल्यू कर दिया। भारत की परी की विशेषता विराट कोहली के 95 रन रहे उन्होंने 104 गेंद में 8 चौके और दो छक्के की सहायता से यह स्कोर बनाया। छक्का मारने के चक्कर में विराट कोहली शतक से चूक गए। उनको मैट हेनरी की गेंद पर ग्लेन फिलिप्स ने कैच किया। न्यूजीलैंड की तरफ से फर्ग्यूसन ने सबसे ज्यादा दो विकेट लिए बोल्ट, हेनरी और सेंटनर को एक-एक विकेट मिला।

इससे पहले टॉस जीत कर न्यूजीलैंड ने 50 ओवर में सभी विकेट खोकर 273 रन बनाए। न्यूजीलैंड की तरफ से राचचन रवींद्र ने 87 गेंद में छह चौके और एक छक्के की सहायता से 75 रन की पारी खेली। वहीं डिरेल मिशेल ने 9 चौके और पांच छक्के की सहायता से 130 रन बनाकर न्यूजीलैंड को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया लेकिन बाकी के बल्लेबाज कोई खास कमाल नहीं दिखा सके। न्यूजीलैंड के तीन बल्लेबाज खाता खोले बिना ही आउट हो गए। भारत की तरफ से मोहम्मद शामी ने शानदार पांच विकेट लिए। कुलदीप यादव को दो, बुमराह और सिराज को एक-एक विकेट मिले। इस जीत के साथ ही भारत अंक तालिका में शीर्ष पर आ गया है।

# अफगानिस्तान से भी हार सकती है पाकिस्तान : रमीज




लाहौर, एजेंसी। विश्वकप में पाकिस्तान टीम के लिए इस बार विश्वकप में सेमीफाइनल की राह कठिन होती जा रही है। पाक को भारत से हार के बाद ऑस्ट्रेलिया से भी हार का सामना करना पड़ा है। इसी को लेकर अब टीम की आलोचना भी शुरू हो गयी है। पाक टीम को सोमवार को अफगानिस्तान से चेन्नई में खेलना है। इस मैच में भी पूर्व कप्तान रमीज राजा ने टीम की हार की आशंकाएं जतायी हैं। आंकड़ों के लिहाज से टीम को भले ही अफगानिस्तान पर भारी माना जा रहा हो पर रमीज का मानना है कि चेपॉक की स्पिन की सहायक पिच पर अफगान स्पिनर हावी हो सकते हैं।

रमीज ने कहा, ह्यपाकिस्तान टीम का विश्वकप 2023 में स्पिन के खिलाफ अब तक रिकॉर्ड खराब रहा है। उसके बल्लेबाज अब तक स्पिन के खिलाफ सहज नजर नहीं आए हैं.। अगले मैच का स्थान स्पिन गेंदबाजों के लिए सहायक रहा है, ऐसे में राशिद खान जैसे अफगान स्पिनरों का सामना करना पाक बल्लेबाजों के लिए बेहद कठिन रहेगा। ह्ल इस पूर्व क्रिकेटर ने अफगानिस्तान के स्पिन आक्रमण को मौजूदा समय में विश्व का सर्वश्रेष्ठ स्पिन आक्रमण बताया है। रमीज ने कहा, ह्यपाक के लिए हालात को अपने पक्ष में करना कठिन होगा। इस मैच में कुछ भी हो सकता है। यदि यह स्पिन विकेट रहता है तो मेरी राय में अफगानिस्तान पसंदीदा टीम के तौर पर उभरेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### खराब बल्लेजाजी के लिए इमाद ने बाबर आजम पर निशाना साधा



नई दिल्ली, एजेंसी। पाकिस्तान टीम से बाहर चल रहे ऑलराउंडर इमाद वसीम ने एकदिवसीय विश्वकप क्रिकेट में खराब बल्लेबाजी के लिए कप्तान बाबर आजम पर निशाना साधा है। पाक को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मिली हार के बाद से ही इमाद को बाबर पर हमले का अच्छा अवसर मिल गया है। बाबर एकदिवसीय प्रारुप में विश्व के नंबर-1 बल्लेबाज होने के बाद भी अब तक विफल रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच में बाबर केवल 18 रन ही बना पाये। इस कारण टीम को 62 रन से हार का सामना करना पड़ा। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया ने पहले खेलते हुए 367 रन बनाये थे। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की टीम 305 रन ही बना सकी। इमाद ने बाबर की खराब बल्लेबाजी को लेकर उनकी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि विश्व कप जैसे बड़े टूनार्मेंट में आपके ऊपर दबाव होता है पर यहां आप अपने को साबित भी कर सकते हैं। बाबर ने पिछली बार 2019 विश्वकप में न्यूजीलैंड के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था। इसके बाद वे टीम को बड़े मैच में जीत नहीं दिला पाये हैं। इमाद ने कहा कि बाबर का मैं विरोध नहीं कर रहा पर ये वास्तविकता है कि वे पिछले 4 साल से टीम को बड़े मैच में जीत नहीं दिला पाये हैं। उन्होंने कहा कि नंबर-1 बल्लेबाज होने के नाते कप्तान की जिम्मेदारी मैच जिताने की है, लेकिन अगर वह ऐसा नहीं करेंगे, तो सवाल उठेंगे ही. उन्हें टीम की जरूरत के मुताबिक बल्लेबाजी करने की जरूरत है। उनमें गेंदबाजों पर हावी होने की क्षमता है पर वे अब तक ऐसा कुछ भी नहीं कर पाये हैं। बाबर ने विश्व कप 2023 में इस बार एक मैच में भारत के खिलाफ 50 रन बनाए थे. लेकिन वे अन्य 3 मैच में कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर सके। उन्होंने अब तक 4 मैच में 21 की औसत से मात्र 83 रन बनाए हैं। उनका स्ट्राइक रेट सिर्फ 79 का है।

### डेविड वार्नर ने अपनी सफलता का श्रेय आईपीएल को दिया




बेंगलुरु, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया को विश्व कप मैच में पाकिस्तान पर जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने अपनी सफलता का श्रेय आईपीएल को दिया। वार्नर ने पाकिस्तान के खिलाफ 124 गेंद पर 163 रन बनाए। उन्होंने अपने सलामी जोड़ीदार मिशेल मार्श के साथ पहले विकेट के लिए 259 रन की साझेदारी की जिससे ऑस्ट्रेलिया ने यह मैच 62 रन से जीता। बल्लेबाज वार्नर ने कहा, मैंने अपने करियर के शुरूआती दिनों में ही यह तय कर लिया था कि 50 ओवर काफी लंबा समय होता है। मैं 35 ओवर क्रीज पर टिके रहने का प्रयास करता हूं और उसके बाद अपनी पारी की गति बदलने की कोशिश करता हूं। उन्होंने कहा, ह्यमुझे लगता है कि टी20 क्रिकेट विशेष कर आईपीएल से मैंने ऐसा करना सीखा है। जब मैं सनराइजर्स हैदराबाद की तरफ से खेलता था, तब तब मैंने काफी कुछ सीखा। वार्नर ने अपने पहले 50 न 41 गेंद पर, अगले 50 रन 44 गेंद पर और आखिरी 63 रन केवल 39 गेंद पर बनाए। वार्नर ने कहा, ह्यटेस्ट क्रिकेट खेलकर आप अपनी पारी की गति आसानी से बदल सकते हैं। इसकारण पहले 10 ओवर में जब दो नई गेंद होती हैं तब आपको उन्हें सम्मान देना होगा। यहां से आप अपने लिए मंच तैयार करते हैं और अगर आप खुद को समय देते हैं तो बड़ी पारी खेल सकते हैं। पाकिस्तान के खिलाफ वनडे में लगातार चौथा शतक लगाने के बारे में वार्नर ने कहा, ह्यमेरा मानना है कि कभी आप किसी खास टीम के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करते हैं।

# दक्षिण अफ्रीका ने इस बार विश्वकप में बनाये हैं कई रिकार्ड



मुम्बई, एजेंसी। विश्वकप में इस बार दक्षिण अफ्रीका का प्रदर्शन शानदार रहा है। उसने विश्वकप में सबसे अधिक रनों का रिकार्ड भी अपने नाम किया है। दक्षिण अफ्रीका ने अपने सभी मैचों में तेजी से रन बनाये हैं। उसने इंग्लैंड के खिलाफ मैच के दौरान अंतिम 10 ओवरों में 143 रन जोड़े। दक्षिण अफ्रीका की टीम इस प्रकार एकदिवसीय प्रारुप में अंतिम 10 ओवरों में सबसे ज्यादा सात बार 140 से ज्यादा रन बनाने वाली अकेली टीम बन गयी है। वहीं जिम्बाब्वे एकमात्र टीम है जिसने 4 बार आखिरी 10 ओवरों में 140 या इससे ज्यादा रन गेंदबाजी करते हुए दिए हैं।


वहीं क्रिकेट विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका की टीम रिकॉर्ड 6 बार 200 से ज्यादा रनों से मुकाबला जीत चुकी है। दूसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया है जिसने पांच बार यह कारनामा कर दिखाया है। श्रीलंका ने 2, इंग्लैंड, भारत, पाकिस्तान, और वेस्टइंडीज ने 1-1 बार यह कारनामा किया है। क्रिकेट विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका ने रनों के मामले में दूसरी सबसे बड़ी जीत हासिल की है। इससे पहले 2015 क्रिकेट विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका ने विस्टइंडीज को रिकॉर्ड 257 रनों से हराया था। वहीं इंग्लैंड की टीम 229 रनों से हार के साथ इस सूची में दूसरे स्थान पर है। दक्षिण अफ्रीका ने इसी तरह 2011 विश्व कप में बांग्लादेश को भी मीरपुर के मैदान पर 206 रन से हराया था।

इंग्लैंड के खिलाफ मैच के दौरान हेनरिक क्लासेन ने विश्व कप का छठा सबसे तेज शतक भी लगाया।




ब्रिटेन में महिला फुटबॉल लीग में भाग लेती हुई एस्टन विला और टोटेनहेम की टीमें।

# बटलर ने माना , विश्वकप के सेमीफाइनल में इंग्लैंड का पहुंचना हुआ मुश्किल



मुंबई, एजेंसी। इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर विश्व कप लीग मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका के हाथों मिली करारी हार के बाद खासे निराश नजर आये। इंग्लैंड को इस मैच में 229 रनों से हार का सामना करना पड़ा था। इस मैच में दक्षिण अफ्रीका ने 7 विकेट पर 399 रन बनाने के बाद इंग्लैंड को 170 रनों पर ही आउट कर दिया था। इसके बाद बटनर ने कहा कि अब हमारी टीम का सेमीफाइनल में पहुंचना बेहद कठिन हो गया है।

बटलर ने कहा कि यह ऐसी हार है जिसे स्वीकार नहीं किया जा सकता है। साथ ही कहा कि अफगानिस्तान से मिली हार से टीम का मनोबल घटा था जिससे हमें नुकसान हुआ। हमने इस मैच में काफी प्रयास किया वास्तव में कड़ी मेहनत की और हमें सब ठीक होने की उम्मीद थी पर यह हो न सका। बटलर ने एकदिवसीय में अपनी टीम की अब तक की सबसे बड़ी हार के बाद कहा कि यह हमारे लिए अंतिम चार तक पहुंचना बेहद कठिन हो गया है हम हालांकि आने वाले मैचों में जीत के लिए पूरी ताकत लगा देंगे।

बटलर ने कहा कि निश्चित रूप से हम मुश्किल परिस्थिति में है। यहां से अब गलती की कोई गुंजाइश नहीं है। यह अविश्वसनीय रूप से कठिन होने वाला है पर हम एक ईकाई के रुप में खेलकर फिर से आगे बढ़ सकते हैं।

गौरतब है कि ये हार इंग्लैंड के लिए विश्व कप की सबसे बड़ी हार थी। वहीं सबसे बड़ी हार वेस्टइंडीज के नाम दर्ज है। उसे 2015 विश्व कप के दौरान सिडनी के मैदान पर 257 रन से हार का सामना करना पड़ा था। वेस्टइंडीज टीम इस बार विश्व कप के लिए क्वालीफाई भी नहीं कर जाने के कारण दस टीमों में शामिल नहीं है।

# क्लासेन ने आक्रामक प्रतिक्रिया के लिए बुड सहित इंग्लैंड टीम से माफी मांगी



मुम्बई, एजेंसी। दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन ने इंग्लैंड के खिलाफ विश्वकप मुकाबले में शतक के बाद आक्रामक प्रतिक्रिया देने के लिए माफी मांगी है। क्लासेन ने इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड की गेंद पर पहले चौका और फिर छक्का लगाकर अपना शतक पूरा किया था। इसके बाद अतिउत्साह में इस बल्लेबाज ने तेज गेंदबाज मार्क वुड के एकदम सामने आक्रामक प्रतिक्रिया दी। क्लासेन ने हालांकि अपनी गलती को स्वीकार करते हुए तत्काल ही वुड से माफी भी मांगी।

मैच के बाद क्लासेन ने कहा, ह्यमैंने गेंदबाज से कुछ भी नहीं कहा था। मैंने इस घटना के बाद और मैच के बाद वुड से इसके लिए माफी भी मांगी। उसकी गेंद मेरे पैर पर दो बार लगी थी जिसका दर्द अभी भी हो रहा है। यह सब कुछ मैंने भावना में बहकर किया। इसके लिए मैं उससे और इंग्लैंड की टीम से माफी मांगता हूं। ये सही है कि कभी-कभी भावना पर नियंत्रण करना कठिन हो जाता है, इसी कारण मैंने वुड से उसी समय माफी मांगी और मैच के बाद भी उनसे बात की।ह्ल

वहीं इंग्लैंड के कप्तान बटलर ने भी कहा कि क्लासेन का जश्न का अंदाज केवल तात्कालिक प्रतिक्रिया थी और उसने माफी भी तत्काल मांग ली थी। इसलिए हमें उनसे और दक्षिण अफ्रीकी टीम से कोई नाराजगी नहीं है। इस मैच में हार से इंग्लैंड टीम को सेमीफाइनल के लिए बच हुए पांच मैचों में से सभी में या कम से कम चार को जीतना होगा। टूनार्मेंट में दो अंकों के साथ इंग्लैंड इस समय अंकतालिका में नौवें स्थान पर है।

# डेनमार्क ओपन से बाहर हुई सिंधु , मारिन ने सेमीफाइनल में हराया



ओडेंसे, एजेंसी। भारत की महिला बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु डेनमार्क ओपन सुपर 750 टूनार्मेंट के सेमीफाइनल में हार के साथ ही बाहर हो गयी हैं। ओलंपिक पदक विजेता सिंधु को सेमीफाइनल में स्पेन की अपनी चिर प्रतिद्वंद्वी केरोलिना मारिन के हाथों हार का सामना करना पड़ा है। मारिन ने 3 गेम में तक चले इस मुकाबले को 18-21, 21-19, 7-21 से जीता। यह मुकाबला एक घंटे 13 मिनट तक चला। मैच के दौरान दोनों खिलाड़ियों को एक दूसरे पर टिप्पणी के कारण अंपायर ने पीले कार्ड भी दिखाये

सिंधु ने इससे पहले क्वार्टर फाइनल में थाईलैंड की सुपानिडा काटेथोंग को हराया था। सिंधु पिछले सप्ताह फिनलैंड में आर्कटिक ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूनार्मेंट के सेमीफाइनल में भी पहुंची थी पर वह इससे आगे नहीं बढ़ पायीं। ये सिंधु की मारिन के हाथों यहां लगातार पांचवीं हार है। इससे पहले उन्हें उन्हें 2016 में रियो ओलंपिक के फाइनल और 2018 में विश्व चैंपियनशिप के खिताबी मुकाबले में भी हार का भी सामना करना पड़ा था।

सिंधु और मारिन को एकदूसरे पर टिप्पणी के लिए अंपायर ने कई बार चेतावनी दी पर अंत में नहीं मानने पर पीला कार्ड दिखाया। अंपायर ने उन्हें अंक हासिल करने पर जश्न मनाने का तरीका बदलने को भी कहा।

# इंग्लैंड के तेज गेंदबाज टॉप्ली चोटिल हुए , विश्वकप से बाहर होने का खतरा




नई दिल्ली, एजेंसी। इंग्लैंड क्रिकेट टीम के लिए इस बार विश्वकप अब तक खराब साबित हुआ है। पिछले बार की विजेता को लगातार हार का सामना करना पड़ रहा है। इंग्लैंड टीम 4 में से अब तक सिर्फ 1 मुकाबला ही जीती है। अफगानिस्तान के खिलाफ तो उसे करारी हार मिली। उसके बाद दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भी टीम को हार का सामना करना पड़ा है। अब टीम के एक तेज गेंदबाज रीस टॉप्ली के चोटिल होने से भी उसकी मुश्किलें बढ़ है। टॉप्ली का अब आगे खेलना संदिग्ध लग रहा है।

टीम के कोच मैथ्यू मॉट ने कहा, हम टॉप्ली की उंगुली की चोट का आंकलन कर रहे हैं। उसकी उंगुली में थोड़ी क्रैक आई हुई है। इसलिए उनका खेलना थोड़ा मुश्किल लग आ रहा है। टॉप्ली अगर विश्व कप से बाहर हो जाते हैं तो कौन सा खिलाड़ी शामिल किया जाएगा। ये भी अभी तय नहीं है। तेज गेंदबाज जोफ्रा ऑर्चर को लेकर बात हो रही थी पर मैथ्यू मॉट ने कहा है कि जोफ्रा टॉपली की जगह नहीं लेंगे। टॉप्ली अगर बाहर होते हैं तो ये टीम के लिए करारा झटका होगा। इस तेज गेंदबाज के लिए यह विश्व कप अब तक काफी अच्छा रहा है। उन्होंने इंग्लैंड के लिए अब तक 3 मैच खेले. जिसमें उन्हें आठ विकेट मिले। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले ही मैच में उन्होंने 3 विकेट लिए थे। इसके बावजूद इंग्लैंड की टीम इस मैच में हार गई थी। वहीं माना जा रहा है कि ये गेंदबाज अगर बाहर हुआ तो ब्रायडन कार्स को अवसर मिल सकता है।

# भारत को मिली पेरिस ओलंपिक के लिए महिला हॉकी के क्वालीफायर मुकाबलों की मेजबानी




बेंगलुरु, एजेंसी। अब भारत में महिला हॉकी के ओलंपिक क्वालीफायर मुकाबले होंगे। ये मुकाबले पहले चीन के हांगझोउ में होने थी पर अब अंतरराष्ट्रीय हॉकी परिषद (एफआईएच) ने इनकी मेजबानी भारत को सोंपी है। ये क्वालीफायर मुकाबले अब झारखंड की राजधानी रांची में होंगे। एफआईएच ने चीन की महिला टीम के ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई करने के बाद स्थल की मेजबानी में बदलाव किया। अब ये प्रतियोगिता रांची में 13 से 19 जनवरी के बीच मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में होगी। इसमें भारत के अलावा, सात देशों की टीमें भाग लेंगी। ओलंपिक खेल पेरिस में 2024 में होंगे। भारत में होने वाले क्वालीफायर मुकाबले की शीर्ष की तीन टीमों को ओलंपिक के लिए प्रवेश मिलेगा।

हॉकी इंडिया के अनुसार अन्य तीन एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर पुरुष टीम मुकाबले 15 से 24 जनवरी तक ओमान के मस्कट और महिला और पुरुष टीम मैच 13 से 21 जनवरी तक स्पेन के वालेंसिया में होंगे। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि रांची में क्वालीफायर मैचों की मेजबानी मिलना हमारे लिए सम्मान की बात है। वहीं हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप टिर्की ने कहा कि हमें खुशी है कि एफआईएच ने महिला एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर की मेजबानी के लिए भारत के प्रस्ताव को मंजूर कर लिया है। यह हमारे खिलाड़ियों के लिए एक बड़ा अवसर है। घरेलू दर्शकों के सामने उनका प्रदर्शन निसंदेह उत्कृष्ट होगा जो पेरिस 2024 ओलंपिक में अपना स्थान पक्का करने के दृढ़ संकल्प को बढ़ावा देगा।

# सचिन , वॉन सहित कई दिग्गजों ने की क्लासेन की तारीफ



मुंबई, एजेंसी। महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के अलावा इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइवल वान सहित कई दिग्गजों ने दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन की जमकर प्रशंसा की है। सचिन ने इंग्लैंड के खिलाफ खेली क्लासेन की पारी को क्लास नाम दिया। क्लासेन की 67 गेंदों में 109 रनों की आक्रामक पारी सहायता से दक्षिण अफ्रीका ने इंग्लैंड पर बड़ी जीत दर्ज की है। इंग्लैंड के खिलाफ मैच में क्लासेन ने केवल 67 गेंदों में ही 109 रन बना दिये। इस बल्लेबाजी ने अपनी पारी में 12 चौके और चार छक्के लगाये। वहीं मार्को जानसन ने भी 42 गेंदों में 75 जबकि रीजा हेंड्रिक्स ने 75 गेंदों में 85 रन बनाये। इसके अलावा रासी वान डेर डुसेन ने 61 गेंदों में 60 रन बनाकर स्कोर 50 ओवरों में सात विकेट पर 399 रनों तक पहुंचाया।

सचिन ने हेनरिक की पारी देखने के बाद सोशल मीडिया में लिखा, क्लासेन का क्लास एक्ट ! वह शुरूआत में लेंथ पहचानने में बहुत अच्छे हैं और बाकी खिलाड़ियों से बेहतर तरीके से गेंद को भांपते हैं। शुरूआत में, मार्को ने समझदारी से खेला और बाद में जबरदस्त आक्रमण किया। वहीं पूर्व भारतीय ऑलराउंडर इरफान पठान ने भी क्लासेन को सफेद गेंद क्रिकेट में विशेष खिलाड़ी कहा। इसी तरह इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने भी क्लासेन को दुनिया का सर्वश्रेष्ठ मध्यक्रम बल्लेबाज कहा। वॉन ने ट्वीट किया कि इन दिनों हेनरिक क्लासेन दुनिया के सर्वश्रेष्ठ मध्यक्रम के सफेद गेंद बल्लेबाज हैं जोकि 4 से 6 नंबर के बीच बल्लेबाजी करते हैं।

# इम्युनिटी बढ़ाने वाला काढ़ा


**अपने कमजोर इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने के लिए कई घरेलू तरीके कारगर हो सकते हैं. कोरोना काल और मानसून की दस्तक के साथ इम्यून सिस्टम मजबूत करने की बात सबसे ज्यादा हो रही है. इस मौसम में बैक्टीरिया संक्रमण जल्दी होता है. ऐसे में अपने कमजोर इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने के लिए कई घरेलू तरीके कारगर हो सकते हैं.**

इम्युनिटी बढ़ाने वाले काढ़े की एक ऐसी आसान रेसिपी यहां साझा कर रहे हैं जो घर में आसानी से तैयार हो सकता है.

इसके लिए किचन में मौजूद आम मसालों जैसे इलाइची (हरी या काली), कच्ची हल्दी (ताजी हल्दी), लौंग, काली मिर्च, तुलसी, दाल चीनी, अदरक और मुन्नका की जरूरत होती है. काढ़ा बनाने के लिए हल्दी और अदरक को छील लें और उन्हें अच्छी तरह कूट लें. पानी को उबलने के लिए रख दें. इसके बाद इसमें सभी मसाले डालें और इसे 20-30 मिनट तक उबलने दें. करीब आधे घंटे बाद जब इसका रंग पीला हो जाए तो इसमें शहद या गुड़ डाल लें. इस काढ़े का सेवन नियमित रूप से करें.

कमाल की बात ये है कि यह काढ़ा न केवल रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है बल्कि एंटी इंम्लेमेटरी गुणों वाला है और एंटीऑक्सिडेंट का काम करता है. लिहाजा यह गले में खराश और ठंड से भी राहत दिलाता है.





# बारिश में ऐसा रखें अपना ख्याल

**मौसम के हर बदलाव के साथ, अपने आहार में बदलाव लाना जरूरी है. खासकर मानसून में खान पान का बेहद खास ख्याल रखना होता है क्योंकि इस मौसम में इंफेक्शन जल्द ही पकड़ लेता है. इसके अलावा इस मौसम में ज्यादा सावधानी बरतने की जरुरत इसलिए भी है क्योंकि कोरोना का आतंक चारों तरफ छाया हुआ है. कई लोगों को मानसून डाइट के बारे में ज्यादा मालूम नहीं होता है इसलिए वो कुछ भी अनाप शनाप खा लेते हैं. नतीजन फूड प्वाइजनिंग और डायरिया जैसी समस्याएं होने लगती है. अच्छी सेहत और मजबूत इम्यूनिटी के लिए बारिश के मौसम में आपको कई ऐसे खाद्य पदार्थ खाने चाहिए, जो आपकी इम्यूनिटी को बढ़ावा दें और इंफेक्शन, संक्रमण को दूर रखने में मदद करें. साथ ही यह भी जानें कि मॉनसून में क्या खाना चाहिए और क्या नहीं खाना चाहिए.**

### बदल दीजिए सलाद का तरीका

आमतौर पर हम कच्चे फलों और सब्जियों की सलाद खाना पसंद करते हैं. लेकिन बरसात के मौसम में अपने इस शौक को थोड़ा-सा बदल लेना चाहिए. बरसात के समय में सलाद को उबालकर बनाना चाहिए. आप जिन कच्चे फल या सब्जियों की सलाद खाना चाहते हैं, उन्हें अच्छी तरह धुलकर बॉइल कर लें. इसके बाद अपने मन-पसंद तरीके से इनकी सैलेड तैयार करें. मानसून के मौसम में दूषित पानी पीने से बीमारियां सबसे ज्यादा होती हैं. जल में मौजूद बैक्टीरिया हमारे शरीर में पहुंच कर डाइजेस्टिव सिस्टम पर असर डालते हैं, जिससे लिक्विड भी ठीक से पच नहीं पाता. इसलिए फिल्टर्ड पानी या उबला हुआ पानी इस्तेमाल करना बेहतर है.

### साबुत सूखे अनाज खाएं

गेहूं, मक्का, जौ जैसे साबुत सूखे अनाज और दालों को अपनी डाइट में शामिल करना हेल्थ के लिए अच्छा है. इस मौसम में आसानी से मिलने वाले भुने भुट्टे के सेवन से पर्याप्त फाइबर मिलता है, जो शरीर की इयूनिटी बढ़ाता है. इसके अलावा अपने आहार में सूखे मेवों को शामिल करना फायदेमंद है.

### सब्जियां

मॉनसून हरी पत्तेदार सब्जियां खाने का समय नहीं है. करेला, लौकी, कद्दू, शकरकंद, जिमीकंद, आदि ऐसी सब्जियां हैं।



# बच्चों को इन चीजों से रखें दूर

**मानसून भला किसे अच्छा नहीं लगता हर कोई बारिश में भीगना पसंद करता है. अगर बात की जाए बच्चों की तो उनके लिए बारिश कुछ ज्यादा ही खास होती है. बारिश के मौसम में बच्चों को इन खाने वाली चीजों से रखें दूर, वरना उठानी पड़ेगी परेशानी बच्चों को बारिश में ना खिलाएं ये चीजें...**

**खाने-पीने का रखें इस तरह से ख्याल :** बरसात के मौसम में कई तरह के बीमारियां और संक्रमण फैलने का खतरा बना रहता है. अपनी सुरक्षा के साथ ही बच्चों की सेहत पर ध्यान देना बेहद जरूरी है. खास तौर पर बच्चों के खाने-पीने की चीजों पर नजर रखना अहम है. ऐसे में हम आपको बता रहें हैं उन खाने की चीजों के बारे में जो बरसात के इस मौसम में बच्चों के लिए खतरनाक हैं.

**हरी पत्तेदार सब्जियां :** बारिश के मौसम में हरी सब्जियों में बैक्टीरिया और कीड़े लगे होते हैं. जिसे खाने से पेट दर्द और अन्य शिकायते हो सकती हैं. पत्तेदार सब्जियों की जगह आप गेहूं, ओट्स, चावल, करी आदि खिला सकती हैं.

**चाइनीज फूड :** चाइनीज फूड से भी बच्चों को बरसात के मौसम में दूर रखें. इसमें कई तरह के ऐसे हर्बस होते हैं जो बच्चों को नुकसान पहुंचा सकता हैं.

**चाट :** बरसाती मौसम में चाट और पकोड़े भी खाना हानिकारक होता है. बरसात के मौसम में बच्चे ऐसे फूड पचा नहीं पाते. चाट की वजह से बच्चों को पानी जनित बीमारियां जैसे कि पीलिया, हैजा और दस्त आदि हो सकता है.

**दही :** दही खाने से शरीर को ठंडक मिलती है जो कि खांसी, जुकाम और गले में खराश जैसे संक्रमणों को बुलावा दे सकती है. अगर समय पर इसका इलाज न किया जाए तो अन्य बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है.

# काजू के गजब फायदे

**सूखे मेवों में काजू सबसे स्वादिष्ट मेवा है, जिसका प्रयोग सब्जी की ग्रेवी, विभिन्न पकवान और खास तौर से काजू कतली बनाने के लिए किया जाता है। सिर्फ स्वाद ही नहीं, काजू सेहत और सौंदर्य के यह खास फायदे भी देता है। जरूर जानिए -**

- सूखे मेवे यूं भी काफी फायदेमंद होते हैं। इनमें काजू खास तौर से आपको ऊर्जा देने में मदद करता है और इसे प्रोटीन एवं विटामिन बी का एक बेहतरीन स्त्रोत माना जाता है।
- इसमें भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं जो दिमाग के साथ-साथ त्वचा के लिए भी बेहद फायदेमंद होते हैं। यह आपकी त्वचा में चमक लाएगा और तनाव से भी आपको बचाएगा।
- इसमें मोनो सैचुराइड्स होते हैं, जो हड्डियों के साथ-साथ दिल को भी स्वस्थ एवं तंदुरुस्त रखने में मददगार होते हैं। काजू कोलेस्ट्रॉल को कम करने में भी फायदेमंद है।
- काजू आयरन का अच्छा विकल्प है। यह आयरन की कमी को पूरा करने के साथ ही रक्त की कमी को भी दूर करता है। एनीमिया के मरीजों के लिए काजू फायदेमंद है।
- ठंडी तासीर वालों के लिए काजू ज्यादा फायदेमंद है क्योंकि काजू की तासीर गर्म होती है। यह शक्तिवर्धक एवं वीर्यवर्धक होता है।





# गेहूं की खास किस्म विकसित
## जो शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाएगी

**ये है खास इस गेहूं में कमाल की बात ये है कि यह रिसर्च हमारे देश में ही हुई है. बीएचयू के कृषि विज्ञान संस्थान में हार्वेस्ट प्लस प्रोजेक्ट के तहत तैयार की गई गेहूं की तीन किस्मों बीएचयू -25, बीएचयू -31 और बीएचयू-35 में सामान्य गेहूं की तुलना में 60 फीसदी ज्यादा जिंक है. इसमें 45-50 पीपीएम (पार्ट पर मिलियन) जिंक तत्व मौजूद है. लिहाजा अपनी प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने के लिए हर कोई अनार जैसी ज्यादा जिंक वाली चीजें भले ही न खरीद सकता हो लेकिन गेहूं तो ले ही सकता है. जाहिर है इससे बनी रोटी ही उसके लिए बहुत फायदेमंद साबित हो जाएगी.**

### कई बीमारियों से बचने में मिलेगी मदद

हार्वेस्ट प्लस प्रोजेक्ट के समन्वयक व बीएचयू के कृषि विज्ञानी प्रो. वी के मिश्रा के मुताबिक, इस आटे की रोटी खाने में कोरोना वायरस से लड़ने में मदद मिलेगी. इसके अलावा कुपोषण समेत कई अन्य रोगों से भी राहत मिलेगी. संस्थान के दूसरे कृषि विज्ञानी प्रो.पी.के.सिंह कहते हैं, इस प्रजाति के गेहूं का घर में इस्तेमाल कर रहे कई छोटे और मझोले किसानों को हैजा, डायरिया और अन्य वायरस-बैक्टीरियल रोगों से निजात मिल रही है. चूंकि रोटी हमारे भोजन का 40 फीसदी हिस्सा है और यह रोज खाई जाती है. लिहाजा केवल इस गेहूं के सेवन से ही कई समस्याओं से आसानी से निजात मिल जाएगी. फिलहाल लगभग दो सौ किसान ही साल भर में इस तरह के एक हजार क्विंटल गेहूं का उत्पादन कर रहे हैं. उमीद है कि आने वाले समय में इसमें निवेश और उपज बढ़ेगी.



# बंद नाक से तुरंत राहत देंगे ये उपाय



**शायद ही ऐसा कोई हो जिसे कभी बंद नाक की समस्या का सामना नहीं करना पड़ा हो। ये समस्या सर्दी-जुकाम होने पर और ब जाती है। अगर आप भी बंद नाक की समस्या से परेशान हो रहे हैं तो आइए, जानते है बंद नाक खोलने के उपाय -**

- **भाप लेना** – इसके लिए आपको गर्म पानी में खुशबूदार तेल की कुछ बूंदे डालनी हैं। इसके अलावा आप इसमें अयोडीन की कुछ बूंदें या फिर विक्स कैप्सूल भी डाल सकते हैं। अब इस गर्म पानी के बर्तन की ओर चेहरा करके भाप लें। यह नाक खोलने के साथ ही सर्दी में आराम देगा।
- बंद नाक खोलने का एक और आसान सा तरीका है एक छोटा सा व्यायाम। जी हां, इसके लिए आपको अपनी नाक बंद करके सिर को पीछे की तरह झुकाना है और कुछ समय के लिए सांस को रोककर रखना है। नाक खोलकर सांस लेने में आसानी होगी।
- **गरम पानी** – अगर आप सहज हैं तो इसके लिए अपना सिर पीछे की ओर झुकाएं और किसी ड्रॉपर की मदद से हल्के गर्म या गुनगुने पानी की कुछ बूंदे नाक के छिद्रों में डालें। कुछ ही देर में वापस सिर आगे कर लें और इस पानी को निकाल दें।
- **नारियल तेल** – नारियल तेल बंद नाक को खोलने का एक बेहतरीन उपाय है। जब भी कभी आपकी नाक बंद हो जाए, तो आप नारियल तेल अंगुली से नाक के अंदर तक लगाएं। या फिर नरियल तेल की कुछ बूंदे नाक में डालें और फिर गहरी सांस लें। कुछ ही देर में आपकी नाक खुल जाएगी। ध्यान रहे की नारियल तेल पिघला हुआ हो।
- कपूर की महक भी बंद नाक को खोलने का अच्छा तरीका है। आप चाहें तो इसे नारियल तेल के साथ मिलाकर सूंघ सकते हैं, या फिर सादा कपूर सूंघना भी आपको फायदा देगा। इसके अलावा नाक को गर्माहट देकर भी बंद नाक को आसानी से खोल जा सकता है।

# ब्लीच करने से पहले जरूर ध्यान रखें



- चेहरे को साफ-सुथरा व कांतिमय बनाने के लिए ब्लीच एक बेहतर विकल्प है। ब्लीच आपकी त्वचा के अनचाहे बालों को छिपाने के साथ ही त्वचा में सोने सा निखार भी लाता है।
- ब्लीच का इस्तेमाल हाथ, पैर व पेट पर भी वेक्स के विकल्प के रूप में किया जा सकता है।
- ध्यान रहे ब्लीच में अमोनिया की मात्रा निर्देशानुसार ही मिलाए। इसमें अमोनिया की अधिक मात्रा आपके चेहरे को नुकसान पहुंचा सकती है।
- इसे लगाते समय बस इस बात का जरूर ध्यान रखें कि यदि यह आंखों के ऊपर लग गया तो बहुत अधिक नुकसानदेह हो सकता है। बेहतर होगा कि आप इसे आंखों व आई ब्रो पर नहीं लगाएं।
- आजकल बाजार में कई प्रकार की कंपनियों के ब्लीच उपलब्ध हैं, जिनके ट्रायल पैक का इस्तेमाल कर आप उन्हें अपनी स्कीन पर आजमा सकती है।
- बॉक्स पर दिए गए निर्देशानुसार ही ब्लीच क्रीम में अमोनिया पावडर की मात्रा डालें।
- क्रीम और पावडर के इस मिश्रण को पहले कोहनी पर या अन्य जगह पर लगाकर देखें।
- त्वचा में अधिक जलन होने पर मिश्रण में क्रीम की मात्रा बढ़ाएं।

# लचीलेपन के लिए करें यह एक्सरसाइज



**लचीलेपन से शारीरिक ऊर्जा बनी रहती है। इससे व्यक्ति हमेशा फुर्तीला बना रहता है, साथ ही बॉडी फिट भी रहती है। यदि आप भी चाहते हैं कि आपकी बॉडी लचीली बनी रहे तो इन एक्सरसाइज को अपनी दिनचर्या में जरूर शामिल करें।**

अपनी दैनिक आदतों में बॉडी को स्ट्रेच करने की आदत डाल लें। यह आदत शरीर को ऊर्जा प्रदान करेगी और आपको लचीला बनाएगी। सुबह के समय बिस्तर पर किया गया बॉडी स्ट्रेच फायदेमंद होता है। इसको आप सोने से पहले भी कर सकते हैं। सूर्य नमस्कार के द्वारा आपका शरीर लचीला तो होता ही है, साथ ही साथ इसके नियमित अेयास से त्वचा रोग समाप्त हो जाते हैं अथवा इनके होने की संभावना समाप्त हो जाती है। इस अेयास से कब्ज आदि उदर रोग समाप्त हो जाते हैं और पाचन तंत्र की क्रियाशीलता में वृद्धि हो जाती है। धनुरासन के नियमित अेयास से शरीर लचीला बनाता है, साथ ही पेट से जुड़ीं कई समस्याएं दूर हो सकती हैं। कपालभाति और भस्त्रिका के साथ ही अनुलोम-विलोम करें। खड़े होकर किए जाने वाले योगासनों में त्रिकोणासन, कटिचक्रासन, ताड़ासन, अर्द्धचंद्रासन और पादपश्चिमोत्तनासन करें।

# शरीर को अंदर से साफ करें मूली

**मूली विभिन्न आकार में सफेद, लाल, बैंगनी या काले रंग की होती है। यह लंबी और बेलनाकार या गोल हो सकती है। यह कच्ची या पका कर खाई जाती है। अधिकतर लोग सलाद के रूप में मूली का सेवन करते है वहीं कुछ लोग मूली के पराठे खाना भी पसंद करते है मूली सेहत के लिए काफी फायदेमंद होती है आज हम आपको मूली के जूस के फायदे के बारे में बताएंगे।**



बदलते मौसम में लोगो को खांसी, जुकाम ज्यादा परेशान करता है ऐसे में इससे छुटकारा पाने के लिए दवां का सेवन किया जाता है लेकिन यदि मूली के जूस को अपनी डाइट में शामिल किया जाएं तो आप खांसी जुकाम से दूर रह सकते है। पेट संबंधी समस्या या पाचन संबंधी परेशानी में मूली का सेवन काफी बेहतर होता है मूली के जूस के सेवन से पाचन बेहतर होता है और रोग प्रतिरोधक क्षमता भी मजबूत होती है हाई ब्लड प्रेशर की समस्या है तो ठंड के मौसम में प्रति दिन मूली के जूस का सेवन करना चाहिए इसमें प्राकृतिक रूप से ऐसे गुण मौजूद होते है जो रक्त के प्रवाह को संतुलित रखते है। मूली का जूस शरीर को अंदर से साफ करने में भी मदद करता है इससे हानिकारक विषाक्त पदार्थो और रोगाणुओं को बाहर निकालने में मदद मिल सकती है सबसे पहले मूली को छील लें इसे जूसर में डालकर इसका जूस तैयार कर लें और इसका सेवन करें।

# गर्भावस्था में कैसे रखें सौंदर्य का ख्याल



**गर्भावस्था के दौरान शरीर के साथ-साथ त्वचा में भी कुछ परिवर्तन होते हैं, जो आपके सौंदर्य को चुरा लेते हैं। ऐसे में कुछ टिप्स अपनाकर आप अपने सौंदर्य को बरकरार रख सकती हैं।**

- इस अवस्था में शरीर को पोषक तत्वों की आवश्यकता अधिक होती है, जिनकी कमी सौंदर्य चुरा सकती है, अत~ स्वास्थ्य और खानपान का विशेष ध्यान रखें। दूध, दही, हरी सब्जियां, दालें आदि शामिल करें।
- आंखों के लिए विटामिन से भरपूर आहार लें, जिससे आंखों के नीचे काले घेरे की समस्या नहीं होगी। इसके अलावा नींद भी पर्याप्त लें।
- इस अवस्था में कैल्शियम की कमी बच्चे के लिए तो नुकसानदायक है ही, आपको भी दांत संबंधी समस्या दे सकती है, अतः डॉक्टर की सलाह के अनुसार कैल्शियम और विटामिन सी जरूर लें।
- पेट, कूल्हे और स्तनों पर स्ट्रैच मार्क्स से बचने के लिए बेबी ऑइल की हल्के हाथों से मालिश करवाएं और शरीर को झुकाने के बजाए सीधा रखें।
- बालों को हानिकारक शैंपू के बजाए, मुल्तानी मिट्टी या रीठा व शिकाकाई से धोएं और दो मुंहे बालों को ट्रिम कराएं।

## आज की रेसिपी
# चटपटा नवरत्न मिक्सचर



**सामग्री :**

काबुली चना आधा कटोरी, चना दाल आधा कटोरी, खड़ी मसूर आधा कटोरी, मूंगफली दाना आधा कटोरी, पोहा तलने वाला एक कटोरी, बारीक सेंव 2 कटोरी, लाल-हरी नमकीन बूंदी 1-1 कटोरी, काजू, किशमिश, हरी मिर्च 4-5 बारीक कटी, पुदीना, धनिया, नारियल चिप्स 50 ग्राम, चाट मसाला 50 ग्राम, नमक स्वादानुसार।

**विधि :**

- काबुली चना, चना दाल, मसूर 5-6 घंटे पानी में गला दें व पानी निथारकर कपड़े पर फैला दें। तेल गरम करें व एक-एक करके सभी सामग्रियों को तल लें। अब कागज पर इन्हें निकाल लें।
- अब अलग से एक कड़ाही में जरा-सा तेल गरम करें व मूंगफली दाना सेंककर निकाल लें। हरी मिर्च तलें, पोदीना, धनिया, काजू, किशमिश व नारियल चिप्स भी तल लें। सभी को कागज पर निकाल लें। सभी सामग्री, चाट मसाला व नमक डालकर ठीक से मिक्स कर लें। लीजिए तैयार है नवरत्न मिक्सचर। यह कई दिनों तक खराब नहीं होने वाला मिक्सचर सबको जरूर पसंद आएगा।